सूर्योदय 7:05 सूर्यास्त 6:07

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.0 न्यू | 19.0 अधि |
| धर्मशाला | 10.0 न्यू | 20.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,674.92 |
| निफ्टी | 25,807.20 |

सोना 1,55,650 चांदी 2,59,133

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 13 फरवरी 2026 | 2 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 47, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### बेंगलुरु में इंजीनियर ने की माता-पिता की हत्या

**एजेंसी, बेंगलुरु।** बेंगलुरु में 33 साल के सॉफ्टवेयर इंजिनीयर ने चाकू मारकर अपने माता-पिता की हत्या कर दी। घटना बुधवार सुबह करीब 7:30 बजे की है। आरोपी का नाम रोहन चंद्र भट्ट है। पुलिस के मुताबिक आरोपी रोहन ने स्टार्टअप के लिए माता-पिता से पैसे मांगे थे। मना करने पर उसने दोनों को चाकू से मार डाला। मृतकों की पहचान रिटायर्ड नेवी कैप्टन नवीन चंद्र भट्ट(60) और उनकी पत्नी डॉ. श्यामला भट्ट(55) जो कि पेशे से डेंटिस्ट थीं, के रूप में हुई है। हमले के बाद आरोपी दोनों को मणिपाल अस्पताल लेकर गया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी रोहन को मौके से ही हिरासत में ले लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### देश में भारत बंद का रहा मिला-जुला असर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते और नए लेबर कोड को लेकर उपजा विवाद अब सड़कों पर उतर आया है। विपक्षी दलों, केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और विभिन्न किसान संगठनों की ओर से वीरवार को बुलाए गए 'भारत बंद' का असर देश के कई हिस्सों में देखा जा रहा है। प्रदर्शनकारियों का मानना है कि यह समझौता भारतीय कृषि और स्थानीय व्यापार के हितों के खिलाफ है। विपक्षी दलों और किसान संगठनों की केंद्र सरकार से श्रम कोड, बिजली बिल-2025, बीज बिल और वीबी-जी-राम-जी एक्ट, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, न्यूनतम वेतन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की वापसी सहित अन्य मांगे शामिल हैं। इस हड़ताल का सबसे ज्यादा असर बैंकिंग, परिवहन और सरकारी सेवाओं पर दिखने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

### दावा: किम जोंग ने बेटी को चुना उत्तराधिकारी

**एजेंसी, सिओल।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपनी 13 साल की बेटी किम जू ऐ को अपना उत्तराधिकारी चुन लिया है। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने वीरवार को सांसदों को दी गई जानकारी में यह दावा किया। दक्षिण कोरिया की नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस ने कहा कि किम जू ऐ की लगातार बढ़ती सार्वजनिक मौजूदगी को देखते हुए यह आकलन किया गया है। नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस ने कहा कि उसने 'कई परिस्थितियों' को ध्यान में रखते हुए यह निष्कर्ष निकाला है। इनमें आधिकारिक कार्यक्रमों में किम जू ऐ की प्रमुख उपस्थिति भी शामिल है। हाल के महीनों में जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आई हैं। सितंबर में बीजिंग दौरे के दौरान भी वह किम जोंग उन के साथ दिखी थीं। यह उनका पहला विदेशी दौरा था, जिसकी जानकारी सामने आई। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- प्रदेश में ट्रेन यूनियनों की हड़ताल का व्यापक असर -पेज 2
- भारत-अमेरिका संबंधों को नई मजबूती देती हैं मुलाकातें: हर्ष -पेज 3
- बिजली संशोधन विधेयक और स्मार्ट मीटर का किया विरोध -पेज 4
- कूड़ा संयंत्र बंगाणा बदहाली का शिकार कचरा निपटान व्यवस्था ठप -पेज 10
- किन्नौर को सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केंद्र पुरस्कार -पेज 12

# हिमाचल में बंद नहीं होगी ओपीएस

## कैबिनेट बैठक में प्रिंसिपल फाइनेंस सेक्रेटरी का यूपीएस अपनाने का फैसला रिजेक्ट

## 1066 पद भरने को मंजूरी, महिला होमगार्ड कर्मियों को 26 हफ्ते का मातृत्व अवकाश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में वीरवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में 1 लाख 35 हजार कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) जारी रखने का फैसला लिया गया। कैबिनेट के निर्णय की जानकारी देते हुए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट (आडीजी) बंद होने के बावजूद सरकार ओपीएस कंटीन्यू करेगी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने नई नौकरियों की भर्ती, हिमकेयर, आयुष्मान और एमआईएस जैसी योजनाएं जारी रखने का निर्णय लिया है। कैबिनेट ने 1066 पदों को भरने की भी स्वीकृति प्रदान की।

चौहान ने कहा कि कैबिनेट ने होमगार्ड महिला कर्मियों को 26 हफ्ते की मेटरनिटी लीव देने की भी मंजूरी प्रदान की है। अब तक होमगार्ड कर्मियों को मेटरनिटी लीव नहीं मिलती थी। कैबिनेट ने स्वास्थ्य विभाग में तीन पद रेडियोग्राफर के भरने की भी मंजूरी प्रदान की। कैबिनेट के इस फैसले के बाद कर्मचारियों और बेरोजगारों ने भी राहत की सांस ली है, क्योंकि बीते रविवार को प्रिंसिपल फाइनेंस सेक्रेटरी देवेश कुमार ने ओपीएस की जगह यूपीएस अपनाने और विभिन्न विभागों में दो साल से खाली पड़े पद समाप्त करने का सुझाव दिया था।

हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि कैबिनेट ने हाईकोर्ट में सफाई कर्मचारियों के 8 पद आउटसोर्स आधार पर भरने व शिक्षा विभाग में 600 पद भरने और शिलाई, चौपाल व घुमारवीं में तीन स्पोर्ट्स हॉस्टल खोलने की मंजूरी दी। स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक सुधार की दिशा में कदम उठाते हुए चिकित्सा महाविद्यालयों, सुपर स्पेशिलिटी अस्पतालों और आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों के आधुनिकीकरण के लिए 1617.40 करोड़ रुपए की परियोजना को मंजूरी दी गई है।

शिमला के कमला नेहरू अस्पताल में मातृ एवं शिशु अस्पताल सुदृढ़ होगा, सुंदरनगर, नूरपुर, ऊना, भोरंज और बिलासपुर के अस्पतालों में पचास बिस्तर वाले आपात चिकित्सा खंड और जिला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाएं स्थापित होंगी।



शिमला में मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

### प्रदेश में अब ई-ऑक्शन होंगे शराब के ठेके

**कैबिनेट** ने शराब ठेकों की ई-ऑक्शन करने का फैसला लिया है। इसके माध्यम से शराब के ठेकों की बोली लगेगी। सरकार को इससे अधिक राजस्व की उम्मीद है। राज्य में पहली बार ई-ऑक्शन के माध्यम से शराब के ठेके नीलाम होंगे। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि कैबिनेट में हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने, आय के साधन बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई है। सभी मंत्रियों को भी अपने-अपने विभाग से जुड़े सुझाव देने को बोला गया है। कैबिनेट ने चर्चा के बाद साफ किया कि किसी भी स्कीम को रोका नहीं जाएगा।

### बजट सत्र के लिए राज्यपाल के अभिभाषण को स्वीकृति

**बैठक** में मंत्रियों ने वित्तीय स्थिति, आगामी बजट सत्र और जनहित योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मंत्रिमंडल ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान राज्यपाल के अभिभाषण को भी स्वीकृति दी। आरडीजी बंद होने से उत्पन्न परिस्थितियों पर विचार करते हुए सर्वदलीय बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया है, ताकि प्रदेश के हितों की रक्षा के लिए साझा रणनीति बनाई जा सके। सरकार ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में राजस्व में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है और आगे भी संसाधन सृजन पर विशेष बल दिया जाएगा।

# चनौर स्कूल में घुसकर मिड-डे मील वर्कर की दराट से हत्या



स्कूल में स्टाफ के बयान कलमबद्ध करने पहुंची पुलिस। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**डाडासीबा/गरली।** कांगड़ा जिले के देहरा उपमंडल के तहत गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल चनौर में वीरवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। स्कूल परिसर के भीतर बच्चों के लिए मिड-डे मील तैयार कर रही 58 वर्षीय सुलोचना देवी की तेजधार दराट से हमला कर निर्मम हत्या कर दी गई। वारदात करीब 12:20 बजे उस समय हुई, जब स्कूल में कक्षाएं चल रही थीं और बच्चे दोपहर के भोजन की तैयारी का इंतजार कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक व्यक्ति अचानक स्कूल में दाखिल हुआ और सीधे उस स्थान पर पहुंचा, जहां सुलोचना देवी भोजन बना रही थीं।

इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, आरोपी ने ताबड़तोड़ वार कर दिए। चीख-पुकार से स्कूल परिसर दहल उठा। शिक्षक और स्टाफ ने तत्काल बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। गंभीर चोटों के चलते सुलोचना देवी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही डाडासीबा पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को घेर लिया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी राकेश कुमार उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर लिया। वारदात में इस्तेमाल दराट भी बरामद कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है तथा हत्या के कारणों की गहन जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि मामले के हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है और कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस जांच में जुटी है और इलाके में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है।

◆ **पुलिस ने हत्यारे को पकड़ा दराट को भी किया बरामद**

# वर्ल्ड बैंक हिमाचल को देगा 1992 करोड़ रुपए का लोन

## आपदा से उबरने के लिए हिमाचल को बड़ी सौगात

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों से लगातार बरसात और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं ने जनजीवन को गहरी चोट पहुंचाई है। पहाड़ दरकने, नदियों के उफान पर आने और सड़कों के टूटने से जहां हजारों परिवार प्रभावित हुए। वहीं, प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर भी भारी दबाव पड़ा। ऐसे कठिन दौर में अब राज्य के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। वर्ल्ड बैंक ने हिमाचल प्रदेश को लगभग 1992 करोड़ रुपए का कर्ज मंजूर किया है, जिससे आपदा के बाद पुनर्निर्माण और जरूरी ढांचे को दोबारा खड़ा करने की प्रक्रिया को रफ्तार मिलेगी।





जानकारी के अनुसार यह वित्तीय सहायता खास तौर पर मानसून के दौरान हुई तबाही के बाद बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर केंद्रित रहेगी। सड़कों, पुलों, स्कूलों और स्थानीय बाजारों को जो व्यापक नुकसान पहुंचा है, उसकी भरपाई के लिए इस राशि का उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा जल आपूर्ति और स्वच्छता सेवाओं को बहाल करने, ग्रामीण और शहरी इलाकों में आधारभूत सुविधाएं सुधारने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि प्रभावित परिवारों को फिर से आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

प्रदेश को वर्ष 2023 और 2025 के मानसून सीजन में भारी नुकसान झेलना पड़ा था। कृषि और बागवानी क्षेत्र, जो राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं, वे भी इस आपदा से बुरी तरह प्रभावित हुए। कई गांवों में पेयजल योजनाएं ठप हो गईं और सफाई व्यवस्था चरमरा गई, जिससे आम लोगों को लंबे समय तक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

प्रदेश सरकार का कहना है कि इस कर्ज राशि का उपयोग पारदर्शी और योजनाबद्ध तरीके से किया जाएगा

# गोकुल बुटेल फिर लेंगे एक रुपए का मानदेय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आर्थिक तंगी के दौर के बीच सादगी और जिम्मेदारी की एक और मिसाल सामने आई है। मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार आईटी गोकुल बुटेल ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में भी केवल एक रुपए का टोकन मानदेय लेने का निर्णय लिया है। उन्होंने सरकार को पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि वह इस वर्ष भी किसी प्रकार का वेतन, टीए-डीए या अन्य भत्ते स्वीकार नहीं करेंगे। उनका कहना है कि प्रदेश की मौजूदा वित्तीय परिस्थितियों को देखते हुए यह कदम नैतिक जिम्मेदारी के तहत उठाया गया है, ताकि जनसेवा की भावना को प्राथमिकता दी जा सके। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी गोकुल बुटेल ने वेतन और भत्तों को त्याग दिया था।



◆ **पिछले साल भी वेतन और भत्ते लेने से कर दिया था इनकार**

दिसंबर 2023 से अब तक उन्होंने अपने खाते से वेतन राशि नहीं निकाली है। उनका यह निर्णय उस समय भी प्रदेश में वित्तीय संकट के मद्देनजर लिया गया था। इसी कड़ी में जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा ने भी मानदेय लेने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के आर्थिक हालात को देखते हुए जनप्रतिनिधियों को भी संवेदनशील रुख अपनाना चाहिए।

# राहुल गांधी के खिलाफ नहीं लाया जाएगा विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव

## भाजपा सांसद ने राहुल की सदस्यता खत्म करने का नोटिस दिया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार राहुल गांधी के खिलाफ सदन में उनकी स्पीच के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस नहीं लाएगी। इस पर प्रियंका गांधी ने कहा कि मोदी ने छाती 56 इंच की नपवाई थी। उनके खिलाफ भी प्रस्ताव आना चाहिए।



हालांकि, बीजेपी राहुल के भाषण से आपत्तिजनक हिस्से हटाने को लेकर अब भी अड़ी हुई है, क्योंकि उन्होंने अब तक अपने आरोपों को लेकर सबूत पेश नहीं किए हैं। बीजेपी के चीफ व्हिप संजय जायसवाल ने राहुल के बजट चर्चा के दौरान कहे गए कुछ अंशों को रिकॉर्ड से हटाने का औपचारिक नोटिस दिया है। वहीं, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने वीरवार को राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा में सब्सटेंसिव मोशन पेश किया है। राहुल पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया है। दुबे ने राहुल की संसद सदस्यता खत्म करने और चुनाव लड़ने पर लाइफटाइम बैन लगाने की मांग की है। वहीं, कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा, हमने स्पीकर के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन लाने के लिए बहुत ज्यादा कोशिश की। सरकार चेयर पर पूरी तरह से दबाव डाल रही है कि विपक्ष के सदस्यों को बोलने का मौका न दिया जाए। राहुल गांधी के खिलाफ प्रिविलेज मोशन लाने पर उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने कौन सा प्रिविलेज तोड़ा है? पिछली बार उन्होंने उनकी मेंबरशिप खत्म कर दी थी। उसके बाद जो हुआ वह यह था कि लोगों ने उन्हें ज्यादा वोट दिए। अगर आप हमें फांसी देना चाहते हैं, तो हम उसके लिए भी तैयार हैं। (अनंत ज्ञान)

### रिजिजू ने एक्स पर डाला स्पीकर के चैंबर का वीडियो

**संसदीय** कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें 4 फरवरी को लोकसभा स्पीकर ओम बिडला के चैंबर में हंगामे का जिक्र है। रिजिजू ने दावा किया है कि विपक्षी सांसदों ने प्रियंका गांधी की मौजूदगी में गालियां दीं। हालांकि, प्रियंका गांधी ने कहा कि गालियां देने वाली बात झूठी है। उन्होंने किसी को नहीं उकसाया। वे चुपचाप थीं। आखिर में केवल शांति से अपनी बात रखी थी।

◆ **विपक्षी सांसदों पर गालियां देने का आरोप**

कानपुर लेम्बोर्गिनी दुर्घटना मामला

# घटना के चार दिन बाद गिरफ्तार अरबपति का बेटा 7 घंटे में छूटा

**एजेंसी, कानपुर**

कानपुर में तेज रफ्तार लेम्बोर्गिनी से 6 लोगों को टक्कर मारने वाले अरबपति कारोबारी का बेटा 7 घंटे में ही रिहा हो गया। आरोपी के वकील अनंत शर्मा ने बताया, 'पुलिस ने कोर्ट में 14 दिन की रिमांड मांगी थी। जज ने पूछा कि रिमांड क्यों चाहिए, जबकि सारी धाराएं जमानती हैं? इस पर इंवेस्टिगेशन अफसर कोई ठोस जवाब नहीं दे पाए। इसके चलते कोर्ट ने रिमांड की अर्जी खारिज कर दी। फिर 20 हजार रुपए का बेल बॉन्ड भरने के बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया।

पुलिस ने शिवम मिश्रा को वीरवार सुबह 8 बजे घर के सामने से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दावा किया था कि शिवम जांच में सहयोग नहीं कर रहा था। (अनंत ज्ञान)

# बांग्लादेश में आम चुनाव में 48% वोटिंग

## 36 हजार वोटिंग सेंटर्स पर हुआ मतदान, बीएनपी -जमात में मुकाबल

**एजेंसी, ढाका**

बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए वोटिंग खत्म हो गई है। दोपहर 2 बजे तक देश के 36 हजार वोटिंग सेंटर्स पर करीब 48 प्रतिशत मतदान हुआ। अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस, बीएनपी चीफ तारिक रहमान और छात्र नेता नाहिद इस्लाम वोट डालने पहुंचे। इस दौरान यूनुस ने कहा कि आज नए बांग्लादेश का जन्म हुआ।



बांग्लादेश चुनाव को लेकर भारत ने नतीजों का इंतजार करने के लिए कहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नतीजे आने के बाद ही यह देखा जाएगा कि जनादेश किस तरह का है। वोटिंग के दौरान कई जगहों पर झड़पें भी हुई। खुलना में वोटिंग सेंटर के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक बीएनपी नेता मोहिबुज्जमान कोच्चि की मौत हो गई। दूसरी तरफ मुंशीगंज-3 और गोपालगंज सदर इलाके में वोटिंग सेंटर के बाहर देसी बम फेंके गए। (अनंत ज्ञान)

# हरदीप पुरी बोले-राहुल ने खुद को मूर्ख साबित किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने वीरवार को कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने आप को मूर्ख साबित कर लिया है। पुरी ने एक इंटरव्यू में एपस्टीन फाइल्स में अपना नाम आने और विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया।

हरदीप पुरी ने दावा किया कि जब वे काम से जुड़े मुद्दों पर अमेरिकी फाइनेंसर और बाल यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से मिले थे, तो उन्हें असहजता महसूस हुई थी। मैंने एपस्टीन से मिलने की इच्छा नहीं जताई थी, ये मुलाकातें अरेंज की गई थीं। उस समय तो मैं सरकार का हिस्सा भी नहीं था। इसलिए राहुल गांधी का यह कहना कि एपस्टीन फाइल्स की वजह से प्रधानमंत्री ने अमेरिका के साथ ट्रेड डील में सरेंडर कर दिया, बिलकुल गलत है। (अनंत ज्ञान)

**मजबूत होगी सेना** | फ्रेंच प्रेजिडेंट मैक्रों के भारत आने पर हो सकता है सौदा

# डीएसी की 114 नए राफेल खरीदने को मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत की रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने वीरवार को फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस डील की कीमत करीब 3.25 लाख करोड़ रुपए बताई जा रही है। अब यह प्रस्ताव अंतिम मंजूरी के लिए कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी के पास भेजा जाएगा।

वहीं, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के 17-20 फरवरी के 3 दिवसीय भारत दौरे पर सौदा हो सकता है। प्रस्ताव को 16 जनवरी को रक्षा खरीद बोर्ड से मंजूरी मिल चुकी थी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, नए राफेल विमानों की खरीद से एयर डिफेंस और बॉर्डर एरिया में तैनाती की क्षमता मजबूत होगी।





रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली कमेटी ने कॉम्बैट मिसाइलों और एयर-शिप बेस्ड हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट्स के प्रपोजल को भी मंजूरी दी है। इन सभी सौदों की कुल कीमत 3.60 लाख करोड़ रुपए है।

केंद्रीय बजट 2026-27 में रक्षा मंत्रालय को 7.8 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जो बजट का 14.67% है। (अनंत ज्ञान)

### मेक इन इंडिया के तहत होगा सौदा

**यह** सौदा 'मेक इन इंडिया' के तहत किया जाएगा। डसॉल्ट एविएशन एक भारतीय कंपनी के साथ मिलकर इन विमानों को बनाएगी। हाल ही में डसॉल्ट ने डसॉल्ट रिलायंस एयरोस्पेस लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी 49% से बढ़ाकर 51% कर ली है। इस जवाइंट वेंचर में अनिल अंबानी की रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर भी भागीदार है। डसॉल्ट सभी 114 राफेल जेट में भारतीय हथियार, मिसाइल और गोला-बारूद को इंटीग्रेट करेगा। साथ ही सुरक्षित डेटा लिंक भी उपलब्ध कराएगा, जिससे विमानों को भारतीय रडार और सेंसर सिस्टम से जोड़ा जा सकेगा।



## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में पूर्व मंत्री रंगीला राम के घर चोरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में पूर्व मंत्री रंगीला राम के जाखू क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के आवास में चोरी की घटना सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शातिर अज्ञात व्यक्ति घर में रखे चार गीजर उठा ले गए,जो कि कुछ दिन पहले ही खरीदे थे। घटना के समय आवास पर कोई मौजूद नहीं था और मकान पिछले कुछ समय से खाली चल रहा था। नौ जनवरी को जब परिवार के सदस्य घर पहुंचे तो मुख्य द्वार खुला मिला और अंदर से सभी गीजर गायब पाए गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि मकान के खाली होने की जानकारी मिलने पर शातिरों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि शीघ्र ही आरोपियों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में इस घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है।

### शिमला में अंतरराज्यीय चिट्टा तस्कर गिरोह का भंडाफोड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में सक्रिय अंतरराज्यीय चिट्टा तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने पंजाब के जीरकपुर से गिरोह के सरगना विजय बिहारी उर्फ डेविड और उसके साथी नितेश उर्फ माइक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार सरगना जीरकपुर में बैठकर शिमला, ठियोग, रामपुर और रोहड़ू सहित विभिन्न क्षेत्रों में चिट्टा आपूर्ति का नेटवर्क संचालित कर रहा था तथा पैडलरों से संपर्क के लिए व्हाट्सएप कॉल का सहारा लेता था। थाना ठियोग, बालूगंज, रामपुर और कुमारसैन में दर्ज पांच मामलों की समानांतर जांच तथा 24 घंटे से अधिक समय तक चले विशेष अभियान के बाद यह बड़ी सफलता मिली है। इन मामलों में अब तक कुल 335 ग्राम चिट्टा बरामद किया जा चुका है और 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि सरगना कई वर्षों से नशा तस्करी में संलिप्त रहा है तथा उसके खिलाफ हिमाचल और हरियाणा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने पत्रकार वार्ता में बताया कि गिरोह से जुड़े अन्य तस्करों और बड़े सप्लायरों तक पहुंचने के लिए पूछताछ जारी है तथा आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां संभव हैं।

### छात्राओं की सुरक्षा पर शिमला में राज्य स्तरीय परामर्श

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा शिमला, हिमाचल प्रदेश में उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्राओं की सुरक्षा विषय पर राज्य स्तरीय परामर्श आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता आयोग की माननीय अध्यक्षा विजया रहाटकर ने की। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, रजिस्ट्रार एवं वरिष्ठ शिक्षाविदों के साथ-साथ राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, शिमला प्रशासन के प्रतिनिधि, छात्र प्रतिनिधि तथा अधिवक्तागण सहभागी रहे। अपने संबोधन में अध्यक्षा ने कहा कि आज यह आवश्यक है कि विश्वविद्यालय प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि आंतरिक शिकायत समिति केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि व्यवहारिक रूप से सक्रिय और संवेदनशील बने। उन्होंने पारदर्शिता, जवाबदेही और गोपनीयता के साथ शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर बल देते हुए कहा कि हर छात्रा को यह भरोसा मिलना चाहिए कि उसका संस्थान उसके साथ खड़ा है, यही भरोसा एक वास्तविक रूप से सुरक्षित परिसर की पहचान है। परामर्श के दौरान संस्थानों में सुरक्षित एवं सहानुभूतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने, शिकायत निवारण तंत्र को सुदृढ़ बनाने, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निरोधक प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पुलिस-प्रशासन और शिक्षण संस्थानों के मध्य समन्वय को और अधिक मजबूत करने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।



# ट्रेन यूनियनों की हड़ताल का व्यापक असर

## चार लेबर कोड, निजीकरण और महंगाई का किया विरोध, शिमला से बद्दी तक कामकाज ठप

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व राष्ट्रीय फेडरेशनों के संयुक्त मंच के आह्वान पर सीटू के बैनर तले आयोजित प्रदेशव्यापी हड़ताल ने बुधवार को व्यापक असर दिखाया।

आंगनबाड़ी, मिड-डे मील, मनरेगा, निर्माण, औद्योगिक इकाइयों, स्वास्थ्य संस्थानों, आउटसोर्स व ठेका कर्मियों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हजारों मजदूरों ने काम छोड़कर जिला और ब्लॉक मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन किए। शिमला से लेकर बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ औद्योगिक क्षेत्र तक अनेक स्थानों पर कामकाज प्रभावित रहा और मजदूर-किसान एकता का स्वर मुखर रूप से सुनाई दिया।

हड़ताल में बीआरओ, वार्ड अटेंडेंट, सुरक्षा व सफाई कर्मी, डेटा एंट्री ऑपरेटर, नर्सिंग स्टाफ, 108 व 102 एंबुलेंस कर्मचारी, पनबिजली परियोजनाओं के श्रमिक, होटल कर्मचारी, रेहड़ी-फड़ी व तहबाजारी से जुड़े लोग भी शामिल रहे। सतलुज जल विद्युत निगम, बैंकिंग व बीमा क्षेत्र से जुड़े कर्मियों तथा मेडिकल रिप्रेजेंटेटिवों ने भी समर्थन दर्ज कराया।

हिमाचल किसान सभा, जनवादी महिला समिति, एसएफआई, डीवाईएफआई, पेंशनर संगठनों और अन्य जनसंगठनों ने प्रदर्शन में भाग लेकर आंदोलन को व्यापक आधार प्रदान किया। कई ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों ने देहात बंद रखकर जिला मुख्यालयों पर आयोजित रैलियों में भागीदारी की।

शिमला में आईजीएमसी, केएनएच, चमयाना, मानसिक रोग अस्पताल, आयुर्वेदिक अस्पताल, नगर निगम से जुड़े उपक्रमों, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, होटल और अन्य प्रतिष्ठानों के कर्मचारी बड़ी संख्या में हड़ताल में शामिल हुए। सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा और महासचिव प्रेम गौतम सहित विभिन्न संगठनों के नेताओं ने सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि चार लेबर कोड श्रमिक अधिकारों को सीमित करने वाले हैं और ठेका प्रथा व फिक्स टर्म रोजगार को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपए घोषित करने, योजना कर्मियों को नियमित करने, मनरेगा को सुदृढ़ करने, श्रमिक कल्याण बोर्ड के लाभ बहाल करने तथा किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने की मांग दोहराई।

नेताओं ने महंगाई पर नियंत्रण, सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण पर रोक, असंगठित श्रमिकों के लिए व्यापक सामाजिक सुरक्षा तथा फोरलेन प्रभावितों को उचित मुआवजा देने की भी मांग उठाई। उन्होंने कहा कि यदि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



शिमला में प्रदेशव्यापी हड़ताल के दौरान सीटू के बैनर तले प्रदर्शन करते मजदूर। अनंत ज्ञान

### विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था की होगी व्यापक समीक्षा : शिक्षा मंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** देहरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चनौर के प्राथमिक विद्यालय में मिड-डे मील वर्कर सलोचना देवी की हत्या की घटना पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए सबसे सुरक्षित स्थान होने चाहिए। उन्होंने बताया कि मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।



शिक्षा मंत्री ने शिक्षा विभाग को राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था की तत्काल समीक्षा कर उसे और मजबूत बनाने के निर्देश दिए हैं, ताकि विद्यार्थियों, शिक्षकों, मिड-डे मील कर्मियों और अन्य कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग इस कठिन समय में परिवार के साथ खड़ा है और हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

### हिमाचल उच्च न्यायालय को धमकी भरा ई-मेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला स्थित प्रदेश उच्च न्यायालय को एक बार फिर धमकी भरा ईमेल मिलने से प्रशासन में हड़कंप मच गया। आधिकारिक ई-मेल पर प्राप्त संदेश में न्यायालय परिसर के भीतर और आसपास बम तथा आरडीएक्स आईईडी लगाए जाने की बात कही गई थी। सूचना मिलते ही न्यायालय प्रशासन ने जिला पुलिस को अवगत कराया, जिसके बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया, हालांकि जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है तथा आरोपियों तक पहुंचने के लिए साइबर विशेषज्ञों की सहायता ली जा रही है। शिमला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने पुष्टि की कि सूचना मिलते ही आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई गई और मामले की गहन जांच जारी है।

# पशु मित्रों की शारीरिक परीक्षा पर उठे सवालों पर मचा बवाल

## पशु मित्र नीति 2025 के अनुसार ही हो रही चयन प्रक्रिया, कार्यात्मक फिटनेस जांच को लेकर फैली भ्रांतियों पर विभाग ने दी जानकारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पशु मित्रों की शारीरिक परीक्षा को लेकर उठे सवालों के बीच विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि पूरी चयन प्रक्रिया अधिसूचित पशु मित्र नीति 2025 के तहत ही संचालित की जा रही है। 14 अगस्त 2025 को अधिसूचित इस नीति के अनुरूप ही अभ्यर्थियों की शारीरिक जांच आयोजित की जा रही है।

◆ **पारदर्शिता, सुरक्षा और समान अवसर का दिया आश्वासन**

जानकारी के अनुसार परीक्षा का उद्देश्य केवल यह सुनिश्चित करना है कि चयनित अभ्यर्थी पशु चिकित्सा संस्थानों और पशुपालन फार्मों में अपने दायित्व सुरक्षित और प्रभावी ढंग से निभा सकें। बताया गया है कि यह किसी प्रकार की सहनशक्ति प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि एक सामान्य कार्यात्मक फिटनेस जांच है। पशुपालन कार्यों में बीमार भेड़ या बकरी, जिसका वजन लगभग 25 किलोग्राम तक हो सकता है, को संभालना, उठाना तथा चारे की बोरियां ले जाना शामिल रहता है। ऐसे में न्यूनतम शारीरिक क्षमता आवश्यक मानी गई है। यह परीक्षा सभी अभ्यर्थियों पर समान रूप से लागू है और किसी भी वर्ग, विशेषकर महिलाओं, के प्रति किसी प्रकार का भेदभाव या अपमान इसका उद्देश्य नहीं है।

विभागीय जानकारी के अनुसार 5,000 रुपये प्रतिमाह का मानदेय चार घंटे प्रतिदिन के अंशकालिक बहुउद्देशीय कार्यों के लिए निर्धारित है। यद्यपि कार्य अंशकालिक है, फिर भी पशुपालन से जुड़े दायित्वों में शारीरिक श्रम शामिल रहता है। इसी दृष्टि से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि चयनित अभ्यर्थी पशुओं की सुरक्षा और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सक्षम रूप से कर सकें। अब तक 315 अभ्यर्थी इस शारीरिक परीक्षा में भाग ले चुके हैं और किसी भी प्रकार की चोट या दुर्घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

#### चयन प्रक्रिया में पूरी तरह से पारदर्शिता

**चयन** प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए शारीरिक परीक्षा उप-मंडलाधिकारी (सिविल) की अध्यक्षता वाली समिति की निगरानी में कराई जा रही है और इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जा रही है। अभ्यर्थियों को निर्धारित वजन को अपने सुविधाजनक तरीके से उठाने की अनुमति है, सिर पर उठाना अनिवार्य नहीं है।

#### किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर होगी जांच

**यदि** निर्धारित प्रक्रिया से किसी प्रकार का विचलन पाया जाता है तो उसकी जांच की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी अभ्यर्थियों के साथ न्याय, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिकता है तथा आमजन से अपील की गई है कि वे भ्रामक प्रस्तुतियों के बजाय अधिसूचित नीति पर भरोसा करें।

# रोहड़ू के बरेष्टू गांव में पानी में जहर का मामला सामने आने से दशहत

## जल शक्ति विभाग ने संदिग्ध पदार्थ की पुष्टि की, पुलिस की कार्रवाई जारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** रोहड़ू के टिक्कर तहसील के अंतर्गत बरेष्टू गांव में पेयजल टैंक में कथित रूप से कीटनाशक मिलाने के मामले ने क्षेत्र में गंभीर चिंता पैदा कर दी है। बीते कल सामने आए इस प्रकरण के बाद गुरुवार दिनभर प्रशासनिक और पुलिस स्तर पर व्यापक छानबीन की गई।

◆ **जांच तेज, फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार**

जल शक्ति विभाग की प्रारंभिक जांच में पानी में संदिग्ध रासायनिक पदार्थ की पुष्टि हुई है, जिसके बाद पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच को आगे बढ़ाया है। प्रभावित टैंक से लगभग पच्चीस घरों के दो सौ से अधिक लोगों को पानी की आपूर्ति होती है, जिससे ग्रामीणों में भय और आक्रोश का वातावरण बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही जल शक्ति विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पेयजल टैंक से नमूने एकत्र किए और प्राथमिक परीक्षण किया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जांच में एक संदिग्ध औषधीय तत्व की उपस्थिति पाई गई है, हालांकि अंतिम पुष्टि फॉरेंसिक प्रयोगशाला की रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस ने विभाग से प्राप्त नमूनों को विधिवत सील कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी और दोषी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। मामले के उजागर होने के बाद एहतियातन पेयजल टैंक और घरों में लगी पानी की टंकियों को पूरी तरह खाली कर साफ कराया गया है।

#### प्रशासन ने किया वैकल्पिक जलापूर्ति का बंदोबस्त

**प्रशासन** ने वैकल्पिक जल आपूर्ति की व्यवस्था भी सुनिश्चित की है, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ग्रामीणों ने इस कृत्य को बेहद गंभीर और अमानवीय बताते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल कर रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले की तस्वीर स्पष्ट हो पाएगी, लेकिन प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से पूरी की जाएगी।

# पंजीकृत नर्सरियों से ही खरीदें फलदार पौधे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के बागवानी विभाग के अनुसार राज्य में कुछ नर्सरी संचालक बिना उचित दस्तावेजों के अन्य राज्यों से फलदार पौधे लाकर किसानों को बेच रहे हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार सेब, नाशपाती, आड़ू और प्लम जैसे पौधों की अनधिकृत बिक्री की शिकायतें सामने आई हैं। ऐसे पौधों की गुणवत्ता, स्वास्थ्य स्थिति और प्रमाणित स्रोत की पुष्टि नहीं होती, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। साथ ही रोगग्रस्त पौधों के कारण बागीचों में बीमारियां फैलने और फसल प्रभावित होने का गंभीर जोखिम भी बना रहता है।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस स्थिति को देखते हुए हिमाचल प्रदेश फल नर्सरी पंजीकरण एवं विनियमन अधिनियम, 2015 तथा नियम, 2020 के तहत सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वैध लाइसेंस, पंजीकरण प्रमाण पत्र, स्रोत प्रमाण-पत्र, फाइटोसैनिटरी प्रमाण पत्र और किस्म प्रमाणीकरण जैसे आवश्यक दस्तावेजों के बिना नर्सरी व्यवसाय चलाने या पौधे बेचने वालों के खिलाफ कानूनी कदम उठाए जाएंगे। विभाग का उद्देश्य फल नर्सरी व्यवसाय को पूरी तरह विनियमित कर किसानों को प्रमाणित और रोगमुक्त पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

◆ **बागवानी विभाग बोला-अवैध बिक्री पर होगी सख्त कार्रवाई**

◆ **बिना लाइसेंस नर्सरी संचालन पर कानूनी कार्रवाई शुरू**

बागवानी विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे किसी भी नर्सरी से पौधे खरीदते समय संचालक का वैध लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाण पत्र अवश्य देखें तथा बिना बिल के पौधे न खरीदें। यदि पौधे प्रमाणित किस्म के नहीं पाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। विभाग ने यह भी आग्रह किया है कि गैर-पंजीकृत पौधशालाओं, सड़क किनारे बिक रहे फलदार पौधों या बिना दस्तावेजों के बिक्री की सूचना तुरंत नजदीकी बागवानी विस्तार अधिकारी, बागवानी विकास अधिकारी या विषय विशेषज्ञ को दें, ताकि अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

# रामपुर में मजदूरों-किसानों ने केंद्र की नीतियों के खिलाफ निकाली रैली

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** रामपुर बुशहर में गुरुवार को सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू), अखिल भारतीय किसान सभा तथा दस अन्य केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र क्षेत्रीय संगठनों के संयुक्त मंच के आह्वान पर मजदूरों और किसानों ने केंद्र सरकार की कथित मजदूर-विरोधी और किसान-विरोधी नीतियों के खिलाफ विशाल रैली निकाली।



केंद्र की नीतियों के विरोध में रैली निकालते मजदूर-किसान। अनंत ज्ञान

राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में श्रमिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिड-डे मील कर्मी और ग्रामीण मजदूर शामिल हुए। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि 21 नवंबर 2025 को अधिसूचित चार श्रम संहिताओं के माध्यम से श्रमिकों के अधिकारों को कमजोर किया गया है और मनरेगा कानून को समाप्त करने की दिशा में उठाए गए कदमों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ा है।

रैली को संबोधित करते हुए किसान सभा के राज्य महासचिव राकेश सिंघा, सीटू जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह, प्रेम कायथ सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि श्रम संहिताएं बिना व्यापक परामर्श और विधिसम्मत प्रक्रिया के लागू की गईं, जिससे सामूहिक सौदेबाजी और हड़ताल के अधिकार पर अंकुश लगेगा। उन्होंने मांग की कि चारों श्रम संहिताएं वापस ली जाएं, आंगनबाड़ी, आशा और मिड-डे मील कर्मियों को नियमित कर सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, बीज विधेयक और विद्युत संशोधन विधेयक 2025 के मसौदे को निरस्त किया जाए तथा सार्वजनिक क्षेत्र के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# 5 मार्च से सजेगा जिला स्तरीय फाग मेला

## 20 देवी-देवताओं का होगा आगमन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जीवंत होगी देव संस्कृति

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** उपमंडलाधिकारी (ना.) हर्ष अमरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में उपमंडल कार्यालय रामपुर में जिला स्तरीय फाग मेला रामपुर-2026 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। जानकारी दी गई कि मेला 5 से 8 मार्च तक ऐतिहासिक राज दरबार मैदान में आयोजित होगा। शुभारंभ 5 मार्च को सुबह 11 बजे देवी-देवताओं के आगमन के साथ होगा, जबकि समापन 8 मार्च को सायं 3 बजे किया जाएगा।

मेले में शिमला और कुल्लू जिलों के लगभग 20 देवी-देवताओं को आमंत्रित किया जाएगा। परंपरा के अनुसार उनके ठहराव स्थलों का चयन किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि फाग मेला क्षेत्र की समृद्ध देव संस्कृति, लोक परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जिसमें नाटी, पारंपरिक वाद्य यंत्रों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विरासत का प्रदर्शन होता है।



फाग मेले को लेकर बैठक करते उपमंडलाधिकारी। अनंत ज्ञान

आमंत्रित देवताओं के नजराने में 5 से 15 प्रतिशत तक वृद्धि की जाएगी। 7 मार्च को महिला मंडलों की झांकियां निकाली जाएंगी, जिनमें नशा विरोधी जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। मेले के दौरान बुशहर स्पोर्ट्स क्लब के सहयोग से रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। स्टॉल आवंटन से प्राप्त राजस्व और भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग के अनुदान से व्यय की पूर्ति की जाएगी। स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प और व्यंजनों के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। बैठक में यातायात, बिजली, पेयजल, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# आर्थिक संकट में एपीएमसी के लिए स्कॉर्पियो खरीद पर घमासान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा महासू के जिलाध्यक्ष अरुण फाल्टा ने प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया है कि राज्य आर्थिक संकट से जूझ रहा है, इसके बावजूद एपीएमसी चेयरमैन के लिए नौ स्कॉर्पियो-एन गाड़ियों की खरीद की गई है। उन्होंने कहा कि इन वाहनों की कीमत 16 से 24 लाख रुपए के बीच बताई जा रही है, जो आर्थिक तंगी के दौर में अनावश्यक खर्च को दर्शाती है।



फाल्टा ने आरोप लगाया कि एक ओर सरकार आरडीजी ग्रांट बंद होने और वित्तीय दबाव का हवाला देकर अपनी सीमाएं बताती है, वहीं दूसरी ओर इस प्रकार के खर्च उसकी प्राथमिकताओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाते हैं।

◆ **अरुण फाल्टा बोले-बागवानों के 130 करोड़ रुपए लंबित**

उनके अनुसार सरकार को पहले किसानों और बागवानों के हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए, न कि सुविधाओं पर व्यय बढ़ाना चाहिए। फाल्टा ने कहा कि प्रदेश का बागवान वर्ग इस समय गंभीर संकट से गुजर रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि एचपीएमसी में न तो समय पर टीएसओ उपलब्ध हो रहा है और न ही आवश्यक खाद की आपूर्ति सुनिश्चित हो पा रही है। इसके अतिरिक्त एमआईएस के तहत खरीदे गए सी-ग्रेड सेब का लगभग 130 करोड़ रुपए का भुगतान अब तक लंबित है, जिससे हजारों बागवान आर्थिक तंगी और असमंजस की स्थिति में हैं।

**पहल** सेब की उन्नत किस्मों समेत विभिन्न पौधे उपलब्ध, बागवानों में उत्साह

# जुब्बल-कोटखाई में फलदार पौधों का वितरण आज

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल के साथ जुब्बल-कोटखाई क्षेत्र में मौसम की अनुकूलता व हाल के दिनों में बने सकारात्मक वातावरण के बीच बागवानी गतिविधियों ने फिर से रफ्तार पकड़ ली है। बागवानी बहुल क्षेत्रों में फलदार पौधों के रोपण का यह उपयुक्त समय माना जाता है और इसी क्रम में जुब्बल-कोटखाई स्थित बागवानी विभाग के उद्यान केंद्रों में कल से फलदार पौधों के वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। सेब बहुल क्षेत्रों में उपयुक्त उन्नत एवं जलवायु-अनुकूल किस्मों को इस बार विशेष रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे स्थानीय बागवानों में उत्साह का माहौल है।

जानकारी के अनुसार बागवानी विभाग द्वारा तैयार की गई पौधों की खेप में सेब की डार्क बैरन गाला, ग्रैनी स्मिथ और रॉयल अर्ली जैसी उन्नत किस्में शामिल हैं। इसके अतिरिक्त नाशपाती, जापानी फल पर्शिमन, आड़ू, खुरमानी, प्लम, शकरपारा, अखरोट, बादाम तथा चेरी के पौधे भी उपलब्ध रहेंगे ।विभागीय उद्यान केंद्र में इन पौधों को वैज्ञानिक विधि से तैयार किया गया है, जो रोगाणु रहित तथा उच्च गुणवत्ता के माने जाते हैं। उचित दरों पर उपलब्ध इन पौधों को लेकर क्षेत्र के बागवानों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

बताया जा रहा है कि कई बागवानों ने पहले ही अग्रिम बुकिंग करवा दी है, जिन्हें वितरण में प्राथमिकता दी जाएगी। इसके बाद शेष पौधों का आवंटन पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। जुब्बल-कोटखाई व अन्य आसपास के बागवानी क्षेत्रों से भी बागवान यहां पहुंचने की तैयारी में हैं। कुछ बागवान निजी नर्सरियों से भी पौधे लेते हैं, किंतु विभागीय केंद्र में तैयार पौधों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता के कारण सरकारी उद्यान केंद्र की मांग अधिक रहती है।

बागवानों ने समय रहते अपने बगीचों में गड्ढों की तैयारी भी शुरू कर दी है, ताकि पौधे मिलते ही रोपण कार्य में देरी न हो। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सही समय पर रोपण से पौधों की जड़ें मजबूत होती हैं और भविष्य में बेहतर उत्पादन की संभावना बढ़ जाती है। विभाग का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के इस दौर में उन्नत एवं प्रमाणित किस्मों का चयन ही बागवानी को सुदृढ़ और लाभकारी बना सकता है।

#### अग्रिम बुकिंग को प्राथमिकता : डॉ. नवीन

**उद्यानिकी** विकास अधिकारी डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि जिन बागवानों ने पहले से अग्रिम बुकिंग करवाई है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पौधे आवंटित किए जाएंगे। इसके पश्चात शेष पौधों का वितरण पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर होगा। उन्होंने बागवानों से आग्रह किया है कि वे विभागीय उद्यान केंद्रों में तैयार की गई प्रमाणित और रोगमुक्त पौधों का ही चयन करें, ताकि भविष्य में बेहतर उत्पादन और गुणवत्तापूर्ण फसल सुनिश्चित की जा सके।

# हिमाचल में 42 दिन बाद खुले शीतकालीन स्कूल

## फिर गूंजी प्रार्थना सभा में स्वर लहरियां, उत्साह के साथ लौटे स्टूडेंट्स

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** 42 दिनों की लंबी सर्दियों की छुट्टियों के बाद राज्य के हजारों सरकारी विद्यालयों में गुरुवार को फिर से चहल-पहल लौट आई। पहाड़ों की वादियों में एक बार फिर प्रार्थना सभा की मधुर ध्वनि गूंजी तो विद्यालय परिसर बच्चों की मुस्कान और उत्साह से खिल उठे। कड़ाके की ठंड और बर्फबारी के कारण बंद रहे स्कूलों के द्वार खुलते ही विद्यार्थियों के चेहरों पर नई ऊर्जा और उमंग साफ झलकती दिखाई दी।

जानकारी के प्रदेश के शिमला, कुल्लू, सोलन, सिरमौर, चंबा और मंडी सहित कई जिलों में शीतकालीन अवकाश समाप्त होने के साथ ही नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। विद्यालयों में अध्यापकों ने विद्यार्थियों का स्वागत किया और नियमित अध्ययन की ओर लौटने का आह्वान किया। लंबे अवकाश के बाद मित्रों से मिलकर बच्चों के मन में जो प्रसन्नता दिखी, उसने पूरे वातावरण को उल्लास से भर दिया।

शिक्षा निदेशालय ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि पढ़ाई में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। पहले ही दिन से कक्षाएं नियमित रूप से संचालित करने के आदेश दिए गए हैं और सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि कहीं भी अध्ययन कार्य में देरी न हो। विभाग ने दो सप्ताह तक विशेष निरीक्षण अभियान चलाने की भी तैयारी की है, ताकि विद्यालयों में शिक्षण कार्य सुचारु रूप से चलता रहे और आदेशों की पूर्ण अनुपालना हो सके।

जहां प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के कारण शीतकालीन अवकाश रहता है, वहीं मैदानी और गर्म क्षेत्रों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की व्यवस्था लागू होती है। इस बार भी बर्फ गिरने वाले इलाकों में 42 दिनों की छुट्टी के बाद विद्यालय खुले हैं। विद्यार्थियों ने कहा कि सर्दियों की मस्ती के बाद अब पूरी लगन के साथ पढ़ाई करने का समय है और वे नए संकल्प के साथ कक्षा में लौटे हैं।

### स्कूलों में बर्दाश्त नहीं होगी ढिलाई

**विभाग** ने सभी उपनिदेशकों और खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने अधीनस्थ विद्यालयों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि समय पर प्रार्थना सभा, उपस्थिति और पाठ्यक्रम का संचालन हो रहा है। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर सख्त कदम उठाने की चेतावनी दी गई है। सरकार का उद्देश्य है कि सर्दियों के अवकाश के बाद शिक्षा व्यवस्था पूरी मजबूती के साथ पटरी पर लौटे और विद्यार्थियों का शैक्षणिक सत्र बिना किसी व्यवधान के आगे बढ़े।

# डुगाड़ के पास खैर के 20 मोछों समेत 5 लोग दबोचे



**अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर, बड़सर।** वन विभाग टीम बिझड़ी की सतर्कता के चलते अवैध खैर की लकड़ी का एक ट्राले को कब्जे में लिया है। विभाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई है कि एक ट्राला जिसमें 20 के करीब खैर की लकड़ी के मोछे ले जा रहे हैं, कार्रवाई करते वन विभाग ने ट्राले को रोका और चेक करने पर लकड़ी बरामद हुई है उसे कब्जे में लेकर जिला कांगड़ा के नगरोटा बगवां क्षेत्र के पांच लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। अवैध रूप से खैर की लकड़ी कहां ले जा रही थी उसके बारे में पूछताछ जारी है।

इस कार्य को वनखंड अधिकारी विनोद राणा की अध्यक्षता में वन विभाग की एक टीम ने डुगाड़ शनिदेव मंदिर के साथ शातिर खैर की लकड़ी को एक पिकअप में ले जा रहे थे । वन विभाग द्वारा लगाए गए नाके के जाल में फंसे, इस गिरोह को वहां से पड़कर विकास खंड बिझड़ी फॉरेस्ट दफ्तर में लाया गया ।आगामी कार्यवाही करते हुए गिरोह के सरगना को पकड़ने के लिए, इन लोगों से पूछताछ की जा रही है ताकि में सरगना तक पहुंचा जा सके! रेंज ऑफिसर बिझड़ी के के शर्मा का कहना है कि वन विभाग की एक टीम ने वीरवार को शनि मदिर डुगाड़ पास लगाए नाके में अवैध रूप से ले जा रही खैर की लकड़ी सहित एक पिकअप को पकड़ा है विभागीय टीम जांच मे जुटी है। मामला अवैध कटान का भी हो सकता है छानबीन जारी है।

# सुप्रीम कोर्ट ने रेरा दफ्तर स्थानांतरण पर उच्च न्यायालय के आदेश पर लगाई रोक

## राज्य सरकार को दी राहत, 6 अप्रैल को अगली सुनवाई

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला। रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण यानी रेरा के शिमला स्थित कार्यालय को धर्मशाला स्थानांतरित करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम हस्तक्षेप करते हुए हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के उस फैसले को स्थगित कर दिया, जिसमें दफ्तर स्थानांतरण के निर्णय पर रोक लगाई गई थी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 6 अप्रैल 2026 को निर्धारित की गई है।

जानकारी के अनुसार दरअसल, नरेश शर्मा बनाम स्टेट ऑफ हिमाचल प्रदेश मामले में राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार को रेरा कार्यालय शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने की अनुमति दे दी। अदालत के इस निर्णय से सरकार को प्रशासनिक स्तर पर बड़ी राहत मिली है और अब दफ्तर स्थानांतरण की प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी।

◆ **रेरा की कार्यप्रणाली पर सख्त रुख, बिल्डरों को फायदा पहुंचाने का आरोप**



सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने रेरा की कार्यप्रणाली पर कड़ी टिप्पणी भी की। अदालत ने कहा कि यह संस्था जिन लोगों के हितों की रक्षा के लिए बनाई गई थी, वह उद्देश्य पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। न्यायालय ने टिप्पणी की कि बिल्डरों की गलतियों को सहूलियत देने के अलावा संस्था की भूमिका स्पष्ट नहीं दिखती और राज्यों को इसकी उपयोगिता पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। शीर्ष अदालत की इस टिप्पणी ने रियल एस्टेट क्षेत्र और प्रशासनिक हलकों में नई बहस को जन्म दे दिया है।

# बजट में नारीशक्ति सशक्तिकरण को नई दिशा : अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट देश की नारीशक्ति के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ी है और इस बार कुल बजट का 9.37 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं के लिए निर्धारित किया गया है।

महिला और बालिका कल्याण हेतु लगभग पांच लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है तथा लखपति दीदी योजना को शी-मार्ट से जोड़कर वर्ष 2027 तक तीन करोड़ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने बताया कि महिलाओं और बालिकाओं के लिए पूर्ण आवंटन वाली योजनाओं के अंतर्गत एक लाख सात हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि निर्धारित की गई है। दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा नमो ड्रोन दीदी जैसी पहलों से ग्रामीण महिलाओं को आजीविका और तकनीकी सशक्तिकरण मिलेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं को स्वामित्व का अधिकार, मिशन शक्ति के तहत सुरक्षा प्रावधान और प्रत्येक जिले में छात्रावास की व्यवस्था से बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा को नई मजबूती मिलेगी।

# भारत बंद को कांग्रेस का खुला समर्थन: विनय कुमार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस ने वीरवार को देशव्यापी भारत बंद को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ किया गया व्यापार समझौता देशहित के प्रतिकूल है और इससे विशेष रूप से किसानों तथा बागवानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार विदेशी दबाव में फैसले ले रही है, जिससे देश की आर्थिक स्वतंत्रता और स्वाभिमान दोनों पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। उनके अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समक्ष झुककर देश की साख को दांव पर लगा दिया है, जिससे आम जनता में असंतोष और चिंता का माहौल है। उन्होंने ने यह भी कहा कि संसद के भीतर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे गंभीर विषयों पर बोलने का अवसर नहीं दिया जा रहा, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के ह्रास का संकेत है। उन्होंने केंद्र द्वारा प्रदेश का राजस्व घाटा अनुदान बंद करने के निर्णय को अलोकतांत्रिक और भेदभावपूर्ण करार देते हुए कहा कि इससे हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्य के अधिकारों का हनन हो रहा है।

# टाहलीवाल में चिट्टे समेत युवक दबोचा

अनंत ज्ञान



पकड़ा गया आरोपी। अनंत ज्ञान

**टाहलीवाल।** जिला ऊना पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने चिट्टा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नंगल कला, टाहलीवाल में एक युवक के क्वार्टर पर दबिश देकर 2.43 ग्राम हेरोइन बरामद की है। कार्रवाई पुलिस कप्तान सचिन हीरामेठ के दिशा-निर्देशों पर निरीक्षक सुनील संख्यान के नेतृत्व में की गई।

प्राथमिक पूछताछ में आरोपी की पहचान रजत पुत्र मदन लाल निवासी गांव सपोरी, जिला ऊना के रूप में हुई है। मौके से चिट्टा सेवन में प्रयुक्त फॉयल पेपर व जले हुए नोट भी जब्त किए गए।

पुलिस अधीक्षक सचिन हीरामेठ ने बताया कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। आरोपी हेरोइन कहां से लाया और उसका नेटवर्क किन लोगों से जुड़ा है, इसकी जांच की जा रही है। मामला दर्ज कर आगे की जांच पुलिस थाना टाहलीवाल को सौंप दी गई है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशा तस्करी से संबंधित किसी भी सूचना को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट या पुलिस अधीक्षक के व्हाट्सएप पर साझा करें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। कार्रवाई में निरीक्षक सुनील संख्यान सहित आरक्षी सौरभ, राकेश और अरुण शामिल रहे।

# जेपी नड्डा 14 फरवरी को हिमाचल दौरे पर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा 14 फरवरी को हिमाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। यह जानकारी भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि जेपी नड्डा 14 फरवरी को सायं 4:30 बजे हवाई मार्ग से लुहणू हेलीपैड बिलासपुर पहुंचेंगे, जहां उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात वे अपने पैतृक गांव विजयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे और वहीं रात्रि विश्राम करेंगे। 15 फरवरी को सुबह 9 बजे वे विजयपुर से ठाकुर राम सिंह हिस्टोरिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, नेरी हमीरपुर के लिए रवाना होंगे, जहां वे एक विशेष बैठक में भाग लेंगे। बैठक के उपरांत वे पुनः शाम चार बजे बिलासपुर लौटेंगे।

# डिस्लेक्सिया सहित अधिगम चुनौतियों पर केंद्र की स्पष्ट नीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार के सवाल पर शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के अधिगम संबंधी कठिनाइयों जैसे डिस्लेक्सिया और डिस्कैलकुलिया की शीघ्र पहचान के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसके लिए 3 से 18 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों की स्क्रीनिंग हेतु 'प्रशस्त' ऐप विकसित किया गया है। इसमें पहला भाग सामान्य शिक्षकों द्वारा प्रारंभिक जांच और दूसरा भाग विशेष शिक्षकों द्वारा विस्तृत स्क्रीनिंग व 21 दिव्यांगता श्रेणियों के वर्गीकरण के लिए है।

**समावेशी खेल और मूल्यांकन सुधारों पर शिक्षा मंत्रालय का जवाब**

राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने बताया कि समग्र शिक्षा में खेल और मनोरंजक गतिविधियों को अनिवार्य घटक बनाया गया है। नई शिक्षा नीति 2020 और एनसीएफ-एसई 2022 के अनुरूप संशोधित पाठ्यक्रम न्यूरोडाइवर्जेंट बच्चों के समर्थन पर ध्यान केंद्रित करता है।

# बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ फोरलेन में देरी का सुरेश कश्यप ने उठाया मुद्दा

अनंत ज्ञान

◆ **774 करोड़ से अधिक खर्च फिर भी सड़क अधूरी**

◆ **केंद्र से वास्तविक स्थिति व समयसीमा सार्वजनिक करने की मांग**



**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने लोकसभा में नियम 377 के तहत बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ औद्योगिक क्षेत्र की फोरलेन सड़क परियोजना में हो रही देरी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र प्रदेश की औद्योगिक व्यवस्था की अहम कड़ी है और सड़क निर्माण में देरी से उद्योग, रोजगार और आम जनता पर सीधा असर पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि पिंजौर-बद्दी-नालागढ़ फोरलेन परियोजना अप्रैल 2022 में शुरू हुई थी और सितंबर 2024 तक पूरी होनी थी। प्रारंभिक लागत 556 करोड़ रुपए थी, जिसे बढ़ाकर 670 करोड़ किया गया, जबकि अब तक लगभग 774.78 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, इसके बावजूद काम अधूरा है।

सांसद ने कहा कि कई स्थानों पर सड़क अधूरी है, जगह-जगह गड्ढे हैं, सतह असमान है और सर्विस लेन का अभाव है, जिससे रोजाना जाम लग रहा है। श्रमिक समय पर काम पर नहीं पहुंच पा रहे, मरीजों और एंबुलेंस को दिक्कत हो रही है और स्कूली बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों को घंटों परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारी वर्षा और भूस्खलन के बाद भी निर्माण कार्य में तेजी नहीं लाई गई तथा ठेकेदार की लापरवाही और प्रशासनिक ढिलाई से हालात बिगड़े हैं। कश्यप ने केंद्र सरकार से परियोजना की वर्तमान स्थिति सार्वजनिक करने, शेष कार्यों का चरणवार ब्यौरा देने और इसे पूरा करने की स्पष्ट समयसीमा घोषित करने की मांग की है।

# मुख्यमंत्री सुक्खू केंद्र को कोसना बंद कर टकराव का रास्ता छोड़ें : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान



पूर्व सीएम जयराम ठाकुर के साथ भाजपा पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** सुंदरनगर के जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला और नेरचौक में भाजपा प्रदेश स्तरीय व्यापार प्रकोष्ठ की बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भाग लिया और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर भाजपा सांसद एवं पूर्व मध्य प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल, विधायक राकेश जमवाल समेत कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

जयराम ने कहा कि यह प्रशिक्षण महाभियान केवल संगठनात्मक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि कार्यकर्ताओं के वैचारिक, बौद्धिक और संगठनात्मक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद, अंत्योदय की भावना और राष्ट्र प्रथम के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना इस अभियान का मूल उद्देश्य है।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के दिल्ली दौरे और रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट (आरडीजी) मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथों लिया। ठाकुर ने दावा किया कि सुक्खू केंद्र के खिलाफ कानूनी रास्ता अपनाने की तैयारी में हैं, लेकिन टकराव की राजनीति प्रदेश हितों के लिए हानिकारक होगी। उन्होंने अपने कार्यकाल का उदाहरण देते हुए बताया कि जब आरडीजी रुकी थी, तब उन्होंने केंद्र के समक्ष मजबूती से पक्ष रखकर इसे बहाल कराया।

नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भी गंभीर चिंता जताई और मिड-डे मील कर्मचारी की हत्या, नालागढ़ व चंबा में आपराधिक घटनाओं का उल्लेख करते हुए सरकार पर अपराधियों को बेलगाम छोड़ने का आरोप लगाया।

बैठक में भाजपा नेता बिहारी लाल शर्मा, विधायक इंद्र सिंह गांधी, प्रकोष्ठ संयोजक पुरुषोत्तम गुलेरिया, जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा और प्रदेश संयोजक गोविंद ठाकुर भी उपस्थित रहे।

# भारत-अमेरिका संबंधों को नई मजबूती देती हैं ऐसी उच्चस्तरीय मुलाकातें : हर्ष

अनंत ज्ञान



सांसद हर्ष महाजन अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर के स्वागत अवसर पर कहा कि इस प्रकार की उच्च स्तरीय एवं सकारात्मक मुलाकातें भारत और अमेरिका के बीच दीर्घकालिक तथा सुदृढ़ साझेदारी को नई शक्ति प्रदान करती हैं। उन्होंने इसे दोनों देशों के बीच विश्वास, संवाद और सहयोग को और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

महाजन ने कहा कि भारत और अमेरिका विश्व के दो प्रमुख लोकतांत्रिक राष्ट्र हैं, जिनके मध्य रणनीतिक, आर्थिक, प्रौद्योगिकी, शिक्षा तथा सांस्कृतिक क्षेत्रों में निरंतर सहयोग बढ़ रहा है। संसदीय स्तर पर होने वाले ऐसे संवाद आपसी समझ और नीति समन्वय को सुदृढ़ करते हैं तथा वैश्विक मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण को बल प्रदान करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भारत-अमेरिका संबंध और अधिक व्यापक तथा प्रभावी रूप से आगे बढ़ेंगे।

# हिमाचल में पर्यटन विकास के लिए केंद्र सरकार का निरंतर सहयोग : शेखावत

## एडवेंचर, ईको टूरिज्म और होमस्टे को नई रफ्तार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पर्यटन विकास को लेकर राज्यसभा में पूछे गए प्रश्न के जवाब में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि पर्यटन स्थलों का विकास मुख्य रूप से राज्य सरकार का दायित्व है, लेकिन केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हिमाचल को निरंतर सहयोग दे रही है।

मंत्रालय की ओर से स्वदेश दर्शन, प्रसाद और अन्य योजनाओं के तहत पर्यटन ढांचे को मजबूत करने के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है। स्वदेश दर्शन 2.0 के जरिए टिकाऊ और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों के विकास पर जोर दिया जा रहा है, जबकि चुनौती आधारित गंतव्य विकास योजना से नए पर्यटन केंद्रों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देने की पहल की गई है।

◆ **स्वदेश दर्शन व प्रसाद योजना से इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा**

◆ **ग्रामीण पर्यटन के लिए राष्ट्रीय रणनीति और टास्क फोर्स सक्रिय**

मंत्री ने कहा कि एडवेंचर और ईको टूरिज्म को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय रणनीतियां तैयार की गई हैं। सेवा प्रदाताओं के कौशल विकास के लिए क्षमता निर्माण योजना चलाई जा रही है, ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। वर्ष 2025-26 के बजट में होमस्टे के लिए बिना गारंटी मुद्रा ऋण की घोषणा की गई है, जिससे हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों में स्वरोजगार को बल मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी।

ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय रणनीति और रोडमैप लागू किया गया है, जिसमें डिजिटल प्लेटफॉर्म, क्लस्टर विकास, विपणन सहयोग और क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया है। पर्यटन मंत्रालय ने ग्रामीण पर्यटन विकास के लिए एक टास्क फोर्स भी गठित की है। साथ ही, बेस्ट टूरिज्म विलेज प्रतियोगिता के माध्यम से अब तक 71 गांवों को सम्मानित किया जा चुका है, जिससे उन गांवों को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान मिली है और स्थानीय समुदायों को सीधे तौर पर लाभ पहुंचा है।

# हिमाचल बिजली बोर्ड में 83 कर्मचारियों को मिली पदोन्नति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड में लंबे समय से प्रतीक्षित पदोन्नति सूची जारी कर दी गई है। इस सूची में कुल 83 कर्मचारियों को उच्च पद पर पदोन्नत किया गया है। विभाग द्वारा जारी आदेशों के अनुसार लाइनमैन, सहायक कर्मी, टी-मेट तथा फोरमैन वर्ग के कर्मचारियों को उनकी वरिष्ठता, सेवा अभिलेख और विभागीय नियमों के आधार पर पदोन्नति प्रदान की गई है। इससे कर्मचारियों में प्रसन्नता की लहर है और उन्होंने इसे अपने परिश्रम का सम्मान बताया है।

◆ **लाइनमैन, सहायक और फोरमैन वर्ग को राहत वर्षों की प्रतीक्षा हुई समाप्त**

विभागीय सूत्रों के अनुसार यह निर्णय कार्य व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ तथा प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। कई कर्मचारी वर्षों से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे थे। पदोन्नति मिलने से न केवल उनके मनोबल में वृद्धि होगी, बल्कि कार्य निष्पादन की गति भी तेज होगी। अधिकारियों का कहना है कि समय-समय पर पदोन्नति प्रक्रिया पूरी करना प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

बोर्ड प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि सभी पदोन्नत कर्मचारियों को शीघ्र ही नए दायित्व सौंप दिए जाएंगे। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि रिक्त पदों पर आवश्यकतानुसार नई नियुक्तियां की जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कर्मचारियों ने इस निर्णय के लिए विभागीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है और भरोसा दिलाया है कि वे नई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे।

**मौसम** | **तापमान सामान्य से ऊपर, नेरी सबसे गर्म**

# हिमाचल में फरवरी की बढ़ी तपिश

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में फरवरी के मध्य में ही गर्मी के तेवर दिखाई देने लगे हैं। मौसम केंद्र शिमला द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार गुरुवार शाम 5:30 बजे तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी ऊपर दर्ज किया गया। औसतन अधिकतम तापमान सामान्य से 5.2 डिग्री अधिक रहा, जिससे दिन के समय हल्की गर्माहट महसूस की गई। बीते 24 घंटों में तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ, लेकिन सामान्य से ऊपर बना रहना मौसम के मिजाज में बदलाव का संकेत दे रहा है।

◆ **अधिकांश क्षेत्रों में पारा सामान्य से 3 से 7 डिग्री अधिक, प्रदेशभर में वर्षा और हिमपात शून्य**

प्रदेश में सबसे अधिक तापमान नेरी में 26.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पूरे हिमाचल में सर्वाधिक रहा। इसके अलावा ऊना में 26.0 डिग्री, मंडी में 26.2 डिग्री, सुंदरनगर में 25.4 डिग्री और कांगड़ा में 25.0 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। राजधानी शिमला में अधिकतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 6.7 डिग्री अधिक है। भुंतर, सोलन और धर्मशाला जैसे क्षेत्रों में भी पारा सामान्य से 4 से 7 डिग्री तक ऊपर दर्ज किया गया। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हालांकि, ठंड का असर बना हुआ है और ताबो में अधिकतम तापमान केवल 2.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम केंद्र के अनुसार सुबह 8:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक प्रदेश के किसी भी हिस्से में वर्षा या हिमपात दर्ज नहीं किया गया।

सभी स्टेशनों पर वर्षा और बर्फबारी शून्य रही। साफ आसमान और धूप खिलने से दिन के तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है, जिससे मैदानी और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में समय से पहले गर्मी का एहसास बढ़ सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाएं बताईं

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** केसीसी बैंक की धर्मशाला शाखा कोतवाली बाजार ने नाबार्ड के प्रायोजित वित्तीय एवं डिजिटल शिविर के आयोजन सौकणी द कोट पंचायत और खनियारा के इंद्रु नाग के साथ किया गया। प्रबंधक योगेश गुप्ता व सहायक प्रबंधक गीता राम चौहान ने बैंक की केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। डिजिटल लेनदेन व ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर पूर्व उपप्रधान पुनी लाल, गगन पठानिया, जैसी, संसार चंद सहित महिलाएं मौजूद रहीं।

### सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल को भेंट किए दो वाटर कूलर



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** सरस्वती विद्या मंदिर पपरोला को स्कूल समिति के अध्यक्ष तिलक राज द्वारा दो वाटर कूलर भेंट किए गए। जिला शिक्षा समिति कांगड़ा के जिला मंत्री रघुवीर सिंह राणा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य सहित सभी अध्यापकों तथा पदाधिकारी वर्ग ने इस सहयोग के लिए तिलक राज का धन्यवाद किया।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में वंशिका जिले में प्रथम

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** लेक व्यू मॉडल स्कूल नंगल चौक में ईडीयू 365 अनअकेडमी द्वारा दिसंबर में आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा में स्कूल के दस विद्यार्थियों ने भाग लिया। दसवीं की छात्रा वंशिका पुत्री संजीव कुमार ने जिलास्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसे प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और स्मार्ट घड़ी उपहार स्वरूप दी गई। अन्य विद्यार्थियों को भी स्मृति चिन्ह और परीक्षा में भाग लेने के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### लंबागांव में लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की लोअर लंबागांव की शाखा ने एंग्लो इंडियन पब्लिक स्कूल लंबागांव में वित्तीय साक्षरता शिविर लगाया। इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ प्रबंधक कुलदीप शर्मा ने की। शिविर में उपस्थित बच्चों को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल लेन-देन, बचत की आदत, ऋण योजनाओं के साथ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की जानकारी दी गई। कुलदीप शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वित्तीय रूप से जागरूक एवं सुरक्षित बनाना है।

### मशीन ऑपरेटर, हेल्पर तथा फिटर के भरे जाएंगे 90 पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि मेराकुई वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड में मशीन ऑपरेटर, हेल्पर और फिटर के 90 पुरुष पद भरे जाएंगे। शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बारहवीं, आईटीआई और डिप्लोमा रखी गई है, आयु 18-35 वर्ष। चयनित आवेदकों को 12,750 से 24,750 रुपए मासिक वेतन मिलेगा। साक्षात्कार 16 फरवरी को धर्मशाला, 17 फरवरी को कांगड़ा और 18 फरवरी को नगरोटा बगवां में सुबह 10:30 बजे आयोजित होंगे। आवेदक पासपोर्ट फोटो, प्रमाण पत्र, बायोडाटा और अनुभव पत्र साथ लेकर आएं। ऑनलाइन आवेदन आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए 98052-56994 पर संपर्क करें।

### स्थाना स्कूल में बताए साइबर ठगी से बचने के तरीके

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** नाबार्ड द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत कांगड़ा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की स्थाना शाखा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला स्थाना में वित्तीय शिक्षा शिविर आयोजित किया। इसमें वाणिज्य संकाय के लगभग 72 विद्यार्थियों ने भाग लिया। शाखा प्रबंधक शरत राल्हन, रजनीश बेदी और दविंदर सिंह ने छात्रों को बुनियादी बैंकिंग, केवाईसी प्रक्रिया, खाता स्वच्छता, डिजिटल लेन-देन और साइबर सुरक्षा के बारे में मार्गदर्शन दिया। प्रधानाचार्य जोगिंदर सिंह ने बैंक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान और भविष्य के लिए तैयार करते हैं।

## पालमपुर में सीटू और इंटक ने किया प्रदर्शन पीएम को भेजा ज्ञापन

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर सीटू और इंटक ने पालमपुर में उपमंडलाधिकारी कार्यालय के समक्ष संयुक्त प्रदर्शन किया। इससे पूर्व बस अड्डा चौक से संयुक्त कार्यालय परिसर तक बड़ी संख्या में श्रमिक, किसान और कर्मचारी रैली में शामिल हुए। प्रदर्शन का नेतृत्व इंटक जिला अध्यक्ष संजय सैनी और सीटू जिला प्रधान केवल कुमार ने किया। प्रदर्शन के उपरांत उपमंडलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में चारों श्रम संहिताओं को निरस्त कर पूर्ववर्ती श्रम कानून बहाल करने, न्यूनतम मजदूरी 30,000 रुपए प्रतिमाह, स्कीम वर्करों को नियमित करने, मनरेगा में 200 दिन रोजगार देने, किसानों को कानूनी गारंटीकृत एमएसपी देने की मांग की गई। स्मार्ट मीटर योजना रोकने, बेरोजगार युवाओं के लिए राष्ट्रीय रोजगार नीति लागू करने, सरकारी रिक्त पदों को भरने और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण की भी मांग रखी गई।

### धर्मशाला में बिजली बोर्ड कर्मी, अधिकारी व पेंशनर्स ने बुलंद की आवाज

# बिजली संशोधन विधेयक और स्मार्ट मीटर का किया विरोध

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** बिजली संशोधन विधेयक 2025 और स्मार्ट मीटर के विरोध में बिजली बोर्ड के कर्मचारी, अधिकारी व पेंशनर्स एकत्रित हुए हैं। इस दौरान धर्मशाला में बिजली बोर्ड स्टाफ व पेंशनर्स ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन करते हुए बिजली संशोधन विधेयक 2025 और स्मार्ट मीटर के विरोध में नारेबाजी की। सेवानिवृत्त इंजीनियर कर्म चंद भारती ने कहा कि बिजली संशोधन विधेयक 2025 के तहत बिजली बोर्ड के निजीकरण की तैयारी की जा रही है।

बिजली बोर्ड के कर्मियों का वेतन व पेंशनर्स की पेंशन, उपभोक्ताओं के बिजली बिलों से प्राप्त होने वाले राजस्व से वेतन व पेंशन का भुगतान होता है। प्रदेश में बिजली बोर्ड के 29 हजार पेंशनर्स हैं और साढ़े बारह हजार स्थायी कर्मचारी हैं, इन कर्मियों व पेंशन, विधेयक पारित होने के बाद कहां से आएगी, क्योंकि राजस्व तो निजी कंपनी के पास चला जाएगा। विधेयक को लेकर सरकार की नीति स्पष्ट नहीं है। प्रदेश की आर्थिक स्थिति अभी खराब है, ऐसे में चिंता यह है कि भविष्य में क्या होगा। अभी सीएम ने 3400 करोड़ का घाटा बताया है, जिसमें 22 हजार करोड़ बिजली बोर्ड ने सरकार से सब्सिडी और सरकारी विभागों से बिजली बिलों का लेना है। सरकार को चाहिए कि बिजली बोर्ड की जो लंबित देनदारियां को वापस करे। जनता अपनी समस्याओं के समाधान और सुविधाओं के लिए राजनेता को चुनती है, लेकिन यदि राजनेता जन अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता तो, जो जनता कुर्सी पर बिठाती है, वही जनता बाहर का रास्ता भी दिखा देती है। यह वर्तमान सरकार की बात नहीं है, पूर्व की सरकार में भी बिजली बोर्ड के साथ ऐसा ही किया है। बिजली कर्मियों व पेंशनर्स की प्रदेश कार्यकारिणी का जो निर्णय होगा, उसी अनुरूप आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बिजली बोर्ड कर्मी, अधिकारी व पेंशनर्स अंतिम समय तक अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे।



धर्मशाला में प्रदर्शन करते बिजली बोर्ड कर्मी व पेंशनर्स। अनंत ज्ञान

## बैजनाथ डिवीजन में बिजली कर्मचारियों की पेन डाउन-टूल डाउन हड़ताल

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** कांगड़ा सर्किल के बैजनाथ डिवीजन में नेशनल को-ऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर पेन डाउन एवं टूल डाउन हड़ताल की गई। आपातकालीन सेवाओं को हड़ताल से बाहर रखा गया, ताकि आम जनता को कोई परेशानी न हो। भोजनावकाश के दौरान बिजली बोर्ड कार्यालय के बाहर निजीकरण के विरोध में जोरदार धरना-प्रदर्शन हुआ, जिसमें सैकड़ों कर्मचारी, अभियंता, आउटसोर्स कर्मी, पेंशनर और विद्युत उपभोक्ता शामिल हुए।

स्थानीय संयुक्त कार्रवाई समिति ने बताया कि केंद्र सरकार राज्य बिजली कंपनियों को निजी हाथों में देने का दबाव बना रही है। विद्युत संशोधन विधेयक, 2025 संसद में पेश किए जाने की संभावना है। निजीकरण के अनुभवों से यह स्पष्ट है कि इसका नकारात्मक असर उपभोक्ताओं और सरकारों पर पड़ा है।

## नगरोटा में भी निजीकरण और स्मार्ट मीटर योजना का विरोध

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** नेशनल को-ऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एम्प्लॉइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर हिमाचल प्रदेश में विद्युत कर्मचारियों, अभियंताओं, आउटसोर्स कर्मियों और पेंशनभोगियों ने पूर्ण रूप से पेन-डाउन एवं टूल-डाउन हड़ताल की।

वहीं नगरोटा बगवां में भी बिजली बोर्ड कार्यालय के बाहर निजीकरण के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया गया। इसमें सैंकड़ों कर्मचारी, अभियंता, आउटसोर्स कर्मचारी, पेंशनर और विद्युत उपभोक्ता शामिल हुए। महिला मंडलों हर-हर महादेव महिला मंडल मोहलकर, प्रधान महिला मंडल लिली, प्रधान महिला मंडल पंचपीरी, शेषनाग महिला मंडल लिली के सदस्य भी प्रदर्शन में मौजूद रहे। कार्यक्रम में विधायक केके कौशल, अखिल भारतीय किसान सभा के अध्यक्ष भाग सिंह चौधरी और अन्य प्रतिनिधि भी शामिल हुए। प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित विद्युत (संशोधन) विधेयक, 2025 का विरोध करना था, जिसमें बिजली बोर्ड के निजीकरण का प्रावधान है। स्थानीय संयुक्त कार्रवाई समिति ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य सरकारों पर निजीकरण के लिए लगातार दबाव बना रही है।

पहले से निजी हाथों में सौंपे गए बिजली वितरण क्षेत्रों में अपेक्षित परिणाम नहीं आए। इसके बावजूद, शेष सरकारी कंपनियों को भी निजीकरण की दिशा में आगे बढ़ाने के प्रयास जारी हैं। संगठन ने स्मार्ट मीटर योजना का भी विरोध किया और कहा कि इससे उपभोक्ताओं पर भारी वित्तीय बोझ आएगा, जबकि इसका लाभ भविष्य में निजी कंपनियों को मिलेगा। इस आंदोलन के माध्यम से कर्मचारियों ने निजीकरण और उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डालने के प्रयासों के खिलाफ कड़ा संदेश दिया।

## किसान सभा ने किया स्मार्ट मीटर का बहिष्कार

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा के सयुल खड्ड में गुरुवार को आयोजित किसान सभा की बैठक किसानों की गुस्से और एकजुटता की आवाज बनी। सभा अध्यक्ष सुरजीत सिंह सपेहिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में सरकार की नीतियों पर तीखी चर्चा हुई। सदस्यों ने स्मार्ट मीटरों के पूर्ण बहिष्कार का ऐलान किया, क्योंकि इसे आम जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बताया गया। इसके अलावा किसान सभा का कार्यकाल वर्ष 2025 में समाप्त होने के बावजूद 12 फरवरी 2026 तक एक वर्ष के लिए बढ़ाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में वन विभाग की भूमिका पर सवाल उठाए गए और आवारा व जंगली जानवरों से फसलों को नुकसान रोकने के लिए प्रभावी बाड़बंदी की मांग की गई। किसानों ने निजी भूमि पर उगाए गए बांस और मगर पर 20 प्रतिशत टैक्स को अन्यायपूर्ण करार देते हुए निजी फसल पर किसी भी प्रकार का कर नहीं लगाने की मांग की।

### 12 मांगों को लेकर धर्मशाला में जुटे सीटू से जुड़े संगठन

# रैली निकालकर डीसी कार्यालय परिसर में किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर वीरवार को देशव्यापी हड़ताल के अवसर पर धर्मशाला जिला मुख्यालय में सीटू से जुड़ी विभिन्न यूनियनों, किसान संगठनों एवं महिला संगठनों के सैकड़ों मजदूरों, किसानों व महिलाओं ने जोरदार भागीदारी दर्ज की।

रैली निकालकर केंद्र सरकार की मजदूर-विरोधी, किसान-विरोधी और जन-विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। रैली का नेतृत्व सीटू के जिला सचिव कॉमरेड रविंदर कुमार, जिला वित्त सचिव कॉमरेड अशोक कटोच, जिला उपाध्यक्ष कॉमरेड चतर सिंह ने किया।

वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह श्रम कानूनों को कमजोर कर मजदूरों के अधिकारों को सीमित करने की दिशा में कार्य कर रही है। महंगाई, बेरोजगारी और सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण से आम जनता का जीवन कठिन होता जा रहा है। यदि सरकार मजदूरों, किसानों और कर्मचारियों की जायज मांगों को शीघ्र स्वीकार नहीं करती है तो आंदोलन को और व्यापक एवं तेज किया जाएगा।



मांगों को न मानने पर आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी। अनंत ज्ञान

### यूनियनों की प्रमुख मांगें

**रैली** के दौरान चारों श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) को वापस लेना और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करने, यूनतम वेतन को बढ़ाकर कम से कम 26,000 रुपए प्रतिमाह निर्धारित करना तथा ठेका प्रथा पर रोक लगानने, आउटसोर्स कर्मियों को नियमित करने, सभी स्कीम वर्करों (आंगनबाड़ी, आशा, मिड-डे मील आदि) को सरकारी कर्मचारी का दर्जा, न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण व विनिवेश पर रोक लगाने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार सृजन और रिक्त पदों को शीघ्र भरने, निर्माण एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने, किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कर्ज मुक्ति, महंगाई पर नियंत्रण तथा आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में कमी लाने, मनरेगा कानून को पुनः बहाल करने तथा अमरीका के साथ डील को निरस्त करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई।

## मोबाइल लोकेशन पर खाई में मिला रिटायर्ड पोस्टमास्टर का शव

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जसवां-परागपुर क्षेत्र में गुमशुदगी की रिपोर्ट के बाद मोबाइल लोकेशन ट्रेस करने पर गुमशुदा पाए गए रिटायर्ड पोस्टमास्टर कर्मचंद का शव बेहड़ भटेड़ में 100 फुट गहरी खाई में गिरी कार के भीतर मिला। कर्मचंद बुधवार को रिश्तेदार को बंदे भारत ट्रेन में बैठाने अंब (ऊना) गए थे और शाम तक लौटने थे। देर रात तक न लौटने पर परिवार ने पुलिस थाना मोईन में गुमशुदगी दर्ज करवाई। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन का सहारा लेकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया और खाई में क्षतिग्रस्त कार खोज निकाली। राहत दल की कड़ी मशक्कत के बाद वाहन तक पहुंचा गया, लेकिन कर्मचंद मृत पाए गए। प्रारंभिक जांच में वाहन के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने की आशंका जताई जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। क्षेत्र में उनके निधन से शोक का माहौल है। एक सम्मानित और सौम्य स्वभाव के व्यक्ति के असामयिक निधन ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया।

## गढ़ जमूला स्कूल के विद्यार्थियों को कैंसर बारे किया जागरूक



नुक्कड़ नाटक से विद्यार्थियों को जागरूक किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गढ़ जमूला में बीएमआरटी अस्पताल की तरफ से कैंसर के बारे में विद्यालय के विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। इस जागरुकता अभियान में विवेकानंद मेडिकल रिसर्च ट्रस्ट के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए विद्यालय के विद्यार्थियों को कैंसर के प्रति जागरूक किया।

बीएमआरटी के विद्यार्थियों ने कैंसर किस तरह होता है और इसका बचाव कैसे किया जा सकता है के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने विज्ञान विषय के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करके नई-नई जानकारियां दीं। इस अभियान में बीएमआरटी के नर्सिंग स्टूडेंट्स के साथ विवेकानंद हॉस्पिटल से आए हुए डॉक्टर व सदस्य डॉ. कुलदीप बाघ, रिया, सुशील कुमार, आशीष, अखिल, रोहित ने भाग लिया। इस प्रोग्राम की अध्यक्षता अजय सिंह उप प्रधानाचार्य (प्रवक्ता रसायन विज्ञान) ने की, साथ ही इस विद्यालय के अन्य स्टाफ जिसमें विकास नाग, शिवानी, हरबंस लाल, संजीव, अनिल, रेणु जम्वाल, रमन कश्यप, भारती अरोड़ा, सतीश राणा, विशाल, अनिल, सविता, संदीप, राजेश, अरुण वालिया, शबनम, अधिक्षक नेकचंद, सुप्रिया आदि ने भाग लिया।

## ग्रेच्युटी, लीव इन कैशमेंट के बिल जल्द बनाने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पेंशन संघ के प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा ने जिला कांगड़ा के सभी डीडीओज से मांग की है कि हिमाचल प्रदेश सरकार के 27 जनवरी के पत्र अनुसार जो चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी जनवरी 2016 से जनवरी 2022के बीच सेवानिवृत हुए हैं, उनको ग्रेच्युटी तथा लीव इन कैशमेंट का बकाया मिलना है उनके बिल बनाकर अपने-अपने क्षेत्र के कोषाधिकारी या उपकोषाधिकारियों के दफ्तरों में दे दें, ताकि उनको जल्द से उनके बकाये का पैसा मिल जाए। प्रधान ने चतुर्थ श्रेणी के सभी पेंशनर्स से जो इस श्रेणी में आते हैं तथा जो जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत हुए हैं।

अनुरोध किया कि वे अपने अपने खातों को चैक कर लें, यदि किसी के खाते में राशि नहीं आती है तो अपने अपने खंडों के प्रधानों को को जानकारी दें। जिला कांगड़ा पेंशन संघ, पेंशनर्स के हर कार्यों के लिए वचनबद्ध है।

# तृप्ता पब्लिक स्कूल में मनाया मातृ-पितृ पूजन दिवस

अनंत ज्ञान

**जवाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा में मातृ पितृ पूजन मनाया गया। इसमें सेवानिवृत प्रधानाचार्य राजिंदर प्रसाद, शिव कुमार, राजेश्वर, बीना देवी, नीलम और अंजना ने शिरकत की। वहीं, विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने अतिथियों का स्वागत किया।

अतिथियों ने बच्चों में संस्कार युक्त शिक्षा देना हम दिन-प्रतिदिन अपने संस्कारों को भूल रहे हैं और पाश्चात्य संस्कृति को अपना रहे है हमें इसका त्याग कर अपनी सभ्यता और संस्कृति को अपनाना है। उन्होंने विधालय में बच्चों को माता-पिता के ऋण को हम कभी भी नहीं चुका सकते हैं। माता-पिता अपने बच्चों को हर वे संभव संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान करते हैं, परंतु आजकल के युग में हम पाश्चात्य सभ्यता को अपना रहे हैं और अपने संस्कारों को भूल रहे हैं, कहीं पर वेलेटाइन-डे मना रहे, तो कहीं रैप शो हो रहे हैं। ऐसी सभ्यता संस्कृति को त्याग कर अपने मातृ पितृ का पूजन करना है। इस अवसर पर आए हुए अतिथियों ने एक डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से किस प्रकार से मातृ पितृ पूजन करना है, करके बताया और बड़े ही सुंदर भजन और मंत्र उच्चारण के साथ मातृ-पितृ पूजन किया गया, जो बच्चे अपने माता-पिता को प्रणाम चरणस्पर्श करता उसकी चार बातें बढ़ती है। यश, कीर्ति, आयु और बल बढ़ता है। इसके बाद बच्चों द्वारा मातृ-पितृ पूजन फूलमाला दीपक अक्षत चढ़ाकर पूजन किया गया। इसके उपरांत माता-पिता बच्चों को अपनी फूलमाला पहना कर गले मिलकर उनके सिर पर हाथ फेरते हुए आशीर्वाद दिया गया। इसके बाद संकल्प दिलाकर अपने माता-पिता को मातृ पितृ पूजन करेंगे और उसके बाद बच्चों ने अपने माता-पिता को प्रसाद खिला कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आए हुए अतिथियों ने अपने संदेश में कहा कि हम दिन-प्रतिदिन अपने नैतिक मूल्यों अपने संस्कारों को भूलते जा रहे हैं। अत: हमें अपने नैतिक मूल्यों का पालन करना चाहिए और संस्कारित बनना चाहिए। हमें अपने गुरुओं, माता-पिता और बड़ों का सम्मान करना चाहिए और सभी के साथ आदरपूर्वक व्यवहार करना चाहिए। इसके बाद विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने आए हुए अतिथियों का इतना शानदार ज्ञान युक्त संस्कार युक्त जानकारी प्रदान करने के लिए धन्यवाद किया।



बच्चों ने फूलमाला, दीपक व अक्षत चढ़ाकर किया पूजन। अनंत ज्ञान

# किसानों की आय बढ़ाने को केंद्र सरकार प्रतिबद्ध, बजट में किए ठोस प्रावधान : परमार



किसान संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के भेड़ी (बालक रूपी) में भाजपा किसान मोर्चा, संसदीय क्षेत्र कांगड़ा की ओर से वीरवार को किसान संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुलह के विधायक एवं वरिष्ठ नेता विपिन सिंह परमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस अवसर पर किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजीव देस्ट, जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान और बैजनाथ के पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्रीय बजट 2026 में किसानों के हित में किए गए प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देना रहा। संवाद के दौरान कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, ग्रामीण विकास को सुदृढ़ करने, किसान क्रेडिट की पहुंच बढ़ाने और कृषि अवसंरचना को मजबूत बनाने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। परमार ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों की आय दोगुनी करने और कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बजट में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, कृषि उपकरणों पर अनुदान, फसल बीमा योजना में सुधार और ग्रामीण ढांचे को मजबूत करने के लिए ठोस प्रावधान किए गए हैं।

### कांग्रेस सरकार अपने वादों को नहीं कर पाई पूरा : रविंद्र

**पूर्व** विधायक रविंद्र धीमान ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि राज्य स्तर पर किसानों से किए गए वादों को प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को समय पर भुगतान और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में प्रदेश सरकार असफल रही है। उन्होंने सरकार से किसानों के मुद्दों को प्राथमिकता देने की मांग की। किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजीव देस्ट ने कहा कि किसान संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक किसान तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो सके।

# वार्षिक आय सीमा 3 लाख से बाहर हो रहे आश्रितों को भी नौकरी दे सरकार



प्रदेश करुणामूलक संघ ने उठाई मांग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश करुणामूलक संघ ने प्रदेश सरकार से वार्षिक आय सीमा 3 लाख रुपये से बाहर हो रहे आश्रितों को भी नौकरी देने की मांग उठाई है। प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र अत्री ने धर्मशाला में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि प्रदेशभर में लगभग 3234 करुणामूलक आश्रितों के मामले लंबित हैं।

आय सीमा 3 लाख तय होने से करीब 1500 मामले पात्र हो रहे हैं, जबकि लगभग 1500 आश्रित इस दायरे से बाहर होकर नौकरी से वंचित रह जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन परिवारों ने भी अपने कमाने वाले सदस्य को खोया है और 15-20 वर्षों से नौकरी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। अत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पूर्व बिना शर्त वन टाइम सेटलमेंट का वादा किया था, लेकिन अब उससे पीछे हट रही है। संघ ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर विधानसभा घेराव किया जाएगा। संघ की प्रमुख मांगों में 5 लाख तक आय सीमा निर्धारित करना, 22 अगस्त 2022 की नोटिफिकेशन के तहत रिजेक्ट 2554 मामलों पर पुनर्विचार, 5 प्रतिशत कोटा समाप्त करना तथा रिक्त पदों का अन्य विभागों में समायोजन शामिल है।

### आधुनिक उपचार विकल्पों पर चर्चा के लिए विशेष चिकित्सा सत्र आयोजित

# ब्रेन-स्पाइन सर्जरी में आधुनिक तकनीकों से इलाज सुरक्षित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** ब्रेन और स्पाइन रोगों के बढ़ते मामलों तथा उनके आधुनिक उपचार विकल्पों पर चर्चा करने के लिए कांगड़ा में विशेष चिकित्सा सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में टांडा मेडिकल कॉलेज के प्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. अमित जोशी और स्पाइन विशेषज्ञ डॉ. अमित भारद्वाज ने भाग लिया और मीडिया के साथ संवाद करते हुए बताया कि सर्जरी के क्षेत्र में तेजी से हो रहे तकनीकी विकास ने मरीजों के उपचार परिणामों में उल्लेखनीय सुधार किया है।

विशेषज्ञों ने कहा कि ब्रेन और स्पाइन से जुड़ी बीमारियों के शुरुआती लक्षणों की पहचान बेहद जरूरी है। लगातार पीठ दर्द, शरीर में कमजोरी या सुन्नपन, संतुलन बिगड़ना, लगातार सिरदर्द, बोलने या देखने में बदलाव जैसे संकेतों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर जांच और परामर्श से उपचार की सफलता दर और जीवन की गुणवत्ता दोनों में सुधार संभव है। डॉक्टरों ने बताया कि वर्तमान में उपचार के कई विकल्प उपलब्ध हैं, जिनमें दवाइयों और फिजियोथेरेपी के जरिए कंजर्वेटिव मैनेजमेंट, मिनिमली इनवेसिव स्पाइन सर्जरी तथा एडवांस ब्रेन सर्जरी तकनीकें शामिल हैं। उपचार का निर्णय मरीज की स्थिति, समग्र स्वास्थ्य और बीमारी की गंभीरता के आधार पर व्यक्तिगत रूप से लिया जाता है।




विशेषज्ञों ने दी समय पर जांच करवाने की सलाह। अनंत ज्ञान

### मिनिमली इनवेसिव तकनीकों का उपयोग बढ़ा

**स्पाइन** सर्जरी के क्षेत्र में हुए बदलावों का जिक्र करते हुए विशेषज्ञों ने कहा कि पारंपरिक ओपन सर्जरी की जगह अब मिनिमली इनवेसिव तकनीकों का उपयोग बढ़ा है, जिससे ऊतकों को कम नुकसान, रक्तस्राव में कमी, अस्पताल में कम समय तक भर्ती और जल्दी रिकवरी संभव हो पाती है। उन्नत इमेजिंग और नेविगेशन तकनीकों के इस्तेमाल से सर्जरी की सटीकता और सुरक्षा भी बढ़ी है।

**मरीजों को मिल रही तेज रिकवरी :** ब्रेन सर्जरी में भी नेविगेशन-गाइडेड और एंडोस्कोपिक तकनीकों ने सर्जनों को अधिक सटीकता के साथ काम करने में सक्षम बनाया है, जिससे मस्तिष्क के संवेदनशील हिस्सों को न्यूनतम जोखिम के साथ सुरक्षित रखा जा सकता है। इन नवाचारों से मरीजों को बेहतर परिणाम और तेज रिकवरी मिल रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती पर करवाई भाषण स्पर्धा

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल आलमपुर में स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर छात्रों ने सामूहिक हवन में श्रद्धापूर्वक आहुतियां समर्पित कीं। छात्रों ने कविता वाचन, भजन गायन और भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया तथा भव्य रैली आयोजित की। रैली में छात्र 'आर्य समाज अमर रहे' और 'वेद की ज्योति जलती रहे' जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य बिक्रम सिंह ने छात्रों को स्वामी दयानंद के आदर्श जीवन और समाज सुधार के योगदान के बारे में जानकारी दी और अध्यापकों से छात्रों में नैतिक मूल्यों का संचार करने का अनुरोध किया।

### बैजनाथ में चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** घट्टा प्वॉइंट बैजनाथ में 'हमारे पहाड़, हमारी जिम्मेदारी' विषय पर सामुदायिक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे और आमजन को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। इस अभियान में वेस्ट वॉरियर्स, तिब्बती समुदाय, सेवानिवृत्त सैनिक और शिव मंदिर न्यास के सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए। प्रतिभागियों ने क्षेत्र में फैला कूड़ा-कचरा एकत्र किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। एसडीएम ने सभी स्वयंसेवकों और संस्थाओं का आभार व्यक्त किया और आमजन से अपील की कि वे स्वच्छता बनाए रखें और कूड़ा-कचरा निर्धारित स्थानों पर ही फेंकें

### महिलाओं को ई-श्रम कार्ड के लाभों की दी जानकारी

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** नगर निगम पालमपुर ने सीएसआईआर-आईएचबीटी पालमपुर और मैनेजर ई-डिस्ट्रिक्ट, धर्मशाला के सहयोग से नगर निगम क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता महापौर गोपाल नाग ने की। महिलाओं को प्राकृतिक उत्पाद जैसे हल्दी, रागी, आंवला पाउडर, शहद और अचार बनाने, पैकेजिंग और विपणन की जानकारी दी गई। मैनेजर ई-डिस्ट्रिक्ट ने योगी मान-धन श्रम योजना और ई-श्रम कार्ड के लाभों की जानकारी साझा की। गोपाल नाग ने कहा कि प्रशिक्षण और विपणन सहयोग से महिलाओं की आय बढ़ेगी और वे आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी। उपमहापौर, पार्षद और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

### शाहपुर की बेटी डॉ. प्रतिभा बनीं पर्यावरण अधिकारी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर की बेटी डॉ. प्रतिभा जरियाल ने हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा उत्तीर्ण कर पर्यावरण अधिकारी (प्रशिक्षु) के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनकी प्रथम नियुक्ति कांगड़ा जिला के डिप्टी कमिश्नर कार्यालय, धर्मशाला में हुई है। डॉ. प्रतिभा ने बीएससी, एमएससी और पीएचडी बॉटनी की पढ़ाई की और सीएसआईआर यूजीसी नेट-जेआरएफ परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। उनके कई शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हैं। उनकी इस उपलब्धि ने शाहपुर और आसपास के क्षेत्रवासियों में गर्व और प्रेरणा का संचार किया है।

### अक्षुल व सात्विक छात्रवृत्ति के लिए चयनित



**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** डीएवी स्कूल नगरोटा सूरियां की छात्रा अक्षुल भारती (10वीं) एवं सात्विक भंडारी (5वीं) का चयन शिव मंदिर काठगढ़ छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। कार्यकारी प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह सोहल ने बताया कि इन दोनों बच्चों की उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए शिव मंदिर काठगढ मंदिर समिति द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव में सम्मानित किया जाएगा। प्रधानाचार्य एवं समस्त विद्यालय के स्टाफ ने दोनों बच्चों को बधाई दी

### महिला आयोग की अदालत में 11 मामलों की सुनवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग ने वीरवार को मंडलीय आयुक्त कार्यालय, धर्मशाला में जिला स्तर पर विशेष अदालत का आयोजन किया। आयोग की अध्यक्षा विद्या नेगी, सदस्य सरोज शर्मा, रीना पुंडीर और रीना दरोच ने पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दिन कुल 11 मामलों की सुनवाई हुई, जिनमें से 4 लंबित रखे गए, 4 का निपटारा किया गया और 3 मामलों को आगामी कार्रवाई के लिए पुलिस को भेजा गया। यह पहल महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने और उनके मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई।

### विधायक किशोरी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल ने राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव-2026 की तैयारियों का निरीक्षण किया। यह महोत्सव 15 से 19 फरवरी तक श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान विधायक ने पंडाल, मंच, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुरक्षा, पार्किंग, स्वच्छता और पेयजल व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। किशोरी लाल ने कहा कि महोत्सव बैजनाथ की धार्मिक पहचान है और सभी विभागों के समन्वय से इसे भव्य, सुव्यवस्थित और यादगार बनाने का आह्वान किया।

### इशिता मिस और अक्षक बने मिस्टर फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, देहरा।** गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई पार्टी दी। मिस्टर-मिस फेयरवेल अक्षक और इशिता, मिस्टर-मिस गैलेक्सी अर्षित और अंकिता, मिस्टर-मिस आईकॉनिक जतिन और अक्षरा, मिस्टर हैंडसम सुधांश, मिस ग्लैमर अर्शिया, मिस दिवा आस्था, मिस परफेक्ट आरुषि चयनित हुए। स्कूल निदेशक डॉक्टर गुलशन कुमार, निदेशिका किरण लता वैद्य, प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा, उप प्रधानाचार्या श्वेता वैद्य व सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा ने विद्यार्थी जीवन पर प्रकाश डालते हुए स्कूल और शिक्षा के महत्व को समझाया।

### धर्मशाला में घर से गहने चोरी, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत घर से गहने चोरी होने का मामला सामने आया है। सिविल बाजार धर्मशाला निवासी महिला ने पुलिस थाना धर्मशाला में दर्ज करवाई कि उसके घर काम करने वाली महिला ने सोने का 5 तोले का सेट, 2 डायमंड की अगूंठियां, एक बाली तथा ब्रेसलेट चोरी कर ि्लए हैं। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जारी है।

# नगरोटा विस क्षेत्र में घरद्वार स्वास्थ्य सुविधाएं देगी हंस फाउंडेशन : आरएस बाली

## कैबिनेट रैंक मंत्री ने किया 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** नगरोटा विधानसभा के हर गांव में अब हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट पहुंचकर घर-घर निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगी। यह बात प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने हंस फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट का 53 मील, नगरोटा, रड और बड़ोह में शुभारंभ करने के दौरान कही। इस मौके पर सीएमओ विवेक करोल, हंस फाउंडेशन के हेड विकास, बीएमओ रूबी भारद्वाज, मान सिंह, प्रताप रियाड़ और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। आरएस बाली ने बताया कि प्रत्येक



मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारंभ करते आरएस बाली। अनंत ज्ञान

यूनिट हर महीने दो बार प्रत्येक गांव में जाकर फ्री चेकअप, टेस्ट और बीमारी के अनुसार निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराएगी। प्रत्येक यूनिट में एमबीबीएस डॉक्टर, फार्मासिस्ट, टेक्नीशियन, नर्स और ड्राइवर होंगे।

उन्होंने बताया कि चार यूनिट्स पर प्रतिमाह कुल 1 करोड़ 60 लाख रुपए का खर्च आएगा, जिसे पूरी तरह हंस फाउंडेशन वहन करेगी। इसके अतिरिक्त बड़ोह अस्पताल में डायलिसिस यूनिट भी स्थापित की जा रही है, जिसके लिए फाउंडेशन लगभग 50 लाख रुपए खर्च करेगी। उन्होंने ने हंस फाउंडेशन की टीम और संस्थापक मनोज भार्गव राघव एवं श्वेता रावत का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह पहल क्षेत्रवासियों के लिए जीवनदायी साबित होगी तथा कमजोर वर्गों को स्वास्थ्य सेवाओं तक सरल और सुलभ पहुंच प्रदान करेगी।

### बड़ोह में सौंदर्यीकरण योजना का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** आरएस बाली ने बंडोह में सौंदर्यीकरण योजना का शिलान्यास किया। इस मौके पर उनके साथ प्रोजेक्ट मैनेजर मनोहर लाल शर्मा, एई दीपक भारद्वाज सहित समस्त विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर शिलान्यास किया। उएन्होंने कहा बड़ोह के सौंदर्यीकरण के पहले चरण में 1 करोड़ 19 लाख रुपए खर्च किए जाएगा, जिससे बड़ोह बस स्टैंड से लेकर पंचायत तक लगभग 1.5 किलोमीटर में पाथवे, सोलर लाइट, नालियां, पौधरोपण, बेंच, डस्टबीन लगाएं जाएंगे। उन्होंने कहा लोगों को आने-जाने और बैठने के लिए सुंदर वातावरण मिलेगा और यहां पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा।

### कुरुक्षेत्र विवि बना इंटर जोनल महिला कबड्डी चैंपियनशिप का विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** धर्मशाला स्थित इंडोर स्टेडियम में भारतीय विश्वविद्यालय संघ एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय इंटर जोनल महिला कबड्डी चैंपियनशिप 2026 का समापन वीरवार को हुआ। चार दिवसीय प्रतियोगिता में देशभर की 15 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, हरियाणा ने लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, पंजाब को 39-36 अंकों से हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को गोल्ड मेडल और ट्रॉफी, उपविजेता टीम को सिल्वर मेडल और ट्रॉफी प्रदान की गई। सेमीफाइनल में हारने वाली गुरु काशी विश्वविद्यालय और एलएन मिथिला (दरभंगा) टीमों को कांस्य पदक और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि धैर्य, अनुशासन और टीम भावना विकसित करने का माध्यम है।

### हैप्पी बर्थडे



ज्वालामुखी के आदिश एवं अनाया को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### नई जोड़ी



बलासपुर रघुनाथपुरा के दीपक कुमार और ज्योरीपत्तन की साक्षी को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम हैं खेल : पराशर

## गरली के खन्ना में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में अंब टीम बनी विजेता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** गरली के खन्ना में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में अंब की टीम विजेता रही। वीरवार को समापन समारोह में कैप्टन संजय पराशर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। पराशर के आगमन पर आयोजक समिति, और युवाओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। टूर्नामेंट स्थल पर उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, ग्रामीण तथा युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे।

संजय पराशर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित ऐसे खेल आयोजनों से प्रतिभाओं को मंच मिलता है और युवाओं को सकारात्मक दिशा भी प्राप्त होती है। खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम है।

खेलों से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और संघर्षशीलता का विकास होता है, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता



क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन पर पराशर ने की शिरकत। अनंत ज्ञान

के लिए आवश्यक गुण हैं। उन्होंने युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया और कहा कि आज के समय में खेल ही वह सशक्त माध्यम है जो युवाओं को ऊर्जा और लक्ष्य दोनों प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि यदि युवा अपनी ऊर्जा को खेल और रचनात्मक कार्यों में लगाएं, तो वे अपने परिवार और पूरे समाज का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। पराशर ने आयोजक समिति की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उचित मार्गदर्शन और अवसर की है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी वह ऐसे आयोजनों के लिए हर संभव सहयोग देने का प्रयास करेंगे। वहीं, फाइनल मुकाबला अंब व गरली खन्ना के बीच हुआ जिसमें अंब टीम ने पहले खेलते हुए 114 रन का लक्ष्य स्थानीय टीम को दिया। गरली टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 45 रन ही बना पाई।

### युवती को तंग करने व धमकाने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला में चंबा जिले की एक छात्रा की शिकायत पर ऊना निवासी युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। छात्रा ने बताया कि वर्ष 2018 में धर्मशाला में ट्रेनिंग के दौरान उसकी युवक से जान-पहचान हुई थी। शुरुआत में युवक उसे तंग करता था, जिसके कारण छात्रा ने उससे बात करना बंद कर दिया। इसके बावजूद युवक लगातार उसे परेशान और धमकियां देने लगा। वीरवार को चरान खड्ड के पास छात्रा लाईब्रेरी में पढ़ाई कर रही थी। जब वह बाहर आई तो युवक उसके पास आया और धमकी दी कि अगर बात नहीं की तो वह उसे जान से मार देगा और खुद भी आत्महत्या करेगा। साथ ही युवक ने कहा कि छात्रा की फोटो सोशल मीडिया पर डाल देगा। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने पुष्टि की कि शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच जारी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### आज मैक्लोडगंज लौटेंगे धर्मगुरु दलाईलामा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** तिब्बतियों के सर्वोच्च धर्मगुरु दलाईलामा शुक्रवार को मैक्लोडगंज पहुंचेंगे। तिब्बती समुदाय ने धर्मगुरु के स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली हैं। कांगड़ा एयरपोर्ट से मैक्लोडगंज तक जगह-जगह तोरणद्वार लगाए गए हैं। धर्मगुरु दिसंबर में दक्षिण भारत की यात्रा पर गए थे और दो माह बाद वापसी कर रहे हैं। उनके आगमन से तिब्बती नववर्ष लोसर उत्सव का उत्साह दोगुना होगा। धर्मगुरु की उपस्थिति में देश-विदेश के बौद्ध अनुयायी उनसे मिलने आएंगे, जिससे पर्यटन गतिविधियों में भी वृद्धि होगी और मैक्लोडगंज क्षेत्र में चहल-पहल बढ़ जाएगी।

### उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि जिला कांगड़ा में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन हेतु इच्छुक व्यक्तियों, संस्थाओं और स्वयं सहायता समूहों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन 18 फरवरी 2026 तक केवल ऑनलाइन माध्यम से किए जा सकते हैं। आवश्यक दस्तावेजों में पंजीकरण प्रमाण पत्र, वित्तीय प्रबंधन दस्तावेज, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, जाति प्रमाण पत्र और वार्ड निवासी प्रमाण पत्र शामिल हैं। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे। अधिक जानकारी के लिए 01892-222877 पर संपर्क किया जा सकता है।

### मैक्लोडगंज: कैफे में बैठे युवक पर कांच से हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत एक युवक पर कांच से हमला होने की घटना सामने आई है। शिकायतकर्ता पेमा त्सेरिंग ने बताया कि वह अपने दोस्त तेनजिन नोरबू के साथ कैफे में बैठे थे, तभी जिग्मे नामक व्यक्ति ने अचानक तेनजिन के चेहरे पर टूटे हुए कांच से हमला कर दिया। तेनजिन गंभीर रूप से घायल हो गया और खून बहने पर उसे पहले डेलेक अस्पताल और फिर टांडा हॉस्पिटल कांगड़ा ले जाया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 118(1) में मामला दर्ज किया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि की।

### 200 ग्राम चरस सहित दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना नूरपुर की टीम ने भलूण पुल के पास नाकाबंदी के दौरान एक स्कॉर्पियो की तलाशी ली, जिसमें से 200 ग्राम चरस बरामद की गई। वाहन में मौजूद चंबा जिले के दिनेश और अनिल को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने चरस को कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। एसपी नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने इस कार्रवाई की पुष्टि की और आम जनता से अपील की कि नशा तस्करी से संबंधित किसी भी सूचना को तुरंत पुलिस के साथ साझा करें और समाज को नशा मुक्त बनाने में सहयोग करें।

### गदियाड़ा में व्यक्ति से 58 ग्राम चरस पकड़ी

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** पुलिस थाना लंबागांव के तहत एक व्यक्ति से चरस बरामद की है। पुलिस टीम जब गश्त पर थी तो गदियाड़ा में पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना मिली। पुलिस ने जब बलदीप राणा निवासी खैरी की तलाशी ली तो उसके पास से 57 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस थाना लंबागांव में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसपी कागड़ा अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि की है।

# कुल्लू में बिजली महादेव में रोपवे परियोजना का निर्माण कार्य बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी को संसद में बताया कि कुल्लू जिले के बिजली महादेव में कार्यरत रोपवे परियोजना का निर्माण कार्य स्थानीय नागरिकों के विरोध और प्रदर्शनकारियों द्वारा रोपवे पर कार्यरत कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार की बजह से जुलाई 2025 से बंद कर दिया है। क्योंकि स्थानीय नागरिक सांस्कृतिक, ऐतिहासिक कारणों का हवाला देकर इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 272 करोड़ रुपए लागत की इस परियोजना का निर्माण कार्य हाइब्रिड एन्युटी मोड के माध्यम से अवार्ड किया गया तथा इ परियोजना की फारेस्ट क्लीयरेंस प्रदान की जा चुकी है।

- **केंद्रीय मंत्री गडकरी ने सांसद इंदु गोस्वामी को दी जानकारी**

**प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 5 .32 लाख परिवार कवर :** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने राज्यसभा सांसद इंदु को बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 31 मार्च 2026 तक प्रदेश में 5.32 लाख परिवारों को कवर किया गया है और इसके तहत राज्य में लाभार्थिओं को 13.68 लाख आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 31 मार्च 2026 तक कांगड़ा और चंबा जिलों में 73 सरकारी और निजी अस्पतालों को इम्पैनल किया गया है। कांगड़ा जिले में 24 सरकारी और 36 प्राइवेट अस्पताल इम्पैनल किए गए हैं। चंबा में 8 सरकारी और 5 प्राइवेट अस्पताल इम्पैनल किए गए।

### छात्रा मौत मामला : रिपोर्ट के अध्ययन में जुटी पुलिस

# पुलिस के पास पहुंची आरोपी प्रोफेसर के लाई डिटेक्ट, ब्रेन व वॉयस टेस्ट की रिपोर्ट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला की छात्रा मौत, रैगिंग और यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी प्रोफेसर के हुए लाई डिटेक्ट, ब्रेन व वॉयस टेस्ट की रिपोर्ट पुलिस को प्राप्त हो गई है। अब पुलिस इसका अध्ययन व विश्लेषण करेगी। पुलिस जानकारी के अनुसार बीते माह 29, 30 व 31 जनवरी को मामले में आरोपित सहायक प्रोफेसर का लाई डिटेक्ट, ब्रेन व वॉयस टेस्ट शिमला में हुआ था।

अब इस मामले में आरएफएसएल से मोबाइल फोनों की प्राप्त डिजिटल रिपोर्ट, मामले को लेकर गठित मेडिकल रिपोर्ट व अन्य सभी जांच पहलुओं के आधार पर पुलिस द्वारा जांच को आगे बढ़ाया जाएगा। मामले को लेकर शुक्रवार को आरोपी सहायक प्रोफेसर सहित दो छात्राओं की अंतरिम जमानत पर भी फैसला होगा, जबकि बताया जा रहा है कि पुलिस दोबारा आरएफएसएल से मोबाइल फोनों की प्राप्त डिजिटल रिपोर्ट सहित लाई डिटेक्ट, ब्रेन व वॉयस टेस्ट से संबंधित स्टेटस रिपोर्ट सहित पूरे मामले की जानकारी कोर्ट में पेश करेगी। गौरतलब है कि धर्मशाला की एक 19 वर्षीय छात्रा की 26 दिसंबर को संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी। 31 दिसंबर व 1 जनवरी को वीडियो वायरल होने के बाद तूल पकड़ा था। इसके पश्चात 1 जनवरी को धर्मशाला कॉलेज की 4 छात्राओं के खिलाफ रैगिंग व मारपीट, जबकि एक प्रोफेसर पर शारीरिक उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज किया गया। इसके बाद यूजीसी, महिला आयोग व राज्य शिक्षा निदेशालय ने इस प्रकरण का संज्ञान लिया था। साथ ही मामले को लेकर मेडिकल बोर्ड का गठन किया था। मेडिकल बोर्ड द्वारा पुलिस को रिपोर्ट सौंपी जा चुकी है। उधर, एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि छात्रा मौत मामले में पुलिस को आरोपी सहायक प्रोफेसर के हुए लाई डिटेक्ट, ब्रेन व वॉयस टेस्ट की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी हैं। इसका अध्ययन व विश्लेषण करने के साथ जांच को आगे बढ़ाया जाएगा। शुक्रवार को मामले में आरोपी सहायक प्रोफेसर व दो छात्राओं की अंतरिम जमानत पर कोर्ट में सुनवाई होगी।

### मांगों को लेकर एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश सहित कांगड़ा जिले में 108 व 102 एंबुलेंस सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर पांच दिन की हड़ताल वीरवार से शुरू कर दी है। यह हड़ताल 17 फरवरी तक जारी रहेगी। एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन सीटू ने नेशनल हेल्थ मिशन और मेडस्वान फाउंडेशन प्रबंधन पर कर्मचारियों के शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। यूनियन का कहना है कि कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन नहीं दिया जा रहा, अतिरिक्त समय तक काम करवाया जाता है लेकिन ओवरटाइम का भुगतान नहीं होता और छुट्टियां भी नहीं मिलतीं। इसके अलावा कर्मचारियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, मनमाने स्थानांतरण किए जा रहे हैं और कई कर्मचारियों को ड्यूटी से दूर रखा गया है। यूनियन ने न्यूनतम मासिक वेतन 30 हजार रुपए, लंबित सुविधाओं का भुगतान, ईपीएफ और ईएसआई संबंधी त्रुटियों का सुधार, बीमारी और आपात परिस्थितियों में पूर्ण वेतन सुनिश्चित करने की मांग भी रखी है। हड़ताल के चलते अस्पतालों में मरीजों की आवाजाही प्रभावित होने की संभावना है, जबकि गंभीर मरीजों और गर्भवती महिलाओं के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

## विभिन्न श्रेणियों के 5,623 पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने की अधिसूचना जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत इन-सर्विस शिक्षकों के लिए करियर में नई ऊंचाई का अवसर आया है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने प्रदेश के 134 सीबीएसई संबद्ध सरकारी स्कूलों में सीबीएसई सब-कैडर-2026 के तहत विभिन्न श्रेणियों के 5,623 पदों को प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) के आधार पर भरने के लिए अधिसूचना जारी की है। इनमें प्रिंसिपल के 134 पद, अंग्रेजी में 384, कॉमर्स में 288, इतिहास, हिंदी और राजनीति शास्त्र में 182-182 पद, टीजीटी आर्ट्स के 480 और जेबीटी के 640 पद शामिल हैं। इसके अलावा शारीरिक शिक्षक, संगीत, शास्त्री और भाषा अध्यापकों के लिए भी रिक्तियां हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 11 फरवरी 2026 से शुरू होकर 24 फरवरी 2026 तक बिना विलंब शुल्क चलेगी। 25 से 27 फरवरी तक आवेदन 600 रुपए विलंब शुल्क के साथ किया जा सकता है। सुधार (कोरेक्शन) की सुविधा 28 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक उपलब्ध रहेगी। चयन 22 मार्च 2026 को स्क्रीनिंग टेस्ट के माध्यम से किया जाएगा। बोर्ड मेरिट सूची तैयार करेगा, जिसके बाद निदेशालय पात्रता और सेवा रिकॉर्ड जांच कर प्रतिनियुक्ति आदेश जारी करेगा। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया कि यह भर्ती केवल हिमाचल प्रदेश में कार्यरत नियमित इन-सर्विस शिक्षकों के लिए है। विस्तृत जानकारी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट और हेल्पलाइन 01892-242192 पर उपलब्ध है।

# विधायक केवल पठानिया ने 71वीं बार रक्तदान कर मनाया जन्मदिन

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** रैत स्थित लक्ष्मी मैरेज पैलेस में शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया का जन्मदिन सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के अग्रणी संगठनों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों और जिला कांगड़ा के गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर, केक काटकर और शुभकामनाएं देकर सम्मानित किया। विधायक केवल सिंह पठानिया ने 71वीं बार रक्तदान कर समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।



200 बच्चों को वितरित किए स्कूल बैग अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों का स्नेह और आशीर्वाद उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने घोषणा की कि लगभग 8 हजार स्कूली बच्चों को पानी की बोतलें भेंट की जाएंगी। वहीं, 200 बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए। इस अवसर पर युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इसके साथ ही निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। कार्यक्रम में हजारों लोगों ने भाग लिया, विधायक ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। वरिष्ठ नागरिकों से आशीर्वाद और युवाओं से शुभकामनाएं प्राप्त कीं। विधायक की माता विद्या देवी और धर्मपत्नी डॉ. सुनंदा पठानिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

## शिक्षा बोर्ड ने डॉ. राधाकृष्णन छात्रवृत्ति के लिए मांगे आवेदन

**हिमाचल दस्तक। धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डॉ. राधाकृष्णन छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी प्रतिभाशाली छात्र को आर्थिक तंगी के कारण शिक्षा से वंचित न होना पड़े। इस छात्रवृत्ति में चयन केवल मेरिट के आधार पर नहीं, बल्कि परिवार की आय को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। योजना के अनुसार, वे विद्यार्थी पात्र होंगे जिनके परिवार की वार्षिक आय सभी स्रोतों से 1,00,000 रुपए तक हो। मैट्रिक और 12वीं कक्षा के लिए प्रत्येक 14 छात्रवृत्तियां निर्धारित की गई हैं। इच्छुक अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन प्रपत्र और दिशा-निर्देश प्राप्त कर सकते हैं। भरे हुए फॉर्म को विद्यालय के प्रधानाचार्य या संस्थान प्रमुख से सत्यापित कर 11 मार्च 2026 तक संबंधित बोर्ड शाखा में जमा करना अनिवार्य है।

# विधायक मलेंद्र ने इंदौरा में किया 6 जिमों का शिलान्यास

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने बीडीओ कार्यालय परिसर में क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में 18 लाख रुपए की लागत से स्थापित किए जाने वाले 6 जिमों का शिलान्यास किया।

उन्होंने कहा कि खेल और स्वास्थ्य से जुड़ी आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इन जिमों से युवाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मिलेंगी और नशे से दूर रहने का सकारात्मक वातावरण बनेगा। शिलान्यास के बाद विधायक ने खंड विकास कार्यालय, इंदौरा में आयोजित स्वयं सहायता समूहों और महिला मंडलों के जागरुकता शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने महिलाओं को



4 ग्राइंडर और 3 ऑटोमैटिक सिलाई मशीनें बांटी। अनंत ज्ञान

आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया और तहसील कार्यालय परिसर में स्वयं सहायता समूहों के लिए दो दुकानों के निर्माण और हिल टॉप मंदिर के पास एक पार्क बनाने की जानकारी दी। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके उत्पाद बेचने के लिए आवश्यक संसाधन, प्रशिक्षण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वयं सहायता समूहों और महिला मंडलों को पांच-पांच हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर 4 ग्राइंडर मशीनें और 3 ऑटोमैटिक सिलाई मशीनें वितरित की गईं, जिनकी कुल लागत लगभग 1.75 लाख रुपए है। इससे महिलाओं को स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे और उनकी आय बढ़ेगी। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी, पंचायत प्रधान, युवा और महिला कांग्रेस कार्यकर्ता सहित सभी महिला मंडल एवं स्वयं सहायता समूहों की सदस्य उपस्थित रहीं।

### चरस बरामदगी मामले में फरार दो मुख्य तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना बीड़ के तहत 8 फरवरी को 118 ग्राम चरस व पुलिस टीम शाहपुर द्वारा 3 फरवरी को 194 ग्राम चरस बरामदगी के मामले में दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में आरोपियों से पूछताछ, तकनीकी विश्लेषण व ट्रांजेक्शन हिस्ट्री के आधार पर पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिला कि आरोपी विक्की कुमार ने बरामद चरस धनी राम उर्फ गिरधारी लाल निवासी गांव सांगली मंडी से व दूसरे अरोपी ने नितिन गुलेरिया निवासी जवाली से खरीदी थी। पुलिस ने फरार चले आ रहे मुख्य तस्करों धनीराम व नितिन गुलेरिया को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि की है।

## न्यूज ब्रीफ

### विशेष बच्चे शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पहचान स्पेशल स्कूल के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए अमृतसर ले जाया गया। जिला उपायुक्त गंधर्वा राठौर ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और बच्चों को शुभकामनाएं दीं। भ्रमण के दौरान बच्चों को श्री हरमंदिर साहिब, जलियांवाला बाग और हेरिटेज स्ट्रीट जैसे ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों का अवलोकन कराया जाएगा। विद्यालय की अध्यक्ष चेतना शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास, सामाजिक सहभागिता और व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ाते हैं। पूरे भ्रमण में सुरक्षा व स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाएगा। यह पहल विशेष बच्चों के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### विद्यार्थियों ने किया तकनीकी विवि परिसर का भ्रमण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में बिलासपुर जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तल्याण के वोकेशनल विषय के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण में तल्याण स्कूल के 36 छात्र-छात्राएं उपस्थित रही। उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में प्राध्यापकों ने अवगत किया। सभी विभागों की प्रयोगशालाओं में भ्रमण करवाया। वहीं, बीएचएमसीटी विभाग कुशल कुमार व राहुल कुमार ने तल्याण स्कूल के विद्यार्थियों को तकनीकी विवि में चल रहे विषयों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान तल्याण स्कूल की शिक्षिका दीप्ति शर्मा भी मौजूद रही।

### नारायण सेवा समिति बिझड़ी की बैठक 14 को

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** प्रधान ओंकार पठानिया की अध्यक्षता में 14 फरवरी को प्रातः 10.00 बजे मानव सेवा सदन, नारायण सेवा समिति, मंडी चौक के नजदीक बिझड़ी में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में पिछले माह की बैठक में पारित प्रस्तावों पर चर्चा, समिति के द्वारा आगामी समय में की जाने वाली गतिविधियों पर विचार व भवन निर्माण खर्चा कहां किया गया, उसकी जानकारी साझा की जाएगा। यह जानकारी समिति के महासचिव करतार सिंह ढिल्लों ने दी।

### सुजानपुर कॉलेज में डिजिटल स्किल्स पर सेमिनार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के माध्यम से डिजिटल कौशल विषयक सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में एआई डिजिटल मार्केटिंग, एमएस ऑफिस मास्टरी और जॉब रेडी एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स पर मार्गदर्शन दिया गया। दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ डिजिटल मार्केटिंग के विशेषज्ञों ने 'अर्न वाइल लर्निंग' मॉडल के तहत फ्रीलांसिंग, रिमोट जॉब्स व उद्यमिता के अवसरों की जानकारी दी। कार्यक्रम में पार्थ मिश्रा, सिद्धार्थ जैन व मधु मेहता सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### एसडीएम स्कूल बड़ा में नवाजे मेधावी स्टूडेंट्स

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नदौन के कस्बा बड़ा के एसडीएम पब्लिक स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यतिथि के रूप नादौन विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी सुनील शर्मा ने शिरकत की। सेवानिवृत प्रधानाचार्य विजय चौधरी भी विशेष रूप से उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल राजिंद्र कुमार ने की व स्कूल की उपलब्धियों से अवगत करवाया। वहीं, मुख्यतिथि ने मेधावी विधार्थियों को सम्मानित किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर वाहवाही लूटी।

### डडलू गांव में साइबर ठगी से बचने के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** फस्टे पंचायत के डडलू गांव में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा बड़ा द्वारा वित्तीय एवं डिजिटल जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। शाखा प्रबंधक लवकेश वर्मा, कर्मचारी कमल किशोर और सुदर्शन कुमार ने ग्रामीणों को डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई, एटीएम उपयोग, ऑनलाइन लेन-देन और साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। उन्होंने साइबर ठगी से बचाव और सुरक्षित बैंकिंग अपनाने का आह्वान किया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की।

### महर्षि दयानंद के जन्मोत्सव पर डीएवी भड़ोली में यज्ञ

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली में महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ से की गई। प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने अध्यापकों के साथ सर्वप्रथम महर्षि दयानंद की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। वहीं, चौथी कक्षा के विद्यार्थियों ने 'रास्ता कर दो खाली, आई फौज दयानंद वाली' भजन प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रिंसिपल सुरजीत ने स्वामी दयानंद के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं।

### 20 मार्च तक पनयाली-कश्मीर सड़क रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नादौन उपमंडल के अंतर्गत पनयाली-कश्मीर सड़क की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन के कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 20 मार्च तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि पनयाली-कश्मीर सड़क की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन के कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने पर वाहनों की आवाजाही 20 मार्च तक बंद की गई है। इस दौरान वाहन चालक पनयाली-समजल सड़क से आवाजाही कर सकते हैं। जिलाधीश ने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

### छियोड़ीं-हरसों लगवाण सड़क 11 मार्च तक बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर उपमंडल के अंतर्गत छियोड़ीं-हरसों लगवाण सड़क की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन के कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 11 मार्च तक बंद रहेगा। जिलाधीश गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि छियोड़ीं-हरसों लगवाण सड़क की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन के कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 11 मार्च तक बंद की गई है। जिलाधीश ने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

### कलूर, कोहला-नादौन सड़क आठ मार्च तक बंद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नादौन उपमंडल के अंतर्गत कलूर, कोहला-नादौन, टिल्लू, बिलकेश्वर महादेव सड़क की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन के कार्य के चलते 8 मार्च तक बंद रहेगा। डीसी ने बताया कि वाहन चालक अमतर-बेला सड़क से आवाजाही कर सकते हैं। जिलाधीश ने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

### उद्घोषित अपराधी जयसिंहपुर से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर पुलिस सेल ने उद्घोषित अपराधी अजय कुमार (50) निवासी गोपालपुर, तहसील जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा को गिरफ्तार कर लिया। अजय को माननीय एसीजेएम हमीरपुर द्वारा 28-10-2025 को धारा 138 एनआई एक्ट के तहत एक मामले में पुलिस भगोड़ा घोषित किया था। पुलिस स्टेशन सदर हमीरपुर को सौंप दिया गया। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने पुष्टि की।

# मट्टन सिद्ध में गरजे कर्मचारी नेता

## केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी, स्मार्ट मीटर व बिजली विधेयक संशोधन का किया विरोध

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, मट्टन सिद्ध (हमीरपुर)।** बिजली कर्मचारियों व अभियंताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति के आह्वान पर वीरवार को मट्टन सिद्ध में कर्मचारी नेताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। स्मार्ट मीटर व आउटसोर्स कर्मचारी मामले में सरकार को खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि यदि सरकार अब भी नहीं जागेगी, तो उसके परिणाम गंभीर होंगे।

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड की ज्वॉइंट एक्शन कमेटी, इंप्लाइज, अभियंता, आउटसोर्स व पेंशनर्स मौजूद रहे। उन्होंने बिजली विधेयक 2025 के संशोधन का विरोध किया गया। कर्मचारी व अभियंता आउटसोर्स पेन डाउन व टूल डाउन पर रहे। जिला हमीरपुर के संयोजक कामेश्वर दत्त शर्मा की अध्यक्षता में मुख्य अभियंता परिसर में धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि बिजली संषोधन विधेयक, 2025 में ऐसे कई प्रावधान शामिल हैं, जिससे निजी कंपनियां बिजली बोर्ड के मुनाफे वाले क्षेत्रों में अपना व्यवसाय करेंगी और कम राजस्व वाले क्षेत्र में बिजली पहुंचाने की जिम्मेवारी सरकारी बिजली कंपनी की रहेगी। निजी कंपनियां सुविधा अनुसार बड़े-बड़े उपभोक्ताओं का ध्यान रखेंगी, जिससे उस क्षेत्र के अन्य उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति सेवाएं प्रभावित होंगी। इस विधेयक के लागू होने से घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को दी जाने वाली क्रास सब्सिडी खत्म होगी व विद्युत दरों में कई गुना बढ़ोतरी होगी।


प्रदर्शन करते कर्मचारी और पूर्व कर्मचारी एवं अधिकारी। अनंत ज्ञान

**कर्मचारियों की सेवा शर्तों पर खतरा मंडराने की आशंका :** बिजली बोर्ड के मुनाफे वाले क्षेत्रों को निजी हाथों में सौंपे जाने से बोर्ड का ढांचा कमजोर होने और कर्मचारियों की सेवा शर्तों पर खतरा मंडराने की आशंका जताई गई है। राजस्व में कमी आने से 29 हजार पेंशनरों की पेंशन अदायगी प्रभावित हो सकती है। प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक 2025 और स्मार्ट मीटरिंग व्यवस्था को किसानों, गरीब व ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए आर्थिक बोझ बताया गया। प्रीपेड प्रणाली से सीमित आय वर्ग पर अग्रिम भुगतान का दबाव बढ़ेगा और बिजली सेवा रिचार्ज आधारित बन जाएगी। मीटर रखरखाव निजी कंपनी द्वारा किए जाने से तकनीकी कर्मचारियों की संख्या घटने की आशंका है। ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने निजीकरण के बजाय नई भर्ती, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, लंबित सेवानिवृत्ति लाभों का भुगतान और आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए स्थायी नीति बनाने की मांग दोहराई। इस धरना प्रदर्शन में इंजीनियर शशी कांत, दीपक चौहान, पंकज राणा, अभिषेक धलारिया, राहुल कपिल, ग्रेजुएट इंजीनियरर्ज एसोसिएशन, इंजीनियर डीएस ढटवालिया, सीएस चंदेल, एके कतना, पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन आदि ने हिस्सा लिया।

# बिजली संशोधन विधेयक के विरोध में गगाल कांप्लेक्स में किया प्रदर्शन


बिजली संशोधन विधेयक 2025 के खिलाफ प्रदर्शन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नादौन।** संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर विद्युत बोर्ड इंप्लाइज, इंजीनियर्स, पेंशनर्स और उपभोक्ताओं ने गगाल कांप्लेक्स में भोजनावकाश के दौरान प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक 2025 के खिलाफ प्रदर्शन किया।

प्रदेशाध्यक्ष नितिश भारद्वाज ने कहा कि यह विधेयक कर्मचारी, पेंशनर्स, उपभोक्ता और राज्य विरोधी है तथा वितरण क्षेत्र के निजीकरण का रोडमैप है। उनके अनुसार निजी कंपनियां लाभप्रद औद्योगिक क्षेत्रों को बिजली देंगी, जबकि ग्रामीण व जनजातीय क्षेत्रों की जिम्मेदारी सार्वजनिक कंपनी पर रहेगी। बोर्ड का 65 प्रतिशत राजस्व औद्योगिक क्षेत्रों से आता है, जो निजी हाथों में जाने से 29 हजार पेंशनर्स और 12 हजार कर्मचारियों के वेतन-भत्तों पर संकट खड़ा होगा। कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने स्मार्ट मीटरिंग पर सवाल उठाते हुए कहा कि 2500 करोड़ रुपए का बोझ उपभोक्ताओं पर डाला जाएगा। उन्होंने 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना का हवाला देते हुए स्मार्ट मीटर थोपने का विरोध किया। अन्य वक्ताओं ने विधेयक को जनविरोधी बताया। इस मौके पर पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव लाल चंद परमार, पेंशनर्स फोरम के इकाई नादौन के अध्यक्ष राजकुमार चौधरी, सचिव विधि चंद सनोरिया, पूर्व लेखाधिकारी सुरेश शर्मा, केंद्रीय कार्यकारिणी सह-सचिव पंकज परमार, नादौन इकाई के अध्यक्ष आशीष आदि ने संबोधित किया।

# बड़सर में स्मार्ट मीटर के विरोध में उतरे लोग

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** विधानसभा क्षेत्र बड़सर में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में लोगों एवं कर्मचारी संघ के नेताओं और पूर्व कर्मचारियों ने मैहरे स्थित बिजली विभाग के कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने विभाग को ज्ञापन सौंपकर अपनी आपत्तियां दर्ज करवाईं। पूर्व कर्मचारी संघ के नेताओं ने कहा कि स्मार्ट मीटर काफी महंगे हैं, जिनकी कीमत लगभग 10 हजार रुपए तक बताई जा रही है।

इसके साथ अन्य कई प्रकार के शुल्क भी जुड़े हैं, जो भविष्य में आम उपभोक्ताओं की पहुंच से बाहर हो सकते हैं। उन्होंने आशंका जताई कि स्मार्ट मीटर लगने से बिजली बिलों में बढ़ोतरी हो सकती है। यदि समय पर रिचार्ज नहीं किया गया तो बिजली आपूर्ति तुरंत बंद हो जाने का खतरा रहेगा। जिस राशि को स्मार्ट मीटर लगाने पर खर्च किया जा रहा है, यदि वही धनराशि बिजली व्यवस्था के रखरखाव (मेंटेनेंस) और सुधार पर खर्च की जाए तो बिजली उपभोक्ता को अधिक लाभ मिलेगा।

◆ बिजली कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे पर लोगों को जागरूक करने का अभियान भी चलाएंगे। पूर्व कर्मचारी नेता राकेश शर्मा का कहना है अगर हिमाचल सरकार स्मार्ट मीटर लगाने से पीछे नहीं हटती तो फिर मजबूरन ग्रामीणों को अपना आंदोलन तेज करने पर मजबूर होना पड़ेगा। इसकी जिम्मेदार सरकार स्वयं होगी।

# हमीरपुर में लेबर कोड और निजीकरण के खिलाफ भरी हुंकार

## सीटू ने निकाली विशाल रैली; नारेबाजी कर जताया रोष, कहा- मजदूरों के अधिकारों को खत्म करने की साजिश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** देश की 10 बड़ी ट्रेड यूनियनों के अखिल भारतीय हड़ताल के आह्वान पर सीटू की जिला कमेटी ने हमीरपुर में जोरदार प्रदर्शन किया। हजारों मजदूर विभिन्न यूनियनों के बैनर तले तहसील परिसर के पास एकत्रित हुए और शहर के मुख्य बाजार से रैली निकालते हुए गांधी चौक पर विशाल जनसभा की।

नारेबाजी के बीच आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर ठाकुर ने कहा कि यह हड़ताल मोदी सरकार द्वारा लागू किए गए चार लेबर कोड, मनरेगा को कमजोर करने और बिजली बोर्डों के निजीकरण के खिलाफ है।

उन्होंने आरोप लगाया कि 29 श्रम कानूनों को समाप्त कर बनाए गए लेबर कोड मजदूरों के अधिकारों को खत्म करने की साजिश हैं। सभा में 102 और 108 एंबुलेंस कर्मचारियों ने भी अपनी तीन दिवसीय हड़ताल शुरू करने की घोषणा की।

वक्ताओं ने ठेका प्रथा, न्यूनतम वेतन न मिलने और रोजगार की असुरक्षा पर चिंता जताई। हिमाचल में 'मित्रों' के नाम पर की जा रही भर्तियों को भी युवाओं के शोषण से जोड़ा गया।



शहर के मुख्य बाजार से रैली निकालते हुए गांधी चौक पर विशाल जनसभा की। अनंत ज्ञान

### एकजुट होकर निर्णायक लड़ाई लड़ने का आह्वान

जिला अध्यक्ष संतोष कुमार और सचिव जोगेंद्र कुमार ने मनरेगा को ग्रामीण गरीबों के जीवन का सहारा बताते हुए इसे कमजोर करने का विरोध किया। नेताओं ने बिजली विधेयक 2025 और स्मार्ट मीटरिंग का भी कड़ा विरोध किया। आंगनबाड़ी यूनियन की जिला सचिव राज कुमारी ने चार-चार माह से वेतन न मिलने का मुद्दा उठाया। सभा में सभी नेताओं ने मजदूरों से अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर लंबी और निर्णायक लड़ाई लड़ने का आह्वान किया।

# 50 लाख टर्नओवर वाले ले सकते हैं चौगान की नीलामी में भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव के टेंडर मामले को लेकर जारी विवाद के बीच अब नीलामी की प्रक्रिया में लगाई गई एक शर्त को बदल दिया है। इसमें 5 करोड़ की टर्नओवर वाली शर्त के स्थान पर अब होने वाली चौगान की नीलामी में 50 लाख रुपए के वार्षिक टर्नओवर वाले व्यवसायी भी भाग ले सकते हैं। उधर, मेला व्यापारी एसोसिएशन ने शुक्रवार को चक्का जाम और प्रदर्शन करने की धमकी दी है। एसडीएम सुजानपुर एवं होली मेला अधिकारी विकास शुक्ला ने बताया कि चौगान की नीलामी के संबंध में 10 फरवरी को आमंत्रित टेंडर में नीलामी की पात्रता की शर्तों में टाइपिंग की गलती से न्यूनतम वार्षिक टर्नओवर की राशि 5 करोड़ रुपए प्रकाशित हो गई थी। इस राशि को 5 करोड़ के बजाए 50 लाख रुपए पढ़ा जाए। टेंडर के अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

◆ मेला व्यापारी एसोसिएशन ने आज चक्का जाम की दी धमकी

इधर, मेला व्यापारी एसोसिएशन ने मौजूदा टेंडर प्रक्रिया को लेकर कई आरोप लगाए हैं। संगठन का कहना है कि प्रशासन जिस तरीके से काम कर रहा है वह स्थिति ठीक नहीं है। वीरवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा नेता नरेंद्र ठाकुर और संगठन के पदाधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि जिस तरीके से यह उत्सव के मैदान की नीलामी हो रही है वह स्थानीय व्यापारियों को कबूल नहीं है। दुकान और स्टॉल लगाने की भूमि के अब एक ही ठेकेदार द्वारा मनमाने रेट लिए जाएंगे। इससे स्थानीय व्यापारियों को नुकसान होगा। क्योंकि ठेकेदार अपने हिसाब से प्लॉट बेचेगा। उन्होंने यह भी कहा कि शुक्रवार को इस बाबत सुजानपुर में व्यापारी धरना प्रदर्शन भी कर सकते हैं।

# विधायक आशीष ने गसोता पंचायत में किया सामुदायिक भवन का उद्घाटन

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** विधायक आशीष शर्मा ने गसोता पंचायत में विधायक निधि से निर्मित सामुदायिक भवन को जनता के लिए समर्पित किया। उन्होंने स्थानीय लोगों को इस सौगात के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि यह सामुदायिक भवन 9 लाख रुपए की लागत से बनाया गया है, जिसका लाभ क्षेत्रवासियों को विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रमों को करवाने के लिए मिलेगा।

इस भवन के निर्माण से स्थानीय लोगों को विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के लिए एक उपयुक्त स्थान मिलेगा। विधायक ने कहा कि बीते 6 माह से विधायक निधि न आने के कारण विकास कार्य ठप हुए हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले जो भी विधायक निधि उन्हें मिली है, उसे क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों पर खर्च कर जनता को लाभान्वित किया है। उन्होंने कहा कि इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है कि विधायकों को उनकी विधायक निधि तक नहीं दी जा रही है, जिससे विकास कार्यों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इस मौके पर स्थानीय ग्राम केंद्र अध्यक्ष सतीश चौहान, बूथ अध्यक्ष राकेश पठानिया, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री राकेश कुमार, निवर्तमान पंचायत प्रतिनिधि व अन्य मौजूद रहे। सभी ने विधायक आशीष शर्मा को इस सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए धन्यवाद दिया।

### 15 मार्च तक बंद रहेगी बाड़ा तजियार-सकरोह सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बड़सर उपमंडल के अंतर्गत बाड़ा तजियार-सकरोह सड़क की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन के कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 15 मार्च तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि बाड़ा तजियार-सकरोह सड़क की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन के कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 15 मार्च तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक बाड़ा-समैला-बारह महीने दा परौण सड़क से आवाजाही कर सकते हैं। जिलाधीश ने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

# मनरेगा बचाओ अभियान के तहत बिझड़ी ब्लॉक में निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** मनरेगा बचाओ संघर्ष के तहत बड़सर विधानसभा क्षेत्र के बिझड़ी ब्लॉक में बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष सुमन भारती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के उपरांत बिझड़ी शहर में मनरेगा बचाओ रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुमन भारती ने मनरेगा बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत पुरानी मनरेगा योजना एवं नई 'जी रामजी' योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पुरानी मनरेगा एक कानूनी अधिकार आधारित योजना थी, जिसके तहत ग्रामीण मजदूरों को काम मांगने का अधिकार था, जबकि नई 'जी रामजी' योजना के माध्यम से मनरेगा के मूल स्वरूप को बदला जा रहा है और मजदूरों के अधिकारों को सीमित किया जा रहा है। इस अवसर पर 'जी रामजी ' योजना का पूर्ण रूप से विरोध किया गया।

इसके साथ ही बिझड़ी तहसीलदार के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मांग की गई कि मनरेगा योजना को कमजोर करने वाले सभी निर्णयों को तुरंत वापस लिया जाए। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुभाष डडवालिया, को-ऑर्डिनेटर गौरव शर्मा, कमल पठानिया, प्रधान कृष्ण चौधरी, नरेश लखनपाल, पवन कालिया, रुब्बल ठाकुर, डैनी जसवाल, पीस बनियार, मनजीत ठाकुर, पवन शर्मा उपस्थित रहे। इस मौके पर बड़ी संख्या में मनरेगा से जुड़ी महिला मजदूर एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# केंद्रीय बजट हिमाचल विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार : लखनपाल

अनंत ज्ञान

**बड़सर।** लोक निर्माण विभाग बड़सर के विश्राम गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने केंद्रीय बजट 2026 की विस्तार से सराहना की। उन्होंने कहा कि यह बजट हिमाचल प्रदेश जैसे पर्वतीय राज्य के लिए विकास, रोजगार सृजन, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सशक्तिकरण का सशक्त आधार तैयार करता है।

केंद्रीय बजट में कृषि, युवा, महिला सशक्तिकरण, पर्यटन, ग्रामीण रोजगार और आधारभूत ढांचे को विशेष प्राथमिकता दी गई है, जिसका लाभ हिमाचल के हर वर्ग को मिलेगा। कृषि क्षेत्र पर बोलते हुए लखनपाल ने कहा कि प्राकृतिक खेती, आधुनिक कृषि तकनीक, सिंचाई योजनाएं और किसान कल्याण से जुड़े प्रावधान हिमाचल के किसानों की आय बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होंगे। युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट, स्टार्टअप इंडिया, स्वरोजगार, एमएसएमई और तकनीकी प्रशिक्षण को बढ़ावा देने वाले प्रावधान युवाओं को प्रदेश में रोजगार के अवसर देंगे और पलायन को रोकेंगे। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह, महिला उद्यमिता और वित्तीय समावेशन को महत्व दिया गया है। स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर सृजित होंगे। विधायक ने राज्य सरकार की नाकामी और अव्यवस्थित नीतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को आत्ममंथन करना चाहिए, क्योंकि केंद्र सरकार हिमाचल के विकास में लगातार सहयोग कर रही है, लेकिन राज्य सरकार की विफल नीतियां प्रगति में बाधक बन रही हैं।

### होली मेले के लिए लोक कलाकारों के ऑडिशन 20 से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर में एक मार्च से 4 मार्च तक आयोजित किए जा रहे राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव की चारों सांस्कृतिक संध्याओं में हिमाचल प्रदेश के लोक कलाकारों को अधिक से अधिक समय दिया जाएगा। जिला भाषा अधिकारी संतोष कुमार पटियाल ने बताया कि इन चारों सांस्कृतिक संध्याओं के लिए लोक कलाकारों के ऑडिशन 20, 21 और 23 फरवरी को सुबह 10:30 बजे से हमीरपुर के बचत भवन में होंगे। 20 और 21 को जिला हमीरपुर के तथा 23 फरवरी को अन्य जिलों के लोक कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे। सभी कलाकारों से अपील की कि वे अपने आवेदनों के साथ अपने आधार नंबर, बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड का सही विवरण अवश्य लिखें। क्योंकि, लोक कलाकारों के मानदेय की अदायगी डीबीटी के माध्यम से ही की जाएगी। लोक कलाकार अपने आवेदन डीसी कार्यालय हमीरपुर में जमा करवा सकते हैं।

**जायजा** विधायक सुरेश कुमार ने भोरंज अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, कहा-

# भोरंज अस्पताल में दो माह में लगेगी डायलिसिस मशीन

◆ अस्पताल में दाखिल रोगियों से ली स्वास्थ्य सुविधाओं की फीडबैक

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने बुधवार को भोरंज सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया और रोगियों से भी बातचीत करके स्वास्थ्य सुविधाओं की फीडबैक ली।

वहीं, अस्पताल में लगने वाली डायलिसिस मशीन के कमरे व अन्य सुविधाओं के बारे में अस्पताल प्रशासन से जानकारी ली। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों को बेहत्तर स्वास्थ्य सुविधा देने का सराहनीय कार्य कर रही है। यहीं, वजह है कि आज भोरंज सिविल अस्पताल में एक दर्जन चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिनमें छह चिकित्सक विशेषज्ञ चिकित्सक हैं। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भोरंज अस्पताल में पहली बार हर्निया जैसे रोग का सफल ऑपरेशन होने लगे हैं। उन्होंने कहा कि भोरंज सिविल अस्पताल अब 100 बेड का अस्पताल बन गया है, जिससे रोगियों को बेहत्तर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। विधायक सुरेश ने कहा कि दो माह में अस्पताल में डायलिसिस मशीन लगाई जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को आदेश जारी किए गए हैं।


मरीजों से बातचीत करते विधायक सुरेश कुमार। अनंत ज्ञान

### बोले- क्रिटिकल केयर यूनिट भी होगी स्थापित

**विधायक** ने कहा कि भोरंज अस्पताल में 23.75 करोड़ रुपए की लागत क्रिटिकल केयर यूनिट भी स्थापित की जाएगी। इससे अस्पताल में 50 अतिरिक्त बेड, आठ अतिरिक्त ओपीडी, चौदह अतिरिक्त चिकित्सक व 20 के करीब पैरा मेडिकल स्टाफ होगा। अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर, ऑक्सीजन प्लांट और आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध है। इस अवसर पर भोरंज ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विजय बन्याल, सेवानिवृत्त खंड चिकित्साधिकारी डॉ. ललित कालिया, पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य ध्यान सिंह व अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

### हेल्थकेयर के बच्चों को विधायक ने दिए टिप्स

**भोरंज** विधायक सुरेश कुमार ने क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों से आए हेल्थकेयर के बच्चों से भी बातचीत की तथा वोकेशनल विषय को अच्छी तरह से सीखने व पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्कूली बच्चों को कौशल विकास के निपुण बनाने के लिए कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य के स्कूलों को वोकेशनल विषय शुरू किए हैं।

# पर्ची पर रुपए 10 के शुल्क का किया समर्थन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर की समाजसेवी संस्था प्रभात सुधार सभा ने सरकार के वित्तीय संकट के चलते, राजस्व अर्जित करने के लिए सरकार के मरीज की पर्ची के10 रुपए शुल्क लगाने के फैसले का समर्थन किया है। लेकिन संस्था का कहना है कि वित्तीय बदहाली के होते हुए विधायकों, मंत्रियों निगम-बोर्ड के अध्यक्षों तथा सलाहकारों की पगारें घटाने की बजाए अत्यधिक वढ़ाई जाना, कहां जायज है।

◆ प्रभात सुधार सभा बोली- सरकार अपने वेतन व भत्ते भी कम करे

सरकार ने लगभग 8 महीने से कैंसर के, किडनी फेल के मरीजों को तथा विकलांगों को सहारा योजना की पेंशन नहीं डाली, जिनको जीवन की गाड़ी चलाने के लिए यह पेंशन एकमात्र सहारा है। सुधार सभा के अध्यक्ष प्रकाश सेन के मुताबिक इनसे यह सहारा भी छीन लिया और इसके विपरीत अपनी पगारें बढ़ाना सरकार ने बेहद जरूरी समझा। वित्तीय संकट में जनता का ही सहयोग नहीं लेना चाहिए, जनता तो सहयोग करेगी ही, मगर सरकार को भी अपने खर्चे कम करने चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### मां शिव शक्ति मंदिर में लगी सुरक्षा दीवार

**देशराज कश्यप, धरवाला।** भरमौर के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत राडी में स्थित ऐतिहासिक मां शिव शक्ति मंदिर जहां दूर-दूर से आकर श्रद्धालु मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं तथा मां अपने भक्तों की हर इच्छा पूर्ण करती है। वहीं, वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुआं के पास अपना खेल मैदान न होने के कारण अनेक गतिविधियां मां के प्रांगण के साथ लगते मैदान में करवाई जाती हैं। मां पर विश्वास और आस्था रखने वाले श्रद्धालु द्वारा यहां रेलिंग का कार्य करवाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में भी यहां खेलकूद के दौरान सुरक्षा दीवार न होने से अप्रिय घटना हो चुकी है।

### 14 को सर्व टीजीटी महासंघ का जनरल हाउस

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** हिमाचल प्रदेश सर्व टीजीटी कैडर महासंघ, जिला चंबा का प्रथम जनरल हाउस 14 फरवरी को प्रातः 10:30 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (ब्वॉयज) चंबा में आयोजित होगा। बैठक में जिला व ब्लॉक स्तर पर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। टीजीटी संवर्ग से जुड़ी लंबित मांगों व समस्याओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। महासंघ ने सभी टीजीटी शिक्षकों से निर्धारित समय पर अनिवार्य उपस्थिति का आह्वान किया है।

### चंबा में समझी पर्वतीय आपदाओं की चुनौती



**अनंत ज्ञान, चंबा।** पर्वतीय आपदाओं की चुनौतियों को समझने के उद्देश्य से कालिंदी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के 28 विद्यार्थियों ने 7 से 12 फरवरी 2026 तक चंबा ज़िले का शैक्षणिक भ्रमण किया। अध्ययन दौरे के दौरान विद्यार्थियों ने आपदा प्रबंधन की जमीनी परिस्थितियों और प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली को नज़दीक से समझा। डेप्युटी कलेक्टर मुकेश रेपसवाल के साथ आयोजित संवाद सत्र इस भ्रमण का प्रमुख आकर्षण रहा। इसमें हालिया प्राकृतिक आपदाओं, राहत एवं पुनर्वास कार्यों और प्रशासनिक चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। सत्र का संचालन गवर्नमेंट कॉलेज चंबा के डॉ. प्रशांत रमण रवि ने किया। 'चंबा ज़िले में बहु-आपदा संवेदनशीलता और जोखिम आकलन' विषय पर विद्यार्थियों ने विभिन्न गांवों में सर्वेक्षण कर भूकंप, भूस्खलन, बादल फटना और बाढ़ जैसी आपदाओं के संदर्भ में स्थानीय जोखिम बोध और सामुदायिक लचीलेपन का अध्ययन किया। इस शैक्षणिक भ्रमण ने विद्यार्थियों के अकादमिक ज्ञान के साथ सामाजिक संवेदनशीलता को भी सुदृढ़ किया।

### स्टूडेंट्स को टोल फ्री नंबर 1098 की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा द्वारा उपमंडल चंबा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चनेड में विद्यार्थियों, अध्यापकों व स्टाफ के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य संजीव कुमार ठाकुर ने की। जिला परियोजना समन्वयक कपिल शर्मा ने विद्यार्थियों को टोल फ्री नंबर 1098 की जानकारी देते हुए बताया कि यह संकटग्रस्त बच्चों के लिए आपातकालीन सेवा है। बाल विवाह, बाल मजदूरी, तस्करी, भिक्षावृत्ति, यौन शोषण और घरेलू हिंसा जैसे मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी गई। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और सोशल मीडिया ब्लैकमेलिंग से सतर्क रहने का संदेश भी दिया गया। लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताया।

# रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण से बालिकाओं में साहस का विकास : कुलदीप

अनंत ज्ञान



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया स्टूडेंट्स के साथ। अनंत ज्ञान

**चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम बालिकाओं में आत्मविश्वास, साहस और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में प्रत्येक बालिका को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के दौरान सक्षम रूप से निपटने के लिए आत्मरक्षा का प्रशिक्षण आवश्यक है। यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककीरा में शस्त्रांग इंडियन मॉडर्न मार्शल आर्ट (सिम्मा) के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर 2025-26 में मार्शल आर्ट प्रशिक्षण प्राप्त बालिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मार्शल आर्ट का प्रदर्शन और आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कुलदीप सिंह पठानिया ने विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि जल शक्ति मंडल चुवाड़ी के तहत 350 करोड़ रुपए की परियोजनाओं में अब तक 150 करोड़ खर्च हो चुके हैं। दूरदराज के गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए 125 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

ग्राम पंचायत ककीरा, जरेई, तारागढ़, गडाना, चलामा, होबार, खडेडा और कुढ़ी में 86 करोड़ की राशि से 87 परियोजनाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है। सड़क निर्माण पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि 12 संपर्क मार्गों में से 5 का एफआरए स्वीकृत और 7 का सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। वर्ष 2025-26 के तहत कालाफाट, कटलु-बैल्ला और डंगाडी-बाई का बाग मार्ग निर्माण कार्यों के लिए औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यालय की बहुआयामी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 21 हजार रुपए की धनराशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम में राज्य वन निगम, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, जिला प्रशासन और विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम ने बालिकाओं में आत्मरक्षा, खेल-कौशल और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## भलेई में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को राहत की प्रतीक्षा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उप तहसील भलेई के अंतर्गत हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा ने कई परिवारों की जिंदगी को गंभीर रूप से प्रभावित कर दिया है। क्षेत्र में कई घर और गोशालाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं, जबकि किसानों की उपजाऊ कृषि भूमि पूरी तरह तबाह हो गई है, जिससे उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रभावित परिवार अस्थायी व्यवस्थाओं में रहने को मजबूर हैं और कई को अभी तक राहत राशि नहीं मिली है। आर्थिक तंगी के बीच राहत में हो रही देरी ने उनकी परेशानियां और बढ़ा दी हैं। प्रशासन ने नुकसान का आकलन करने के लिए राजस्व विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में भेजी हैं। नायब तहसीलदार भलेई कमलेश कुमार ने बताया कि नुकसान का विस्तृत मूल्यांकन किया जा रहा है और पात्र परिवारों को नियमानुसार जल्द राहत राशि उपलब्ध कराई जाएगी। कमलेश कुमार ने कहा कि प्रशासन प्रभावितों को हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है और राहत वितरण की प्रक्रिया तेज की जा रही है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से शीघ्र आर्थिक मदद प्रदान करने की मांग की है, ताकि प्रभावित परिवार अपने जीवन को दोबारा पटरी पर ला सकें।

## रफ्तार पकड़ रहा इनडोर स्टेडियम निर्माण, युवाओं में जगी नई उम्मीद

अनंत ज्ञान



**चंबा।** जिला मुख्यालय चंबा के पुलिस ग्राउंड बारगाह में निर्माणाधीन इनडोर स्टेडियम का कार्य अब धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ने लगा है।

लंबे समय से कछुए की चाल से चल रहे इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को लेकर स्थानीय लोगों में रोष पनप रहा था, लेकिन अब काम में आई तेजी से युवाओं और खेल प्रेमियों के चेहरे पर उम्मीद की नई किरण दिखाई देने लगी है। इनडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य काफी समय से धीमी गति से चल रहा था, जिससे खिलाड़ियों व आम जनता में नाराजगी थी। कई बार इस मुद्दे को लेकर सवाल भी उठाए गए। अब निर्माण कार्य में आई गति से यह उम्मीद जगी है कि जल्द ही चंबा के खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इनडोर स्टेडियम की सौगात मिलेगी। जिला युवा सेवाएं व खेल अधिकारी चंबा, रूपेश कुमार ने मीडिया से बातचीत में बताया कि इनडोर स्टेडियम का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने कहा कि परियोजना को तय समयसीमा के भीतर पूरा करने के लिए विभाग पूरी तरह से प्रयासरत है। रूपेश कुमार ने कहा कि स्टेडियम के पूर्ण होने के बाद जिले के युवाओं को बैडमिंटन, वॉलीबाल और अन्य इनडोर खेलों के लिए बेहतर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए उपयुक्त वातावरण मिलेगा और उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर भी मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह इनडोर स्टेडियम चंबा के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। इससे न केवल खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि जिले के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाने में सफल होंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह निर्माण कार्य तेज गति से चलता रहा तो जल्द ही चंबा को एक आधुनिक खेल परिसर की सौगात मिल जाएगी, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा।

## डेढ़ फुट बर्फ में पहुंचे शिक्षक, 42 दिन बाद खुले शीतकालीन स्कूल, रास्ते बंद होने से बच्चे नहीं पहुंचे

अनंत ज्ञान



**चुराह।** उपमंडल के ऊपरी क्षेत्रों में 42 दिन के शीतकालीन अवकाश के बाद वीरवार को स्कूल तो खुल गए, लेकिन बर्फबारी ने बच्चों की राह रोक दी। डेढ़ फुट तक जमी बर्फ के बीच शिक्षक स्कूल पहुंचे और विद्यालय खोले, लेकिन रास्ते बंद होने के कारण एक भी छात्र स्कूल नहीं पहुंच सका।

ग्राम पंचायत टेपा के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला टेपा में भी यही स्थिति देखने को मिली। अध्यापकों ने भारी बर्फबारी के बावजूद विद्यालय पहुंचकर स्कूल खोला, लेकिन स्कूल परिसर व संपर्क मार्गों पर जमी मोटी बर्फ के कारण बच्चे घरों से बाहर नहीं निकल पाए। प्राथमिक स्कूल के मुख्याध्यापक देवी सिंह ने बताया कि स्कूल में कुल 49 छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार बर्फबारी से स्कूल का रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध है और स्कूल प्रांगण में भी करीब डेढ़ फुट बर्फ जमी हुई है। ऐसे में बच्चों का स्कूल पहुंचना संभव नहीं हो पाया। क्षेत्र में अभी भी कई संपर्क मार्ग बाधित हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित है। अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूलों तक पहुंचने वाले रास्तों को जल्द साफ करवाया जाए ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो।

## 1500 आबादी 20 किमी पैदल सफर करने को मजबूर

अनंत ज्ञान

**चंबा।** विकास के दावों और जमीनी हकीकत के बीच की दूरी का जीवंत उदाहरण बनी है जिला चंबा की ग्राम पंचायत रजिडू। यहां के आधा दर्जन से अधिक गांव आज भी सड़क सुविधा से वंचित हैं, जबकि करीब 1500 से अधिक आबादी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए 20 किलोमीटर तक पैदल सफर करने को मजबूर है।

रजिडू, बनोटू, द्रमाडी, सियूंड, परोह, परेटा, किडनू, माहलू, धार व भरूंटा जैसे गांव आज भी मूलभूत सुविधा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हर चुनाव में सड़क निर्माण के वादे किए जाते हैं, योजनाएं घोषित होती हैं, लेकिन धरातल पर काम शुरू नहीं होता। परिणामस्वरूप वर्षों से लोग बदहाल रास्तों और दुर्गम पगडंडियों के सहारे जीवन यापन कर रहे हैं। सड़क न होने के कारण गृह निर्माण सामग्री, राशन व अन्य आवश्यक सामान गांव तक पहुंचाना एक चुनौती बन चुका है। ग्रामीणों को घोड़ों का सहारा लेना पड़ता है या फिर पीठ पर बोझ उठाकर लंबी चढ़ाई तय करनी पड़ती है, जिससे आर्थिक और शारीरिक दोनों तरह की मार झेलनी पड़ती है। स्थिति तब और भयावह हो जाती है, जब किसी की तबीयत बिगड़ जाती है। एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती, ऐसे में मरीजों को पालकी में उठाकर जोखिम भरे रास्तों से मुख्य सड़क तक लाया जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई मामलों में समय पर इलाज न मिलने के कारण मरीजों की जान तक चली गई। लंबे समय से अनदेखी से आक्रोशित ग्रामीणों ने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और जल्द सड़क निर्माण की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार लोक निर्माण विभाग व सदर विधायक से मिल चुके हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला।

### ग्रामीणों की उम्मीद बने जय सिंह

**ग्रामीणों** में यह भावना प्रबल होती जा रही है कि यदि कोई उनके हक की आवाज को गंभीरता से उठा रहा है, तो वह जय सिंह हैं। उनका कहना है कि जय सिंह ने उनकी समस्या को न केवल सुना, बल्कि संबंधित विभागों तक मजबूती से पहुंचाने का भरोसा भी दिलाया। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या विकास के दावों के बीच रजिडू पंचायत के इन गांवों तक भी सड़क पहुंचेगी, या फिर 1500 लोगों की जिंदगी यूं ही पीठ और पालकी के सहारे चलती रहेगी?

## दो लीटर शराब के साथ दुकानदार काबू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने अवैध शराब के कारोबार पर सख्ती दिखाते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने थाना सदर क्षेत्र में छापेमारी कर एक दुकान से 2 लीटर अवैध शराब बरामद की है। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी की पहचान योग राज, निवासी गांव/डाकघर प्लयूर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उसकी दुकान से अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब जब्त कर ली। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कांगनीधार में अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि नाट्य महोत्सव का भव्य आगाज

अनंत ज्ञान



कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर संस्कृति सदन कांगनीधार में नाट्य मंचन आरंभ हुए जो कि 13 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। पहले दिन सामाजिक, सांस्कृतिक एवं समकालीन विषयों पर आधारित नाटकों का भव्य मंचन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न रंगमंच से जुड़ी संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत नाट्य कृतियों में पौराणिक कथाओं, सामाजिक यथार्थ और मानवीय संवेदनाओं की प्रभावशाली अभिव्यक्ति देखने को मिली।

आकार थिएटर सोसायटी मंडी ने 'हन्नु हटेला से लड़की सेठ क्यों नहीं होती' नाटक का प्रभावशाली मंचन किया। इसके लेखक राजेश कुमार हैं, जबकि परिकल्पना एवं निर्देशन दीप कुमार द्वारा किया गया और जागृति कला मंच ने 'अर्द्धनारीश्वर' नाट्य प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। सोसाइटी फॉर द इम्पावरमेंट ऑफ कल्चर डवल्पमेंट मंडी द्वारा नाटक सफेद पाला का मंचन किया गया। इस नाटक के लेखक अनिल कुमार शर्मा तथा निर्देशक वेद कुमार हैं। आगामी 13 फरवरी तक चलने वाली इन नाट्य प्रस्तुतियों के चलते संस्कृति सदन कांगनीधार रंगमंचीय गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। विविध विषयों पर आधारित इन सशक्त प्रस्तुतियों ने दर्शकों को कला और संस्कृति से जुड़ने का विशेष अवसर प्रदान किया है। इस अवसर पर उपनिदेशक, सूचना एवं जन संपर्क मंजुला कुमारी, जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी, सुरेश शर्मा, रंगकर्मी रूप उपाध्याय साहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया पर हुई जागरुकता कार्यशाला

अनंत ज्ञान



संबोधित करते हुए एनआर ठाकुर। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला बाल संरक्षण इकाई मंडी द्वारा बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया समझाने बारे एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों और स्वयं सेवी संस्थानों के करीब 50 सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया।

कार्यशाला में जिला बाल संरक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार द्वारा दतक ग्रहण अधिनियम-2022 को सरल एवं पारदर्शी बनाया गया है। इसके अंतर्गत कोई भी दंपति, एकल महिला या पुरुष बच्चा गोद ले सकता है। दतक ग्रहण की प्रक्रिया की शुरुआत सेंट्रल अडॉप्शन रिसोर्स ऑथोरिटी की वेबसाइट से ऑनलाइन होती है। इसके अलावा नजदीक लोक मित्र केंद्र, साइबर कैफे या जिला बाल संरक्षण अधिकारी के कार्यालय में जाकर भी आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, विवाह प्रमाण पत्र, मेडिकल फिटनेस, जन्म प्रमाण पत्र व पासपोर्ट साइज फोटो जैसे आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन जमा करवाने होते हैं।

उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों से यह भी आग्रह किया कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरितियों के खिलाफ अभियान चलाने की जरूरत है ताकि सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य वर्ष 2030 तक 'बाल विवाह मुक्त भारत' के लिए मंडी का भी योगदान हो सके।

इस अवसर पर सरंक्षण अधिकारी शैलजा अवस्थी ने प्रतिभागियों को दतक ग्रहण अधिनियम, बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया, योग्यता और सही मानदंडों बारे जानकारी दी। विधिक एवं प्रोबेशन अधिकारी रमा कुमारी ने बाल विवाह अधिनियम और दुष्परिणामों पर चर्चा की। बाल कल्याण समिति की अध्यक्षा तृप्ता ठाकुर ने प्रतिभागियों को बाल विवाह के खिलाफ आवाज बुलंद करने की शपथ दिलाई।

# कैंसर-किडनी मरीजों की निशुल्क यात्रा सुविधा सरल बनाने को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान



एसडीएम को ज्ञापन देते हुए। अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व बसपा प्रत्याशी रमेश चंद भारद्वाज ने कैंसर व किडनी मरीजों को दी जा रही नि:शुल्क परिवहन सुविधा को सरल बनाने तथा लंबित पेंशन जारी करने की मांग उठाई है।

इस संबंध में उन्होंने एसडीएम सरकाघाट के माध्यम से मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को विस्तृत ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि वर्तमान में नि:शुल्क बस पास बनवाने की प्रक्रिया जटिल है, जिसके चलते गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों और उनके परिचारकों को बार-बार अस्पताल व एचआरटीसी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि पास फॉर्म स्वास्थ्य विभाग व एचआरटीसी की आधिकारिक वेबसाइट, संबंधित चिकित्सकों तथा लोकमित्र केंद्रों पर उपलब्ध करवाया जाए। फॉर्म को नाममात्र शुल्क पर उपलब्ध कराकर एक, पांच या सात वर्ष की अवधि के लिए संबंधित चिकित्सक से प्रमाणित कर बस पास जारी करने की व्यवस्था की जाए, ताकि डायलिसिस और कैंसर मरीजों को बार-बार औपचारिकताओं से न गुजरना पड़े। इसके अतिरिक्त भारद्वाज ने दिव्यांगों और अन्य पात्र लाभार्थियों की सहारा योजना सहित पिछले महीनों से लंबित पेंशन तुरंत जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी या अन्य कारणों से रुकी पेंशन की जानकारी लाभार्थियों को फोन के माध्यम से दी जाए तथा जिन लोगों का निधन हो चुका है, उनकी पेंशन समय पर बंद करने हेतु स्पष्ट निर्देश जारी किए।

## लेबर कोड के खिलाफ गरजी मजदूर एकता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की समन्वय समिति के आह्वान पर बुधवार को चंबा जिला मुख्यालय में सीटू से संबंधित विभिन्न यूनियनों ने कामकाज बंद कर विशाल रैली निकाली और जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। मजदूरों की एकजुटता से पूरा जिला मुख्यालय नारों से गूंज उठा। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हड़ताल में आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन, मिड डे मील वर्कर्स यूनियन, एनएचपीसी बेरा सियूल, चमेरा-1 व 2 वर्कर्स यूनियन, चांजू हाइड्रो प्रोजेक्ट यूनियन, एसबीआई आउटसोर्स यूनियन, 102 एवं 108 कर्मचारी यूनियन तथा गिनी ग्लोबल वर्कर्स यूनियन तिस्सा सहित अनेक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। रैली का नेतृत्व सीटू जिला सचिव सुदेश ठाकुर और जिला अध्यक्ष नरेंद्र ने किया। सभा को संबोधित करते हुए विभिन्न यूनियन नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार लेबर कोड मजदूर विरोधी हैं और पूंजीपतियों के हित में बनाए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन कानूनों से श्रमिकों के अधिकार कमजोर होंगे। नेताओं ने चेतावनी दी कि मजदूर वर्ग इन नीतियों को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगा और सरकार से तुरंत लेबर कोड रद्द करने की मांग की।

## सराहनीय | उपमंडलाधिकारी सुंदरनगर ने भ्रमण दल को किया रवाना

# वाघा बॉर्डर घूमेंगे चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट

अनंत ज्ञान



उपमंडलाधिकारी अमर नेगी के साथ बच्चे सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के अंतर्गत चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट का एक दल सुंदरनगर से तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुआ। उपमंडलाधिकारी (ना.) सुंदरनगर अमर नेगी ने वीरवार को विशेष योग्यता प्राप्त संस्थान सुंदरनगर के बच्चों के इस दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मंडी एन.आर. ठाकुर ने बताया कि ये चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट इस दौरे के दौरान साइंस सिटी कपूरथला, गोल्डन टेंपल अमृतसर, वाघा बॉर्डर और चंडीगढ़ की सैर करेंगे। भ्रमण दल में 25 सदस्य शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि आज पहले दिन बच्चों ने रोपड़ में ब्रेकफास्ट किया तथा 1 बजे कपूरथला में दोपहर भोजन के बाद पुष्पा गुजराल साइंस सिटी में लेजर थिएटर, स्पेस थिएटर, थ्री डी थिएटर, क्लाइमेट चेंज थिएटर, डिजिटल प्लेनेटोरियम, हवाई जहाज के उड़ने और भूकंप आने के झटके और वैज्ञानिक कारण समझे। साथ ही भौतिक, सामाजिक, स्वास्थ्य, इंजीनियरिंग, आदमी की उत्पत्ति की थ्योरी, रोबोट की बनावट और काम करने का तरीका, कृषि और अच्छी फसल के लिए आधुनिक वैज्ञानिक तकनीक का ज्ञान हासिल किया।

उन्होंने बताया कि इस दौरान बच्चों ने एनर्जी और डायनासोर पार्क तथा दूसरी गैलरियों में जाकर भी खूब मनोरंजन किया। उसके बाद बच्चे रात्रि ठहराव के लिए अमृतसर रवाना हुए। सभी बच्चे भ्रमण को लेकर काफी खुश नजर आए। इस भ्रमण के लिए बच्चों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताया। साथ ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा जिला प्रशासन मंडी के प्रयासों की भी सराहना की। एन.आर. ठाकुर ने बताया कि अगले दो दिन यह बच्चे गोल्डन टेंपल अमृतसर, जलियांवाला बाग, बाघा बॉर्डर, चंडीगढ़ सिटी, नेकचंद रॉक गार्डन, सुखना झील और रोज़ गार्डन आदि दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करेंगे।

**IN THE COURT OF Dr. Ganesh Thakur, MARRIAGE OFFICER-CUM-SUB DIVISIONAL MAGISTRATE SHAHPUR DISTRICT KANGRA (H.P.)**

1. Sameer son of Sh Shivdev Singh r/o VPO Sakri, Tehsil Dehra District Kangra (HP) at present of c/o Vikalp Kaushal VPO & Tehsil Shahpur, Distt. Kangra (HP). 2. Shilpa Thapa D/o Sh Onkar Singh r/o VPO Sudher, Tehsil Dharamshala, District Kangra (HP)

*Applicants...........*

V/S

1. General Public 2. Local Registrar, Gram Panchayat Sakri/ Nagar Panchayat Shahpur

*Respondents.........*

**Subject:- Application for the Marriage registration u/s 16 of special Marriage Act, 1954.**

Applicants Sameer son of Sh Shivdev Singh r/o VPO Sakri, Tehsil Dehra District Kangra (HP) at present of c/o Vikalp Kaushal VPO & Tehsil Shahpur, Distt. Kangra (HP) and Shilpa Thapa D/o Sh Onkar Singh r/o VPO Sudher, Tehsil Dharamshala, District Kangra (HP) has filed an application u/s 16 of special Marriage Act, 1954 along with declaration in which they have stated that a marriage under special Marriage Act, 1954 is intended to be solemnized the parties within three calendar months from the date of thereof.

Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding the registration of this marriage can file an objection personally or in writing before this Court on or before 11-03-2025. After that no objection will be entertained and marriage will be registered accordingly.

**Marriage Officer-Cum-Sub Divisional Magistrate Shahpur, Distict Kangra (HP)**

**कार्यालय मेला अधिकारी एवं नायब तहसीलदार रिवालसर जिला मण्डी (हि.प्र.)**

कमांकः-ना.तह. /मेला/2026- दिनांक 07.02.2026

**निविदा सूचना टैन्ट हाउस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय छेश्चू मेला रिवालसर 2026 के आयोजन के लिये मेला उद्घाटन, समापन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु स्टेजनुमा पण्डाल बनाया जाना है जिसके लिये निम्नलिखित सामानों की आवश्यकता रहेगीः-

| क्रमांक | आईटम न. | मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | German Hanger Tent | 7200 Sqf. |
| 2. | Chair PVC | 500 Nos. |
| 3. | Chair VIP | 100 Nos. |
| 4. | Stage 20*30 | 01 |
| 5. | Sofa | 10 |
| 6. | Table | 04 |
| 7. | Carpet | 5500 Sqf. |
| 8. | Lights | 20 Nos. |

**नियम व शर्तेः-** 1. निविदायें सम्पूर्ण ठेका के हिसाब से दी जाये व निविदा दरें समस्त करों सहित दर्शाई हों। 2. निविदा कमेटी को किसी भी समय सामान की मात्रा / संख्या घटाने व बढ़ाने का अधिकार रहेगा। 3. निविदाता को सामान को लाने व ले जाने का किराया स्वंय वहन करना होगा व आपूर्ति हेतू अपेक्षित सामान की उपलब्धता व गुणवत्ता बारे जांच मेला कमेटी द्वारा किसी भी समय की सकती है। 4. मेला अवधि के दौरान मेला कमेटी की टैंट के सामान की टूट-फूट की जिम्मेवारी नहीं होगी। 5. सामान की गुणवत्ता व कार्य में किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर निविदा की राशि में मेला कमेटी द्वारा कटौती की जायेगी। 6. निविदा कमेटी को बिना किसी कारण बताये किसी भी समय निविदा को अस्वीकार या समय / तिथि में बदलाव करने का अधिकार रहेगा।

उपरोक्त वर्णित सामान उपलब्ध करवाने के लिये मूल्य सम्बन्धी निविदायें इच्छुक निविदाता अपनी निविदा 13/02/2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में बन्द लिफाफे में जमा करवा सकते हैं तथा निविदा खुलने का समय उपरोक्त दिनांक को दोपहर 2:00 बजे रहेगा, तदोपरान्त निविदा कमेटी द्वारा चयनित निविदा संस्तुति हेतू मेला अध्यक्षा एवं उप-मण्डलाधिकारी (ना0) बल्ह जिला मण्डी कार्यालय को प्रेषित की जायेगी।

**मेला अधिकारी एवं नायब तहसीलदार, रिवालसर
जिला मण्डी हि.प्र. । दूरभाष-01905 240317**

निराशा के समान दूसरा पाप नहीं। आशा सर्वोत्कृष्ट प्रकाश है तो निराशा घोर अंधकार है।

–रश्मिमाला

## संपादकीय

# हिमाचल में हड़ताल और वित्तीय संकट

हिमाचल प्रदेश वर्तमान में गंभीर वित्तीय संकट और व्यापक हड़ताल के बीच जूझ रहा है। एक ओर राज्य को राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) के बंद होने से वित्तीय दबाव झेलना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न ट्रेड यूनियनों और आउटसोर्स कर्मचारियों की हड़ताल ने आम जनता के जीवन को बाधित कर दिया है। यह स्थिति प्रशासन और सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण और चिंताजनक बन चुकी है।

सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) और देश की 10 प्रमुख ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर हुई हड़ताल का हिमाचल में व्यापक असर देखा गया। मजदूर और कर्मचारी मोदी सरकार की ओर से लागू किए गए चार नए लेबर कोड और पुराने 29 श्रम कानूनों को खत्म करने के फैसले के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि ये नए कोड मजदूरों के हितों के लिए खतरा हैं और स्थायी रोजगार की जगह अनुबंध आधारित और अंशकालीन भर्तियों को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके साथ ही मनरेगा, बिजली बोर्ड का निजीकरण और स्मार्ट मीटर लगाने जैसे मुद्दे भी हड़ताली कर्मचारियों की नाराजगी का हिस्सा बने।

विशेषकर स्वास्थ्य विभाग के 102 और 108 एंबुलेंस कर्मचारियों की तीन दिन की हड़ताल ने आम जनता के लिए संकट खड़ा कर दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें ठेकेदारी के तहत रखा गया है, लेकिन न्यूनतम वेतन तक नहीं दिया जा रहा। यह स्थिति न केवल कर्मचारियों के लिए, बल्कि मरीजों के लिए भी गंभीर खतरा बन गई है। अस्पताल तक पहुंचने में बाधा होने से मरीजों को निजी वाहन या महंगी टैक्सियों पर निर्भर होना पड़ रहा है। गंभीर मामलों में यह जानलेवा साबित हो सकता है।

हड़ताल में न केवल आउटसोर्स कर्मचारी शामिल हैं, बल्कि रेहड़ी-फड़ी व तहबाजारी यूनियन, होटल कर्मचारी, निर्माण मजदूर, मनरेगा मजदूर, बैंक, बिजली, बीएसएनएल, एलआईसी कर्मचारियों और सेब बागवानों ने भी समर्थन दिया। इस व्यापक विरोध ने प्रदेश में भय और अराजकता का माहौल पैदा कर दिया है।

सरकार के लिए यह स्पष्ट संकेत है कि श्रमिक नीतियों में सुधार और वित्तीय सहयोग की तत्काल आवश्यकता है। हिमाचल की सुक्खू सरकार को चाहिए कि वह हड़ताली कर्मचारियों के साथ वार्ता करे और उनके जायज मुद्दों को गंभीरता से सुने। केंद्र सरकार से भी संवाद स्थापित करके वित्तीय मदद और रोजगार संरचना में सुधार करना जरूरी है।

हड़ताल और असंतोष किसी भी राज्य के विकास के लिए शुभ संकेत नहीं हैं। कर्मचारियों और सरकार के बीच संतुलन स्थापित करना न केवल कर्मचारियों के हित में है, बल्कि प्रदेश की सामाजिक और आर्थिक स्थिरता के लिए भी जरूरी है। कर्मचारियों को उचित वेतन और स्थायी रोजगार सुनिश्चित करना, साथ ही मनरेगा और अन्य योजनाओं को मजबूत करना इस संकट से बाहर निकलने का मार्ग है।

आम जनता की परेशानियों को देखते हुए सरकार को स्वास्थ्य, बिजली और अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं को बाधित होने से बचाने के लिए विशेष प्रबंध करना चाहिए। अस्पतालों में समय पर एंबुलेंस सेवाएं उपलब्ध कराना और बिजली आपूर्ति, बैंकिंग सेवाओं को सुचारू रखना इस समय बेहद जरूरी है। हिमाचल प्रदेश के लिए यह समय नीति, संवाद और संवेदनशीलता के माध्यम से स्थिरता और विकास सुनिश्चित करने का है। देर करने पर स्थिति और बिगड़ सकती है। सरकार को कर्मचारियों के न्यायसंगत मांगों और आम जनता की सुविधा के बीच संतुलन बनाकर तुरंत समाधान निकालना होगा।

प्रदेश की सुक्खू सरकार और केंद्र सरकार के लिए यह जिम्मेदारी है कि वे इस संकट को समय रहते हल करें। वित्तीय सुधार, श्रमिक सुरक्षा और नागरिक सुविधाओं के बीच सामंजस्य स्थापित करना ही हिमाचल के भविष्य की स्थिरता और विकास का रास्ता है। यदि हड़ताल के कारण उत्पन्न भय और अराजकता को नियंत्रित किया गया, तो प्रदेश में सामाजिक और आर्थिक संतुलन फिर से स्थापित हो सकता है।

इस समय प्रदेश के लिए यही सबसे बड़ा अवसर है कि सरकार, कर्मचारियों और जनता के बीच संवाद और समझौते के जरिए हिमाचल में शांति, न्याय और सुचारु प्रशासन सुनिश्चित करे। यह कदम न केवल हड़ताली कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करेगा, बल्कि आम जनता का विश्वास भी बनाए रखेगा और प्रदेश के विकास को नई दिशा देगा। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

# शब्दों की साधिका, संवेदनाओं की साक्षी

13 फरवरी 1958 को सीतामढ़ी (डुमरा) में जन्मी रश्मि प्रभा हिंदी साहित्य और ब्लॉग जगत की एक सशक्त हस्ताक्षर हैं। उनके पिता स्वर्गीय रामचंद्र प्रसाद हाई स्कूल के प्राचार्य थे और मां श्रीमती सरस्वती प्रसाद संवेदनशील, संस्कारवान व्यक्तित्व की धनी थीं। घर में शिक्षा, साहित्य और नैतिक मूल्यों का वातावरण था, जिसने रश्मि प्रभा के व्यक्तित्व को गहराई दी।



रश्मि प्रभा
जन्म : 13 फरवरी, 1958

उनका बचपन एक यादगार प्रसंग से भी जुड़ा है। 1964 में जब उनका परिवार कवि सुमित्रानंदन पंत से मिला, तब पंत जी ने स्नेहवश उनका नाम 'रश्मि प्रभा' रखा। घर में वे 'मिन्नी' के नाम से जानी जाती थीं, किंतु यही नाम आगे चलकर उनकी साहित्यिक पहचान और सम्मान बना। पिता की एक बात-'बेटी, तुम रश्मि ही बनना'- उनके जीवन का मार्गदर्शन बन गई।

रश्मि प्रभा ने जीवन में अनेक भूमिकाएं निभाईं-शिक्षिका, ट्यूशन टीचर, निजी बैंक कर्मी, यहां तक कि हर्बल उत्पाद निर्माण तक-पर उनकी असली पहचान उनकी लेखनी बनी। 2007 में बेटी खुशबू ने उनका ब्लॉग बनाया और हिंदी ब्लॉगिंग से उनका जुड़ाव हुआ। संजीव तिवारी जैसे ब्लॉग जगत के वरिष्ठों से मार्गदर्शन मिला। धीरे-धीरे उनका ब्लॉग ही उनकी आत्म-अभिव्यक्ति का सशक्त मंच बन गया। उनकी रचनाएं 'कादम्बिनी' सहित अनेक प्रतिष्ठित मंचों पर प्रकाशित हुईं। हिंदयुग्म से जुड़कर उन्हें नई पहचान मिली। उनका पहला काव्य-संग्रह 'शब्दों का रिश्ता' (2010) प्रकाशित हुआ। इसके बाद अनुत्तरित, महाभिनिष्क्रमण से निर्वाण तक, खुद की तलाश, चैतन्य, मेरा आत्मचिंतन और एक पल जैसे काव्य-संग्रह प्रकाशित हुए। संपादन के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय है। 2011 से 2012 तक वे साहित्यिक त्रैमासिक एवं वेब पत्रिका वटवृक्ष के संपादन से भी जुड़ी रहीं। उन्हें परिकल्पना ब्लॉगोत्सव (2010) की सर्वश्रेष्ठ कवयित्री सम्मान, 'द संडे इंडियन' की 111 हिंदी लेखिकाओं में स्थान, शमशेर जन्मशती काव्य-सम्मान (2011) तथा अंतरराष्ट्रीय हिंदी कविता प्रतियोगिता 2013 में प्रथम स्थान जैसे अनेक सम्मान प्राप्त हुए। ■



कविता

## सभी नसीहत तुमको देंगे

डॉ. कौमार्या मनोज

जब कई चेहरे तेरी हार को, बेकरार मचल रहे होंगे।
तुम बस मुस्कुरा कर चेहरे, उनके यूं हीं भांप लेना।।
वो बस इंतजार में बैठे हैं, कब गिरते हो तुम।
हिम्मत जुटा कर तुम तब, कुछ दूरी नाप लेना।।
नहीं फिकर किसी को तेरी, सिवाय तेरे मां बाप के।
तू अपनी में चलते चलना, मस्ती में रह खुद आपके।।
सभी नसीहत तुमको देंगे, तुम ऐसा वैसा कर दोगे।
तुम अपनी धुन में हीं रहना, जो चाहो वैसा कर लोगे।।
एक बार जो सफल हुए तो, सारी दुनिया तेरी होगी ।
जो पीछे देते थे ताना,उनसे भी तेरी यारी होगी।।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# परीक्षा सिर्फ पड़ाव - विश्वास, संतुलन और सफलता की ओर

मार्च का महीना केवल कैलेंडर का एक पन्ना नहीं है, बल्कि वह समय है जब पूरे वर्ष की मेहनत, अभिभावकों और विद्यार्थियों की आशंकाएं एक साथ सामने आ खड़ी होती हैं। आज के इस प्रतिस्पर्धी युग में शिक्षा को धीरे-धीरे केवल अंकों की दौड़ तक सीमित कर दिया गया है।



रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, टौणी देवी (हमीरपुर)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

परिणामस्वरूप परीक्षा, जो कभी सीखने और आत्ममूल्यांकन का उत्सव हुआ करती थी, आज अनेक बच्चों के लिए मानसिक और भावनात्मक बोझ बनती जा रही है। मार्च माह में आरंभ होने वाली वार्षिक परीक्षाएं शिक्षा व्यवस्था का वह चरण होती हैं, जहां पूरे शैक्षणिक सत्र की मेहनत, उम्मीदें और चिंताएं एक साथ सिमट आती हैं। यह समय केवल विद्यार्थियों के लिए ही नहीं, बल्कि अभिभावकों और शिक्षकों के लिए भी मानसिक दबाव और भावनात्मक उलझनों का समय बन जाता है।

मासिक परीक्षाएं, यूनिट टेस्ट और निरंतर मूल्यांकन सीख की निरंतरता बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं, किंतु जब इन्हें केवल अंकों की दृष्टि से देखा जाने लगता है, तो यही प्रक्रिया बच्चों के मन में भय, तनाव और असुरक्षा को जन्म देती है। अच्छे परिणाम और अधिक अंक लाने का दबाव धीरे-धीरे बच्चों के स्वाभाविक सीखने के आनंद को कम कर देता है और परीक्षा एक अवसर के बजाय बोझ बन जाती है। जैसे-जैसे वार्षिक परीक्षा नजदीक आती है, विद्यार्थियों में घबराहट, आत्मविश्वास की कमी, चिड़चिड़ापन, अनिद्रा और भय जैसी समस्याएं दिखाई देने लगती हैं। कई बच्चे यह मानने लगते हैं कि उनका मूल्य केवल उनके परीक्षा परिणाम से जुड़ा है। यही सोच सबसे अधिक नुकसानदायक सिद्ध होती है, क्योंकि इससे उनका आत्मसम्मान कमजोर पड़ने लगता है।

फरवरी के अंतिम पंद्रह दिन इस पूरी प्रक्रिया में अत्यंत संवेदनशील होते हैं। इस अवधि में पाठ्यक्रम पूरा करने का दबाव, दोहराव, मॉडल परीक्षाएं और मार्च की निकटता एक साथ बच्चों पर असर डालती है। कई विद्यार्थी इसी समय अव्यवस्थित पढ़ाई करने लगते हैं, जिससे तनाव और बढ़ जाता है। वास्तव में यह समय डरने का नहीं, बल्कि संयम और योजना का होना चाहिए। यदि इन दिनों में संतुलित समय-सारिणी, नियमित पुनरावृत्ति, पर्याप्त विश्राम और सकारात्मक वातावरण बनाए रखा जाए, तो यही अवधि सफलता की मजबूत नींव बन सकती है। योजनाबद्ध अध्ययन, छोटे लक्ष्य और निरंतर अभ्यास परीक्षा को सरल बना सकते हैं। अभिभावकों की चिंता स्वाभाविक है। हर माता-पिता अपने बच्चे को सफल और आत्मनिर्भर देखना चाहता है, किंतु कई बार यही चिंता अपेक्षाओं के दबाव में बदल जाती है। बार-बार अच्छे अंक लाने की बात करना, दूसरों से तुलना करना या भविष्य का भय दिखाना बच्चों के मन में असफलता की आशंका पैदा करता है।



जब बच्चा यह महसूस करने लगता है कि उसका प्रेम और सम्मान केवल परिणाम पर निर्भर है, तब उसका आत्मविश्वास डगमगाने लगता है। यह समझना आवश्यक है कि हर बच्चा अलग होता है। उसकी क्षमता, रुचि और सीखने की गति भिन्न होती है। परीक्षा का उद्देश्य ज्ञान और समझ का आकलन करना है, न कि भय उत्पन्न करना। मार्च की वार्षिक परीक्षा जीवन की अंतिम परीक्षा नहीं, बल्कि सीखने की यात्रा का एक पड़ाव है। यदि पूरे वर्ष नियमित अध्ययन और समझ आधारित शिक्षण हो, तो अंतिम समय का दबाव कम हो सकता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे कठिन विषयों को छोटे भागों में बाँटकर पढ़ें, रट्टा लगाने के बजाय अवधारणाओं को समझें और नियमित अंतराल पर विश्राम लें। पर्याप्त नींद, संतुलित आहार और हल्की शारीरिक गतिविधि मानसिक ताजगी बनाए रखते हैं। मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी भी एकाग्रता बढ़ाने में सहायक होती है।

यदि किसी विषय को लेकर भय हो, तो उसे भीतर दबाने के बजाय माता-पिता या शिक्षक से साझा करना चाहिए। यह स्वीकार करना कि गलती होना स्वाभाविक है, मानसिक दबाव को कम करता है। अभिभावकों के लिए यह समय धैर्य और संवेदनशीलता का है। बच्चों की बात ध्यान से सुनना, प्रयास की सराहना करना और तुलना से बचना उनके मनोबल को बढ़ाता है। घर का वातावरण शांत और सहयोगात्मक होना चाहिए, जहां बच्चा बिना डर के अपनी कठिनाइयां व्यक्त कर सके।

शिक्षकों की भूमिका परीक्षा के समय अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि वे केवल परिणाम और अंकों पर ध्यान केंद्रित करें, तो कक्षा में अनजाने में भय और दबाव का वातावरण बन सकता है। इसके विपरीत जब शिक्षक मार्गदर्शक, सहयोगी और प्रेरक की भूमिका निभाते हैं, तो विद्यार्थी अधिक आत्मविश्वास के साथ अपनी तैयारी कर पाते हैं। स्पष्ट दिशा-निर्देश, नियमित पुनरावृत्ति, सरल भाषा में समझाना और सकारात्मक प्रर्ति, या देना परीक्षा के तनाव को काफी हद तक कम कर देता है। जब शिक्षक यह विश्वास दिलाते हैं कि परीक्षा सीखने का अवसर है, दंड का माध्यम नहीं, तब बच्चों की सोच में सकारात्मक परिवर्तन आता है।

शिक्षा का उद्देश्य केवल उच्च अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि सोचने-समझने की क्षमता, नैतिक मूल्यों और जीवन कौशल का विकास करना है। यदि विद्यार्थी आत्मविश्वासी, जिज्ञासु और संतुलित बनते हैं, तो वे जीवन की हर चुनौती का सामना कर सकते हैं। आइए, हम बच्चों पर अपेक्षाओं का बोझ न डालें, बल्कि उन्हें विश्वास, सहयोग और प्रेरणा का वातावरण दें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# विश्व रेडियो दिवस : आवाजों का जादू और यादों का संसार

'ये आकाशवाणी है...अब आप देवकी नंदन पांडे से समाचार सुनिए।' ऐसी बहुत सी आवाजें जैसे-कृष्ण कुमार भार्गव, नरोत्तम पुरी, हर्ष भोगले, कर्नल सावंत, जीडी बख्शी, राम कुमार काले, इंदु वाही-आदि रेडयो पर हमने सुनी होंगी। इन सबके साथ ही हमने विभिन्न रेडियो स्टेशनों से आपकी फरमाइश, फर्माइशी गीतों का मनचाहा प्रोग्राम, युववाणी, रसकलश, बाल गोपाल, पर्वत की गूंज, मनभवन और खुला आकाश जैसे कार्यक्रमों ने श्रोताओं को ज्ञान, मनोरंजन और अपनापन दिया। विविध भारती का जिक्र आते ही मन में मधुर गीतों की धारा बहने लगती है। 'यह विविध भारती है, आकाशवाणी का पंचरंगी कार्यक्रम'-यह सुनते ही एक अलग ही सुकून मिलता है। 3 अक्तूबर 1957 को स्थापित विविध भारती का आरंभ पंडित नरेंद्र शर्मा द्वारा लिखित और अनिल विश्वास के संगीत में मन्ना डे द्वारा गाए गीत 'नाच रे मयूरा' से हुआ था। पहले उद्घोषक शील कुमार शर्मा थे। हवा महल, संगीत सरिता, सखी सहेली जैसे कार्यक्रम आज भी अपनी ताजगी बनाए हुए हैं।



राजेंद्र पालमपुरी
वरिष्ठ साहित्यकार
हिमाचल प्रदेश, मो. 7018903315

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज के स्मार्टफोन और इंटरनेट के युग में यह सोचना स्वाभाविक है कि रेडियो की प्रासंगिकता कम हो गई होगी, किंतु सच्चाई इसके विपरीत है। देश में इस समय 591 रेडियो केंद्र कार्यरत हैं- 230 अपने स्टूडियो वाले और 361 रिले केंद्र। रेडियो आज भी देश के लगभग 92 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र और लगभग पूरी आबादी तक पहुंच रखता है। यह विभिन्न भाषाओं और बोलियों में कार्यक्रम प्रसारित कर विविधता में एकता का संदेश देता है। यही इसकी सबसे बड़ी शक्ति है।

हिमाचल प्रदेश में आकाशवाणी शिमला की स्थापना 16 जून 1955 को हुई। इसके बाद कसौली (1992), हमीरपुर और धर्मशाला (1994), कुल्लू और कल्पा (1997) तथा एफएम शिमला (2005) केंद्रों की स्थापना ने रेडियो प्रेमियों को और निकटता दी। शिमला केंद्र के राम कुमार काले, दीपक भंडारी, कृष्ण कुमार भार्गव, लता ठाकुर, अश्विनी गर्ग और ओंकार शर्मा भारद्वाज जैसे कलाकारों ने अपने विशेष अंदाज से श्रोताओं के दिलों में स्थायी स्थान बनाया।




कांगड़ी कार्यक्रमों और लोकसंगीत ने क्षेत्रीय संस्कृति को नई पहचान दी। रेडियो ने खेल जगत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्रिकेट की रोमांचक कमेंट्री ट्रांजिस्टर पर सुनते हुए बाजारों में घूमना, हर चौके-छक्के पर उत्साह से झूम उठना—ये दृश्य आज भी स्मृतियों में जीवित हैं। रेडियो ने लोकगायकों—प्रताप चंद, शांति विष्ट, बिमला राणा, प्रकाश चौधरी और अन्य कलाकारों-की मधुर आवाजों को घर-घर पहुंचाया और लोकसंस्कृति को संजोए रखा।

13 फरवरी 2012 से विश्व रेडियो दिवस आधिकारिक रूप से मनाया जा रहा है, हालांकि, रेडियो का इतिहास इससे कहीं पुराना है। 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' की भावना को आत्मसात करते हुए आकाशवाणी ने दशकों से समाज को सूचना, शिक्षा और मनोरंजन प्रदान किया है। आज भी विविध भारती और अन्य सेवाएं चौबीसों घंटे प्रसारण कर श्रोताओं का मन बहलाती हैं। रेडियो की सबसे बड़ी खूबी उसकी आत्मीयता है। उसमें चेहरे नहीं, केवल आवाज होती है, और वही आवाज दिलों से सीधा संवाद करती है। यह तकनीक की चकाचौंध से दूर, सादगी में विश्वास रखता है। शायद इसी कारण रेडियो आज भी करोड़ों लोगों के दिलों में बसा हुआ है।

विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर हम उन सभी उद्घोषकों, कलाकारों, तकनीशियनों और श्रोताओं को नमन करते हैं, जिन्होंने इस माध्यम को जीवंत बनाए रखा। रेडियो केवल अतीत की स्मृति नहीं, वर्तमान की धड़कन और भविष्य की संभावनाओं का भी प्रतीक है। यह यूं ही अपनी मधुर तरंगों से संसार को जोड़ता रहे—इसी कामना के साथ सभी रेडियो प्रेमियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत कोकिला सरोजिनी नायडू : स्वर, संघर्ष और स्वतंत्रता की प्रतीक

सरोजिनी नायडू भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की अग्रणी सेनानी, ओजस्वी वक्ता और विख्यात कवयित्री थीं, जिन्हें प्रेमपूर्वक 'भारत कोकिला' कहा जाता है। उनका जन्म 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में एक शिक्षित बंगाली ब्राह्मण परिवार में हुआ। उनके पिता अघोरनाथ चट्टोपाध्याय निजाम कॉलेज के प्रधानाचार्य और एक प्रखर शिक्षाविद् थे, जबकि माता वरदासुंदरी देवी एक संवेदनशील कवयित्री थीं। घर का साहित्यिक और बौद्धिक वातावरण ही उनकी प्रतिभा की पहली पाठशाला बना।



संजय गोस्वामी
स्वतंत्र लेखक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

असाधारण मेधा की धनी सरोजिनी ने मात्र बारह वर्ष की आयु में मद्रास मैट्रिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी आयु में उन्होंने फ़ारसी में 'माहेर मुनीर' नामक नाटक लिखा, जिसने हैदराबाद के निजाम को प्रभावित किया। आगे की शिक्षा के लिए वे इंग्लैंड गईं, जहां उन्होंने किंग्स कॉलेज, लंदन और बाद में गर्टन कॉलेज, कैम्ब्रिज में अध्ययन किया। इंग्लैंड प्रवास के दौरान वे मताधिकार आंदोलन से भी प्रभावित हुईं और महिलाओं के अधिकारों के प्रति उनकी चेतना और सुदृढ़ हुई।

1898 में भारत लौटने पर उन्होंने डॉ. गोविंदराजुलु नायडू से अंतर-जातीय विवाह किया, जो उस समय सामाजिक दृष्टि से साहसिक कदम था। उनके चार बच्चे हुए, जिनमें पद्मजा नायडू आगे चलकर पश्चिम बंगाल की राज्यपाल बनीं। पारिवारिक जीवन के साथ-साथ उन्होंने सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन में सर्ि, य भागीदारी निभाई। सरोजिनी नायडू का मानना था कि राष्ट्रवादी आंदोलन और महिला मुक्ति आंदोलन एक-दूसरे के पूरक हैं।

वे महिला भारतीय संघ से जुड़ीं और महिलाओं के मताधिकार के लिए आवाज बुलंद की। 1917 में उन्होंने एनी बेसेंट और हेराबाई टाटा के साथ मिलकर महिलाओं को मतदान अधिकार दिलाने हेतु प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। 1919 के भारत सरकार अधिनियम में महिलाओं को सीमित मतदान अधिकार मिला, जो आगे चलकर स्वतंत्र भारत में सार्वभौमिक मताधिकार का आधार बना। महात्मा गांधी के नेतृत्व में उन्होंने असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह, सविनय अवज्ञा आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। 1930 के दांडी मार्च में वे गांधीजी के साथ थीं। उनके ओजपूर्ण भाषण जनता में राष्ट्रीय चेतना का संचार करते थे। ब्रिटिश शासन के विरोध के कारण उन्हें कई बार कारावास भी भुगतना पड़ा। 1925 में वे कानपुर अधिवेशन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष बनने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। इससे पहले एनी बेसेंट इस पद पर आसीन हो चुकी थीं।




एक कवयित्री के रूप में उनकी पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर थी। उनकी प्रमुख कृतियां-The Golden Threshold (1905), The Bird of Time (1912) और The Broken Wing (1917)—अंग्रेजी भाषा में लिखी गईं। उनकी कविताओं में भारतीय जीवन, प्रकृति, प्रेम और राष्ट्रवाद की मधुर अभिव्यक्ति मिलती है। उनकी काव्यधारा में संगीतात्मकता और भावप्रवणता का अनूठा संगम था, जिसके कारण उन्हें "Indian Nightingale" की उपाधि मिली। रवींद्रनाथ ठाकुर और एडमंड गोसे जैसे साहित्यकारों ने उनके काव्य की सराहना की।

हैदराबाद में प्लेग के दौरान उन्होंने सेवा कार्यों में सक्रिय योगदान दिया, जिसके लिए उन्हें कैसर-ए-हिंद पदक से सम्मानित किया गया, किंतु जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में उन्होंने यह सम्मान लौटा दिया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 15 अगस्त 1947 को उन्हें संयुक्त प्रांत (अब उत्तर प्रदेश) का राज्यपाल नियुक्त किया गया, जिससे वे स्वतंत्र भारत की पहली महिला राज्यपाल बनीं। वे संविधान सभा की सदस्य भी रहीं।

2 मार्च 1949 को लखनऊ के गवर्नमेंट हाउस में उनका निधन हो गया। उनका जीवन साहित्य, स्वतंत्रता संग्राम और महिला सशक्तिकरण का प्रेरक संगम है। 13 फरवरी को उनकी जयंती राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाई जाती है। सरोजिनी नायडू केवल एक कवयित्री नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, समानता और मानवीय गरिमा की सशक्त आवाज थीं, जिनकी गूंज आज भी प्रेरणा देती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# वैदिक संस्कृति के उद्धारक तपोनिष्ठ संन्यासी स्वामी दयानंद सरस्वती

भारत की उत्कृष्ट वैदिक संस्कृति और सभ्यता की सहस्त्रों वर्षों पुरानी गौरवमयी परंपरा मध्यकालीन आक्रमणों और दीर्घकालीन पराधीनता के कारण धीरे-धीरे म्लान पड़ गई थी। विदेशी शासन, सामाजिक कुरीतियों और पाश्चात्य प्रभाव की चकाचौंध में भारतीय समाज अपने आत्मगौरव, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक चेतना से दूर होता जा रहा था।



आचार्य दीप चंद भारद्वाज
राजनीतिक विश्लेषक, चंबा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

ऐसे संक्रमणकाल में 19वीं शताब्दी के नवजागरण के प्रखर प्रवर्तक के रूप में महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती का अवतरण हुआ। उनका जन्म 12 फरवरी 1824 (फाल्गुन कृष्ण दशमी) को गुजरात के टंकारा नगर में एक प्रतिष्ठित ब्राह्मण परिवार में हुआ। बाल्यकाल में उनका नाम मूलशंकर था। बचपन से ही उनमें तीव्र जिज्ञासा, सत्य के प्रति आग्रह और धार्मिक विषयों पर गहन चिंतन की प्रवृत्ति थी।

किशोरावस्था में शिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में जागरण करते हुए उन्होंने मूर्ति पूजा के संबंध में प्रश्न उठाए, जिसने उनके जीवन की दिशा बदल दी। सत्य की खोज में उन्होंने मात्र 21 वर्ष की आयु में 1846 में गृहत्याग कर संन्यास ग्रहण किया। वर्षों तक उन्होंने देश के विभिन्न भागों में भ्रमण किया और विद्वानों से शास्त्रार्थ किए। अंततः मथुरा में व्याकरणाचार्य गुरु विरजानंद के सान्निध्य में उन्हें वह वैचारिक आधार मिला, जिसने उनके चिंतन को स्पष्ट दिशा दी। गुरु विरजानंद से उन्होंने व्याकरण, मीमांसा और वेदों का गहन अध्ययन किया तथा वेदों के प्रचार का संकल्प लिया।

स्वामी दयानंद ने उद्घोष किया-'वेद सब सत्य विद्याओं का पुस्तक है।' उनका मानना था कि वेद ईश्वरप्रदत्त ज्ञान हैं और मानव मात्र के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने वेदाध्ययन का अधिकार सभी वर्गों के लिए समान रूप से स्वीकार किया और समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव, अस्पृश्यता, अंधविश्वास, बाल विवाह, सती प्रथा जैसी कुरीतियों का प्रखर विरोध किया। वे तर्क, प्रमाण और शास्त्रीय आधार पर अपने विचार प्रस्तुत करते थे। उनके शास्त्रार्थों ने भारतीय समाज में बौद्धिक जागरण की लहर उत्पन्न की। 1875 में मुंबई में उन्होंने आर्य समाज की स्थापना की। आर्य समाज का उद्देश्य वैदिक धर्म का पुनरुत्थान, सामाजिक सुधार और राष्ट्रीय चेतना का प्रसार था। 'वेदों की ओर लौटो' उनका प्रसिद्ध आह्वान था, जो भारतीयों को अपनी मूल सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का संदेश देता था। उन्होंने शिक्षा को समाज सुधार का आधार माना और ऐसी शिक्षा प्रणाली की वकालत की, जिसमें शारीरिक, मानसिक और आत्मिक विकास का समन्वय हो। गुरुकुल व्यवस्था के पुनरुद्धार और स्वभाषा के प्रचार पर उन्होंने विशेष बल दिया। महर्षि दयानंद आधुनिक भारत में स्वराज्य, स्वदेशी और राष्ट्रीयता के अग्रदूत थे। 1873 में उन्होंने 'भारत भारतीयों के लिए है' का उद्घोष किया, जिसने भारतीय जनमानस में आत्मबोध और राष्ट्रीय चेतना को जागृत किया। उनके विचारों और उपदेशों ने बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय, रामप्रसाद बिस्मिल, स्वामी श्रद्धानंद और अनेक स्वतंत्रता सेनानियों को प्रेरित किया।



वे धार्मिक सुधारक नहीं थे, बल्कि सामाजिक व राष्ट्रीय चेतना के भी प्रबल प्रवक्ता थे। उनकी प्रमुख कृतियों में सत्यार्थ प्रकाश, संस्कार विधि व ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका शामिल हैं। उन्होंने धर्म, समाज और राष्ट्र से जुड़े विषयों पर स्पष्ट, तार्किक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उनका मानना था कि अज्ञान मानव पतन का मुख्य कारण है, इसलिए उन्होंने विद्या के प्रसार और अविद्या के नाश पर जोर दिया। स्वामी दयानंद का व्यक्तित्व साहस, सत्यनिष्ठा, करुणा और विनम्रता का अद्भुत मिश्रण था। उनके विचार और कार्य आधुनिक भारत के निर्माण में प्रेरक हैं और आज भी समाज को नैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दिशा प्रदान करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### जोढन का शशांक सेना में बना लेफ्टिनेंट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धनपुर विधानसभा क्षेत्र की जोढन पंचायत के जोढन गांव के शशांक ठाकुर का चयन भारतीय सेवा में लेफ्टिनेंट पद पर हुआ है सर्विस सिलेक्शन बोर्ड द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्टार की चयन प्रक्रिया में शशांक ने 31वां रैंक हासिल कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है शशांक को सीन में जाने की प्रेरणा अपने दादा पिता और चाचा से मिली थी उसके दादा बालम राम पिता कमलेश कुमार और चाचा सोनी कुमार तीनों सेवा में कार्यरत रहे हैं शशांक ने पहली से 12वीं तक की शिक्षा डीएवी स्कूल ग्रयोह से लेकर शिमला के यूआईटी से बीटेक करने बाद लार्सन ऐंड टुब्रो एलएनटी कंपनी में बतौर मैनेजर के तौर पर उसका प्लेसमेंट हुई थी, परंतु सेना में जाने की चाह को लेकर उसने इलाहाबाद में एसएससी शॉर्ट सर्विस कमिशन की टेक्निकल एंट्री को लेकर एग्जाम पास किया और उसमें उसकी सिलेक्शन हुई अब है ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी गया (बिहार) में 1 साल की ट्रेनिंग पूरी करेगा शशांक इस कामयाबी पर पूरे क्षेत्र को गर्व महसूस हो रहा है उसकी इस कामयाबी पर पंचायत प्रधान किरण लता ठाकुर पूर्व प्रधान राकेश ठाकुर समाजसेवी अविनाश ठाकुर और दिव्या राही धर्म सिंह लेखराज ठाकुर आदि ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### भूतपूर्व सैनिक लीग ने मनाया 52वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर की भूतपूर्व सैनिक लीग ने अपना 52वां स्थापना दिवस मंगलवार को बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया। कार्यक्रम में ब्रिगेडियर संजीव सरोच, डिप्टी जीओसी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। लीग के चेयरमैन जीएस शाही ने ब्रिगेडियर संजीव सरोच का स्वागत करते हुए लीग की कार्यप्रणाली, उपलब्धियों तथा पूर्व सैनिकों के कल्याण हेतु किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने सैनिक कैंटीन और ईसीएचएस एक्स-सर्विसमैन कॉन्ट्रिब्यूटरी हेल्थ स्कीम का भी दौरा किया। उन्होंने वहां पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा संबंधित कठिनाइयों को शीघ्र दूर करने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम के दौरान वीर नारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही लीग के वरिष्ठ पदाधिकारियों को भी उनके योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया।अपने संबोधन में ब्रिगेडियर संजीव सरोच ने कहा कि 'आज की आर्मी कल एक्स आर्मी बनेगी, इसलिए अपने कल को बेहतर बनाने के लिए हमें पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करना चाहिए।' उन्होंने जोगिंद्रनगर लीग द्वारा प्रस्तुत मांगपत्र पर भी शीघ्र कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

### गोहर में पीलिया का प्रकोप, दूषित पेयजल बनी वजह

**अनंत ज्ञान, सुनील शर्मा, गोहर।** मंडी जिला के गोहर उपमंडल में इन दिनों पीलिया का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है और मरीजों की संख्या तीन अंकों को पार कर चुकी है, जबकि प्रतिदिन नए मामले सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ दूषित पेयजल को इसका प्रमुख कारण मान रहे हैं। गोहर क्षेत्र को पानी उपलब्ध कराने वाले नगालनी स्रोत की स्थिति बेहद चिंताजनक पाई गई है। कुछ वर्ष पूर्व तक यहां देवदार और बान के जंगलों से बहने वाले स्वच्छ प्राकृतिक नाले से जल आपूर्ति होती थी, जहां जन स्वास्थ्य विभाग ने फिल्टर टैंक स्थापित कर रखा था। बाद में इस स्रोत को बदलकर तरौर गांव की ओर से आने वाले नाले से सीधे पानी की सप्लाई शुरू कर दी गई, जो वर्तमान में मुख्य आपूर्ति टैंक तक पानी पहुंचा रहा है। यह नाला अब कई गांवों के कचरे का अड्डा बन चुका है, जहां कीटनाशक दवाइयों की खाली बोतलें, प्लास्टिक और अन्य गंदगी साफ देखी जा सकती है। जल स्रोत की दीवार नीचे से लीक है, जिससे ओवरफ्लो की व्यवस्था प्रभावित है और गंदगी टैंक में जमा हो रही है। पीलिया फैलने के बाद विभाग ने मरम्मत करवाई, लेकिन यह प्रयास सतही नजर आता है। सवाल उठ रहा है कि करोड़ों रुपये के बजट वाला जन स्वास्थ्य विभाग ऐसे स्रोतों से पेयजल आपूर्ति कैसे कर रहा है। दूषित पानी से पीलिया जैसी गंभीर बीमारी को बढ़ावा मिल रहा है। अब इस मामले पर एसडीएम गोहर, चिकित्सा अधिकारी, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और स्थानीय लोगों की प्रतिक्रिया महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# सुंदरनगर बस अड्डे में फैला कचरा

## एनएच-21 से सटे परिसर में बदबूदार गंदगी का अंबार, सफाई पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान


बस अड्डे में फैला कूड़ा-कर्कट।

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं 21 से सटे बस अड्डे सुंदरनगर में बड़े पैमाने पर साफ-सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने की मांग लंबित पड़ी है। बस अड्डा परिसर का एक बड़ा भाग अभी तक प्लास्टिक सहित अन्य कई प्रकार के बदबू मारते कूड़े-कचरे से अटा पड़ा है, जिससे प्रदूषण की स्थिति बनना स्वाभाविक सी बात है। यह सब देखते ही जैसे शरीर में बीमारी पनपने लगती है, क्योंकि इस बात का अंदाजा बस अड्डे में जगह-जगह फैले एवं पुरानी खराब पड़ी बसों आदि के नीचे पसरे हार्ड ड्रिंक इत्यादि की बोतलों के बढ़ रहे कचरे से लगाया जा सकता है कि संबंधित विभाग सफाई के मामले में कितना गंभीर है।

अगर यही हाल रहा तो यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि बस अड्डा में गंदगी की भरमार है और शीघ्र ही किसी माहमारी फैलने की आशंका जताई जा रही है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि नए बस अड्डे के किनारों का एक बड़ा भाग बदबू मारते कूड़े-कचरे के ढेरों से अटा पड़ा है जिसे हटाया नहीं जा रहा है, जबकि विभाग को चाहिए कि साफ-सुथरा वातावरण कायम रखने के लिए स्वच्छता के मामले में सख्ती बरतते हुए।

अनंत ज्ञान मुद्दा

जगह-जगह कैमरे भी लगाए और कूड़ा-कचरा फैलाने वालों का चालान हजारों रुपए में मौके पर ही काटे, ताकि फैलती जा रही गंदगी का जहर और अधिक हवा में न घुले और सदा स्वच्छता का वातावरण बना रहे। बस अड्डा एक ऐसा व्यस्त स्थान है जहां स्थानीय तथा दूरदराज के यात्रियों का आवागमन होता रहता है, जो खाने-पीने की चीजों का अक्सर इस्तेमाल करते रहते हैं और कुछ यात्री इधर- उधर फैलाने से गुरेज नहीं करते व हालत बद से बदतर होती जाती है जिसका खामियाजा सबको भुगतना पड़ता है।

बस अड्डे में फालतू चीजों की जांच पड़ताल करने सहित लोगों ने बस अड्डे के तमाम हिस्सों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए डीसी मंडी से पुरजोर मांग करते हुए कहा है कि शीघ्र ही गंभीरता दिखाते हुए कूड़ा-कचरा फैलाने वालों की धरपकड़ तेज कर दोषियों से मौके पर ही जुर्माना वसूला जाए।

समाजसेवी नितेश ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि हर कहीं कूड़ा फेंकने वालों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। जुर्माना करने के साथ नसीहत भी देनी चाहिए।

# सरकाघाट में केंद्र सरकार के खिलाफ मजदूरों का प्रदर्शन


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए प्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** देशव्यापी हड़ताल के आह्वान पर सरकाघाट में सीटू से संबद्ध विभिन्न यूनियनों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व सीटू के जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह, मिड-डे मील यूनियन की जिला प्रधान बिमला देवी, मनरेगा मजदूर यूनियन के प्रधान करतार सिंह चौहान सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने किया।

प्रदर्शनकारियों ने सरकाघाट बाजार में रैली निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में चार श्रम संहिताओं को रद्द करने, मनरेगा कानून बहाल करने, श्रमिक कल्याण बोर्ड के लंबित लाभ जारी करने, मिड-डे मील व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी कर्मचारी घोषित करने, सफाई व सीवरेज कर्मचारियों को पक्का करने तथा बिजली बोर्ड के निजीकरण और स्मार्ट मीटरिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग उठाई गई।

वक्ताओं ने आरोप लगाया कि श्रम कानूनों में बदलाव से मजदूरों के अधिकार कमजोर हुए हैं और मनरेगा के बजट में कटौती की गई है। मिड-डे मील कार्यकर्ताओं ने मानदेय वृद्धि और नियमित वेतन की मांग की, जबकि सफाई व सीवरेज कर्मियों ने न्यूनतम वेतन और स्थायी नियुक्ति की मांग दोहराई।

प्रदर्शन में बिजली बोर्ड के कर्मचारी, अधिवक्ता यूनियन, एसएफआई, जनवादी महिला समिति, नागरिक सभा, दलित शोषण मुक्ति मंच और रेहड़ी यूनियन के सदस्य भी शामिल रहे।

# दिघो का साहिल सेना में बना लेफ्टिनेंट

अनंत ज्ञान



◆ देशभर में पाया 16वां रैंक

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत चोलथरा के गांव दिघो के होनहार युवा साहिल ठाकुर का चयन भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर हुआ है। सर्विस सिलेक्शन बोर्ड (सेना) की राष्ट्रीय स्तर की चयन प्रक्रिया में साहिल ने देशभर में 16वां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

साहिल के पिता कुलदीप ठाकुर भारतीय सेना में सूबेदार मेजर के पद पर सेवारत हैं, जबकि माता सुमन ठाकुर गृहिणी हैं। परिवार से मिले देशसेवा के संस्कारों ने साहिल को सेना में अधिकारी बनने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा डीएवी पब्लिक स्कूल, ग्रेयोह से प्राप्त की, जबकि +2 की पढ़ाई डीपीएस डलहौजी से पूरी की। इसके बाद जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, सोलन से बीटेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) की डिग्री हासिल की। पढ़ाई पूरी करने के बाद उनका चयन एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में आकर्षक पैकेज पर हुआ, लेकिन उन्होंने कॉर्पोरेट करियर छोड़कर सेना में जाने का निर्णय लिया।

साहिल ने अपनी सफलता का अपने परिजनों को दिया है। शीघ्र ही वे ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है।

# सरकाघाट में मारपीट व छीना झपटी का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस थाना सरकाघाट के अंतर्गत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता प्यारे लाल ने आरोप लगाया कि उनके पड़ोसी प्रवीण कुमार व सोमा देवी ने उनके आंगन में आकर उनके साथ व उनकी पत्नी के साथ मारपीट की।

◆ हटली में 3350 एमएल अवैध शराब बरामद

शिकायत में यह भी कहा गया है कि छीना-झपटी के दौरान एक महिला की सोने की बालियां गायब हो गईं तथा जान से मारने की धमकियां दी गईं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं पुलिस थाना हटली के अंतर्गत एचपी एक्साइज एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना पर मुकाम गुलेला के पास गुलाब चंद की करियाना दुकान से 3350 एमएल संतरा मार्का शराब बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई जारी है।

# रजत ठाकुर ने केंद्रीय बजट को बताया ऐतिहासिक

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रजत ठाकुर ने वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट की जोरदार सराहना करते हुए इसे 'समग्र विकास का बजट' करार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत 53,47,315 करोड़ रुपए का यह ऐतिहासिक बजट किसान, युवा, महिला, कर्मचारी, व्यापारी और मध्यम वर्ग सहित प्रत्येक वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

रजत ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में मजबूत कदम है और विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश को इससे बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र को नई गति मिलेगी, बुनियादी ढांचे के विस्तार, बेहतर कनेक्टिविटी और रेलवे नेटवर्क के विस्तार से प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में बजट वृद्धि को देश की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को और बल मिलेगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) के लिए 96 हजार करोड़ रुपए के प्रावधान को उन्होंने गांवों में रोजगार और स्वरोजगार बढ़ाने की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय बताया।

उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के उज्ज्वल भविष्य का खाका है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी और भारत विश्व पटल पर अधिक सशक्त होकर उभरेगा। इस अवसर पर भाजपा मंडलाध्यक्ष लेखराज, महामंत्री सुरेंद्र ठाकुर एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष नेकराम ठाकुर भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी बजट को ऐतिहासिक बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया।

# भ्रष्टाचार मुक्त शासन और राष्ट्रीय एकता भाजपा की पहचान : विष्णु दत्त

अनंत ज्ञान


मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** भाजपा की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन सुंदरनगर जिला भाजपा कार्यालय में हुआ, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में भाजपा सांसद एवं पूर्व मध्य प्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा (बीडी शर्मा) उपस्थित रहे, जबकि बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने की।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल और पायल वैद्य भी मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने शासन व्यवस्था में पारदर्शिता लाकर भ्रष्टाचार पर प्रभावी प्रहार किया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप योजनाओं का लाभ सीधे पात्रों के खातों में पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारें नारों नहीं, बल्कि वास्तविक गरीब कल्याण पर काम कर रही हैं और अंत्योदय की भावना के साथ करोड़ों लोगों को सशक्त बनाया गया है। धारा 370 हटाने को उन्होंने राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक निर्णय बताया और कांग्रेस पर झूठा नैरेटिव गढ़ने का आरोप लगाया। हिमाचल के संदर्भ में उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से 2025 के बीच लगभग 1,364 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण और उन्नयन हुआ, जिससे संपर्क, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बल मिला।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित दल है, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद पर आधारित है। उन्होंने पार्टी की पंच निष्ठाओं राष्ट्रवाद व राष्ट्रीय एकता, लोकतंत्र, सांस्कृतिक मूल्य, अंत्योदय तथा स्वच्छ और पारदर्शी सार्वजनिक जीवन को संगठन की वैचारिक शक्ति बताते हुए कहा कि इन्हीं सिद्धांतों के बल पर भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनी है और सुशासन का मॉडल प्रस्तुत कर रही है।

### बिजली संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में सरकाघाट में बिजली कर्मियों की हड़ताल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड के संभावित निजीकरण की दिशा में लाए जा रहे बिजली संशोधन विधेयक, 2025 के विरोध में विद्युत बोर्ड ज्वॉइंट फ्रंट के कर्मचारियों, अभियंताओं एवं पेंशनर्स ने वीरवार को राज्यव्यापी टूल डाउन/पेन डाउन हड़ताल करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। सरकाघाट विद्युत मंडल परिसर में कर्मचारियों, अधिकारियों, पेंशनरों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने एकत्र होकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और विधेयक को संसद में लाने के निर्णय पर कड़ा विरोध जताया।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि विद्युत बोर्ड का निजीकरण कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों के विपरीत है तथा इससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। उनका आरोप है कि निजीकरण से बिजली दरों में वृद्धि, सेवाओं की गुणवत्ता में गिरावट और दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों की उपेक्षा हो सकती है।धरना-प्रदर्शन के बाद रैली निकालकर सरकार से विधेयक वापस लेने और निजीकरण की प्रक्रिया तुरंत रोकने की मांग की गई। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

मुख्य लेखा परीक्षक मदन लाल भारती सहित अन्य वक्ताओं ने विधेयक को जनविरोधी बताया। ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा गया। मुख्यमंत्री से HPPCL/HPTOL के बिजली बोर्ड में विलय की भी मांग उठाई गई।

# चच्योट पोस्ट ऑफिस शिफ्ट करने के आदेश पर भड़के ग्रामीण

अनंत ज्ञान

**सुनील शर्मा, गोहर।** गोहर उपमंडल की ग्राम पंचायत चच्योट में करीब 75 वर्षों से संचालित पोस्ट ऑफिस को 16 फरवरी को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने के आदेश से पूरे क्षेत्र में जबरदस्त जनाक्रोश फैल गया है। आदेश की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में रोष की लहर दौड़ गई और डाक विभाग के फैसले के खिलाफ विरोध तेज हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि चच्योट पोस्ट ऑफिस आसपास के 30-35 गांवों की हजारों आबादी के लिए जीवन रेखा के समान है। पंचायत चच्योट, नेहरा, नौण और शाला सहित अनेक गांवों के लोग डाक वितरण, बैंकिंग सेवाएं, पेंशन, मनी ऑर्डर, बचत योजनाएं और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए इसी पोस्ट ऑफिस पर निर्भर हैं। पोस्ट ऑफिस हटाए जाने से बुजुर्गों, महिलाओं, छात्रों और गरीब परिवारों को लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह द्वारा पोस्ट ऑफिस भवन के रख-रखाव के लिए 6 लाख रुपए की राशि भी प्रदान की गई थी। भवन की जमीन डाक विभाग के नाम दर्ज है और ग्रामीणों ने यह भूमि दान में दी थी। ऐसे में पोस्ट ऑफिस को हटाने का निर्णय लोगों को अस्वीकार्य लग रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पोस्ट ऑफिस के निकट आईटीआई चच्योट, हॉर्टीकल्चर कॉलेज गुड़ाहरी, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चच्योट तथा एक निजी विश्वविद्यालय स्थित है, जहां देशभर से हजारों छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। पोस्ट ऑफिस के स्थानांतरण से इन संस्थानों के विद्यार्थियों और कर्मचारियों को भी गंभीर दिक्कतें होंगी।

इस मुद्दे को लेकर पंचायत घर में बीडीसी सदस्य बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आपात बैठक आयोजित की गई, जिसमें पूर्व प्रधान ओम प्रकाश नेगी सहित अनेक गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसी भी सूरत में पोस्ट ऑफिस को शिफ्ट नहीं होने दिया जाएगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि आदेश वापस नहीं लिया गया तो वे धरना-प्रदर्शन, घेराव और उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशासन और डाक विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर जनभावनाओं का सम्मान करते हुए आदेश रद्द करने की मांग की है। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि चच्योट पोस्ट ऑफिस को बचाने के लिए वे हर स्तर पर संघर्ष करेंगे।

# डीएवी मंडी में महर्षि दयानंद जयंती के उपलक्ष्य में हुआ भव्य वैदिक यज्ञ

अनंत ज्ञान


विद्यार्थियों के साथ प्रधानाचार्य सामूहिक चित्र में।

**ब्यूरो, मंडी।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती के पावन अवसर पर श्रद्धा और उल्लास का वातावरण रहा। इस विशेष दिवस पर विद्यालय परिसर में वैदिक यज्ञ (हवन) का आयोजन किया गया, जो न केवल ऋषि के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का माध्यम बना, बल्कि आगामी वार्षिक परीक्षाओं के दृष्टिगत विद्यार्थियों के लिए 'गुड लक हवन' के रूप में भी संपन्न हुआ।

इस पावन अनुष्ठान में विशेष रूप से कक्षा दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को शामिल किया गया। यज्ञ का शुभारंभ गायत्री मंत्र और वेदोच्चारण के साथ हुआ। यज्ञ में ब्रह्मा के रूप में प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया उपस्थित रहे, जबकि यज्ञ की संपूर्ण विधि आचार्य वेद मित्र शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न करवाई गई।

समस्त विद्यालय परिवार ने हवन कुंड में आहुति डालकर न केवल अपनी सफलता, बल्कि संपूर्ण विश्व के मंगल और कल्याण की कामना की। यज्ञ के उपरांत एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें सत्र 2025-26 के दौरान विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती का जीवन साहस और ज्ञान का पुंज है। विद्यार्थियों को उनके बताए मार्ग पर चलते हुए सत्य, अनुशासन और परोपकार को अपने जीवन का आधार बनाना चाहिए। उन्होंने परीक्षा की दहलीज पर खड़े विद्यार्थियों को एकाग्रता और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# राजमाता देवी बूढ़ी भैरवा 13 को शिवरात्रि मेले के लिए होंगी रवाना

अनंत ज्ञान



**पंडोह, बालक राम।** छोटी काशी मंडी के पंडोह की राजमाता देवी बूढ़ी भैरवा 13 फरवरी को सायं 4 बजे अप्पर पंडोह स्थित देशराज के घर से अपने लाव-लश्कर के साथ अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव 2026 में भाग लेने के लिए रवाना होंगी। शाम को रात्रि ठहराव 7 मील स्थित माता भैरवा मंदिर में होगा। 14 फरवरी दोपहर बाद राजमाता का देवरथ मंडी शहर में देव राज माधव राय जी के मंदिर पहुंचेगा।

इसके उपरांत भव्य राजदरबार सजेगा, जिसमें शिवरात्रि पर्व के मुख्य देवता श्री देव कमरूनाग, सुकदेव ऋषि शारटी, सुकदेव ऋषि थटा, मां बगलामुखी बाखली, राजमाता देवी बूढ़ी भैरवा जी पंडोह तथा देव बूढ़ा बिंगल शाढ़ला राज परिवार को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। इसके उपरान्त राजमाता देवी बूढ़ी भैरवा 7 दिनों के लिए राजमहल में निरोल विराजमान होंगी। शिवरात्रि महोत्सव में राजमाता देवी बूढ़ी भैरवा का विशेष स्थान है। अंतराष्ट्रीय महोत्सव में निरोल की केवल 9 देवियां ही विराजमान होती हैं, जिनमें देवी बूढ़ी भैरवा का बड़ा नाम और मान्यता हैं। ये देवियां राजमहल में निरोल विराजमान होकर वहीं पर ही अपने भक्तों को दर्शन एवं आशीर्वाद देती हैं। यह जानकारी माता भैरवा मन्दिर कमेटी के प्रचार विंग द्वारा जनहित में जारी की गई है। ताकि सभी श्रद्धालु और भगत जनों को माता का आशीर्वाद प्राप्त हो सके। बता दें कि माता भैरवा हर वर्ष अंतराष्ट्रीय शिवरात्रि मेले में अपने भक्तों को आशीर्वाद देती है तथा वापसी में जगह-जगह माता के नाम के भंडारे लगाए जाते हैं।

**विरोध** श्रम संहिता, मनरेगा, स्मार्ट मीटर व अमेरिका समझौते के विरोध में उठी आवाज

# बालीचौकी में मजदूर-किसानों ने किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान


बालीचौकी में केंद्र सरकार के खिलाफ विशाल रैली निकालते मजदूर-किसान । अनंत ज्ञान

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** अखिल भारतीय मजदूर किसान हड़ताल के आह्वान पर बालीचौकी में विशाल रैली आयोजित की गई, जिसमें मिड डे मील वर्कर, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर, मनरेगा कर्मी, किसान व बागवान शामिल हुए। रैली को किसान सभा राज्य कमेटी सदस्य महेंद्र सिंह राणा, मिड डे मील वर्कर पूर्व राज्य अध्यक्ष इंदर सिंह, नौजवान सभा लोकल कमेटी बाली चौकी अध्यक्ष देवेंद्र कुमार, आंगनबाड़ी वर्कर मेनका देवी, आशा वर्कर निर्मला देवी और रीता देवी ने संबोधित किया।

वक्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के फैसले मजदूर-किसान विरोधी हैं, जिससे आम लोगों का जीवन कठिन हो रहा है। उन्होंने कहा कि श्रम कानूनों को समाप्त कर श्रम संहिता लागू करने से मजदूरों के यूनियन बनाने और हड़ताल के अधिकार प्रभावित होंगे, इसलिए इसे वापस लिया जाए। मनरेगा को कमजोर करने और नए प्रावधान लाने का भी विरोध किया गया। सेब उत्पादक संघ लोकल कमेटी सचिव यदुनंदन राय ने कहा कि अमेरिका के साथ संभावित समझौते से सेब सहित फल उत्पादकों पर संकट गहरा सकता है।

साथ ही स्मार्ट मीटर योजना और बिजली विधेयक 2025 का विरोध जताया गया। विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने वर्गों की समस्याएं रखीं और मांग की कि मजदूर-किसान विरोधी निर्णय वापस लेकर लंबित मांगों का समाधान किया जाए।

# आईडीए सुंदरनगर शाखा में नए पदाधिकारियों ने संभाला दायित्व

अनंत ज्ञान


छात्रों को सम्मानित करते हुए अतिथि। अनंत ज्ञान

◆ डॉ. विनय बने अध्यक्ष, डॉ. वसुंधरा अध्यक्ष-निर्वाचित

**सुंदरनगर।** आईडीए सुंदरनगर शाखा की वर्ष 2026 की वार्षिक बैठक हिमाचल डेंटल कॉलेज परिसर में आयोजित हुई। कार्यक्रम में ऑनरेरी सदस्य डॉ. अनिल सिंगला और आमंत्रित अतिथि डॉ. बलजीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में डॉ. विनय ने वर्ष 2026-27 के लिए अध्यक्ष पद का कार्यभार पूर्व अध्यक्ष डॉ. ममता महाजन से ग्रहण किया। डॉ. ममता महाजन ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। साथ ही डॉ. वसुंधरा पठानिया को सत्र 2027-28 के लिए अध्यक्ष-निर्वाचित घोषित किया गया। डॉ. इशांत सूद को सचिव और डॉ. साहिल ठाकर को सीडीएच चुना गया।

बैठक के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र सदस्यों को प्रशस्ति-पत्र और स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन की भावी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को पेशेवर उत्कृष्टता और सामाजिक दायित्व के प्रति प्रेरित किया। आईडीए सुंदरनगर शाखा प्रदेश की सक्रिय शाखाओं में अग्रणी है। शाखा प्रतिवर्ष 40 से अधिक आउटरीच कैंप आयोजित कर लगभग पांच हजार मरीजों की स्क्रीनिंग व ऑन-साइट उपचार सुविधा प्रदान करती है।

## न्यूज ब्रीफ

### राजीव गांधी स्वरोजगार योजना की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक समिति शाखा लठियानी के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक संजय नेगी, बैंक अधिकारी संजीव कुमार व विनय कुमार ने वीरवार को ग्राम पंचायत लठियानी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान नाबार्ड वित्त पोषित वित्तीय साक्षरता, डिजिटल लेनदेन, जन सुरक्षा योजना व राजीव गांधी स्वरोजगार योजना की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने लोगों से बैंक खाते खुलवाने का आग्रह किया, ताकि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (436 रुपए वार्षिक) व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (20 रुपए वार्षिक) की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भाग लिया।

### समोह बाजार में लगवाई हाई मास्ट लाइट

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** ग्राम पंचायत समोह के अंतर्गत समोह बाजार में हाई मास्ट लाइट लगाई गई हैं। यह कार्य जिला परिषद सदस्य शैलजा शर्मा के प्रयासों से संपन्न हुआ है। हाई मास्ट लाइट के स्थापित होने से अब बाजार क्षेत्र रात के समय भी पूरी तरह रोशन रहेगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाजार में लंबे समय से पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की मांग की जा रही थी। रात्रि में अंधेरे के कारण व्यापारियों व ग्राहकों को असुविधा का सामना करना पड़ता था। हाई मास्ट लाइट लगने से न केवल व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। जिला परिषद सदस्य शैलजा शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के विकास व मूलभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि आगे भी पंचायत क्षेत्र में जनहित के कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। हाई मास्ट लाइट लगने पर स्थानीय ग्रामीणों व व्यापारियों ने खुशी जाहिर करते हुए जिला परिषद सदस्य शैलजा शर्मा का आभार व्यक्त किया।

### गेहड़वीं में मुख्य सड़क की स्थिति दयनीय

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** झंडूता उपमंडल के गेहड़वीं क्षेत्र में गेहड़वीं से बायां बरसड औहर तक जाने वाली मुख्य सड़क की स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। लगभग छह किलोमीटर लंबी इस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, उखड़े पत्थर व खराब टारिंग के कारण स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क क्षेत्र की प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिससे होकर रोजाना ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, कर्मचारियों व किसानों का आना-जाना होता है। खराब सड़क होने के कारण वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा बना रहता है तथा आए दिन वाहन क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। इस संबंध में क्षेत्र के निवासी अमरनाथ, सुभाष, संजू व देशराज ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि सड़क की मौजूदा स्थिति बेहद चिंताजनक है व यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं करवाई गई, तो समस्या और गंभीर हो सकती है।

### डॉ. अंबेडकर मेरिट अवार्ड परीक्षा 5 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** डॉ. बीआर अंबेडकर जन कल्याण फाउंडेशन, हिमाचल प्रदेश की ऑनलाइन बैठक प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा दास हीरा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें जिला ऊना अध्यक्ष नरेश कुमार सैंसोवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में कक्षा 10वीं, 11वीं व 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों के लिए डॉ. आंबेडकर हिमाचल प्रदेश मेरिट अवार्ड योजना परीक्षा 2026 की घोषणा की गई। परीक्षा 5 अप्रैल को सुबह 11 से 1 बजे तक होगी। प्रथम पुरस्कार 21 हजार, द्वितीय 11 हजार, तृतीय 5 हजार तथा चौथे से चौदहवें स्थान तक 1,000 रुपए दिए जाएंगे।

### 24 जेबीटी शिक्षकों को मुख्य शिक्षक पद पर पदोन्नति

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** उपनिदेशक स्कूली शिक्षा (प्रारंभिक) बिलासपुर ने जिले के 24 जेबीटी शिक्षकों की मुख्य शिक्षक पद पर पदोन्नति सूची जारी की। प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान राकेश पटियाल, संजीव शर्मा, बाबू लाल भारद्वाज व सुशील कुमार ने उपनिदेशक नरेश चंदेल को धन्यवाद दिया। पटियाल ने एस्टेब्लिशमेंट अधिकारी सुरेश कुमार, अधीक्षक जय सिंह, महिंद्र कुमार, प्रदीप चौहान व वरिष्ठ सहायक सोहन लाल का भी आभार जताया। इस पदोन्नति से लंबे समय से बिना शिक्षक या एकल शिक्षक वाले प्राथमिक स्कूलों के बच्चों को लाभ मिलेगा। संघ ने सभी पदोन्नत शिक्षकों को बधाई दी।

### शोभायात्रा में भक्ति के रस में डूबा टाहलीवाल

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** श्री टाहलेश्वर महादेव मंदिर, टाहलीवाल से वीरवार को मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान पूरा टाहलीवाल व औद्योगिक क्षेत्र भक्ति रस में डूब गया। संकीर्तन व भजनों की मधुर गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा का शुभारंभ मंदिर परिसर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। श्रद्धालु भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। इससे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। यात्रा इंडस्ट्री एरिया टाहलीवाल स्थित हिंपा फैक्टरी के समीप पहुंची, जहां क्षेत्र के समस्त इंडस्ट्रियलिस्टों द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर इंडस्ट्रियलिस्टों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। टाहलीवाल के उद्योगपतियों द्वारा किए गए इस सहयोगात्मक कार्य की क्षेत्रवासियों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

### ऊना के 11 वार्डों में स्वच्छ सर्वेक्षण का अभियान तेज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर निगम ऊना के पुराने 11 वार्डों में स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 के तहत सर्वेक्षण कार्य जारी है। संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों की सदस्याएं घर-घर जाकर स्वच्छता, कचरा पृथक्करण, डोर-टू-डोर कलेक्शन और स्वच्छता ऐप संबंधी जानकारी एकत्र कर लोगों को जागरूक कर रही हैं। नागरिकों से सूखा-गीला कचरा अलग करने और सर्वेक्षण में सहयोग की अपील की गई है। साथ ही स्थायी निवासियों की ऑनलाइन परिवार सूची का सत्यापन व अपडेशन भी किया जा रहा है। त्रुटि सुधार हेतु आवश्यक दस्तावेजों के साथ नगर निगम कार्यालय में संपर्क करने को कहा गया है।

### तीसरी तिमाही तक 2686 करोड़ के ऋण वितरित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के बैंकों ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही तक 2686.43 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए हैं। डीसी जतिन लाल ने जिला स्तरीय बैंक सलाहकार समिति की बैठक में बताया कि इसमें 557.41 करोड़ रुपए कृषि क्षेत्र और 139.21 करोड़ रुपए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत दिए गए। वार्षिक लक्ष्य 3167.11 करोड़ के मुकाबले उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। जिले की कुल जमा राशि 16622.83 करोड़ और ऋण 5158.90 करोड़ रुपए पहुंच गया है। उपायुक्त ने प्राथमिक क्षेत्र, कृषि, स्वरोजगार, शिक्षा ऋण और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को बढ़ावा देने तथा ऋण-जमा अनुपात सुधारने के निर्देश दिए।

### 'वंदे मातरम' पूर्ण रूप से गाने के आदेशों का स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विश्व मानव कल्याण संस्थान ने देशभर के विद्यालयों में 'वंदे मातरम' पूर्ण रूप से गाने के निर्देशों का स्वागत किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तेज प्रताप पांडेय ने कहा कि यह निर्णय नई पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम' स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा रहा है व विद्यार्थियों को इतिहास व बलिदानों से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा। डॉ. पांडेय ने शिक्षकों व अभिभावकों से इसे सकारात्मक रूप में अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का सम्मान प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

### अधिकारियों को दिए समयबद्ध समाधान के निर्देश

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा में जन समस्याओं के त्वरित ,पारदर्शी व प्रभावी समाधान के उद्देश्य से उपमंडल स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधायक विवेक शर्मा ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर क्षेत्र से प्राप्त जन शिकायतों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण पारदर्शिता, संवेदनशीलता व जवाबदेही के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने कहा कि जन शिकायत निवारण समिति प्रशासन व जनता के बीच एक सशक्त रूप में कार्य कर रही है। इससे शिकायतों का त्वरित, प्रभावी एवं संतोषजनक समाधान संभव हो पा रहा है। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया तथा उनके जल्द निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। विधायक ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे जनहित से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और विकास कार्यों में तेजी लाकर क्षेत्र की समग्र उन्नति सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी बंगाणा सोनू गोयल, खंड विकास अधिकारी केएल वर्मा, तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार, थाना प्रभारी रोहित चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कूड़ा संयंत्र बंगाणा बदहाली का शिकार, कचरा निपटान व्यवस्था ठप

अनंत ज्ञान



खराब पड़ी हुई मशीनें, जगह-जगह पड़ा कचरा। अनंत ज्ञान

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा के तहत डुमखर में निर्मित कूड़ा संयंत्र की हालत लगातार बदतर होती जा रही है। बंगाणा स्थित यह कूड़ा संयंत्र लंबे समय से बदहाली का शिकार है। संयंत्र में लगी मशीनरी या तो खराब पड़ी है या फिर कुछ मशीनें अब तक उपयोग में ही नहीं लाई गई हैं। इसके कारण कचरे का उचित निपटान नहीं हो पा रहा है। मशीनरी के खराब होने से परिसर में कूड़े के ढेर जमा हो गए हैं। इन ढेरों पर बड़ी संख्या में पक्षी अपना भोजन ग्रहण कर रहे हैं और पास में लगे बिजली ट्रांसफार्मर पर बैठकर गंदगी फैला रहे हैं।

इससे ट्रांसफार्मर में बार-बार तकनीकी खराबी आ रही है, जिस कारण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित हो रही है। कूड़े के ढेरों से क्षेत्र में बदबू व गंदगी फैल रही है। इससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर प्रशासन को कई बार अवगत करवाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आपको बता दें कि इस संयंत्र केंद्र का उद्घाटन पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर द्वारा 2 अक्तूबर 2021 को किया गया था। इसमें यह तय हुआ था कि इस संयंत्र से नजदीकी 5 पंचायतों को लाभ पहुंचेगा। इस संयंत्र का उद्देश्य गीला व सूखा कूड़ा होगा, उसका उचित निष्पादन जैसे जैविक खाद तैयार करना व प्लास्टिक को पुनः उपयोग के लिए तैयार करना था, लेकिन मिली जानकारी से पता चला है कि कुछ मशीनरी का अभी तक इस्तेमाल भी नहीं किया गया है और न ही प्लास्टिक को दोबारा उपयोग में लाने की व्यवस्था है, क्योंकि कुछ मशीनें काफी समय से खराब ही पड़ी हुई हैं। न तो वहां पर कचरा प्रबंधन की उचित व्यवस्था है और न ही जैविक खाद बनाने की व्यवस्था है। उपप्रधान मुच्छाली अजय शर्मा से जब कूड़ा निष्पादन की जानकारी ली गई, तो उन्होंने बताया कि कूड़ा कचरा के निष्पादन के लिए गड्ढा करवाया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कूड़ा संयंत्र की व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया, तो यह समस्या गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है। अभी तक मौके पर कोई भी गड्ढा नहीं करवाया गया है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से जल्द मशीनरी को ठीक कर कचरा निपटान की नियमित व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

## कुटलैहड़ की बेटी ने चमकाया नाम

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** युवा वैज्ञानिक डॉ. दीक्षा ठाकुर ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। ताइवान से पीएचडी पूरी करने के बाद, दीक्षा पिछले डेढ़ साल से इटली में प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रोफेसर थॉमस एम ब्राउन के साथ काम कर रही हैं। उनका शोध सोलर सेल को अधिक पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ बनाने के नए तरीकों पर केंद्रित है। हाल ही में प्रकाशित उनके शोध में एक खास तरह का पारदर्शी व न्यूट्रल-रंग का पेरोव्स्काइट सोलर सेल विकसित किया गया है। इस काम की खास बात यह है कि इसमें पहली बार सोयाबीन से मिलने वाले प्राकृतिक पदार्थ 'लेसिथिन' का उपयोग किया गया, जिसे आमतौर पर डॉक्टर कोलेस्ट्रॉल कम कराने के लिए सलाह देते हैं। लेसिथिन के प्रयोग से सोलर सेल की पतली परत अधिक समान व बेहतर बनी। शोध के अनुसार, इस जैविक एडिटिव/योजक के इस्तेमाल से डिवाइस की कार्यक्षमता लगभग दोगुनी हुई व एक साल तक हवा में रखने पर इसकी स्थिरता भी बेहतर रही। यह सोलर सेल लगभग 70 फीसदी से ज्यादा रोशनी को पार होने देता है, इसलिए इसे खिड़कियों, स्मार्ट ग्लास, ग्रीनहाउस या कम रोशनी वाले इनडोर उपकरणों में इस्तेमाल किया जा सकता है।

## भाखड़ा विस्थापितों की बैठक में 23 फरवरी के धरने की रूपरेखा तय




बैठक में उपस्थित ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** जिला ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति की बैठक बलघाड़ में बलघाड़ पंचायत के पूर्व प्रधान बाबू राम राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में समिति के प्रधान देश राज शर्मा व उपाध्यक्ष बलदेव ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में 23 फरवरी को प्रस्तावित धरने को सफल बनाने के लिए रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया और निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के विस्थापित बड़ी संख्या में इसमें भाग लेंगे। समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित पिछले 65 वर्षों से अपने हकों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन किसी भी सरकार ने उनकी मांगों को पूरा करने की कोशिश नहीं की। उन्हें केवल कोरे आश्वासन मिले हैं, जिससे अब वे अपने हकों के लिए सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि 1960 के दशक में भाखड़ा बांध निर्माण के दौरान लोगों को अनेक सब्जबाग दिखाए गए थे और आज भी कई विस्थापितों के सिर पर दोबारा विस्थापित होने की आशंका है। बैठक में समिति ने वन भूमि पर बने घरों, खेती और पशुशालाओं को वन अधिकार अधिनियम-2006 के तहत पट्टे देने, भूमि का शीघ्र बंदोबस्त करने, लंबित प्लॉट आवंटित करने और काटे गए बिजली-पानी कनेक्शन बहाल करने की मांग दोहराई। इसके अलावा बीबीएमबी व सरकारी नौकरियों में आरक्षण, भाखड़ा डैम से रॉयल्टी का 25 प्रतिशत कल्याण पर खर्च, सिंचाई और पेयजल सुविधा, भूमिहीनों को भूमि, सतलुज नदी पर पुल निर्माण और सूची से वंचित पात्र लोगों को शामिल करने की मांग उठाई गई। बैठक में महिला मंडल और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। इस बैठक ने भाखड़ा विस्थापितों के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई को मजबूती देने के लिए पूरे क्षेत्र में एकजुटता का संदेश दिया।

## मित्रों के उत्थान में प्रयत्नशील प्रदेश सरकार ने बेरोजगार युवाओं के साथ किया धोखा : सुभाष

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** भाजपा सदर उपाध्यक्ष सुभाष ठाकुर ने आरोप लगाया है कि फिजुलखर्चियों के लिए मशहूर प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश को कंगाली पर लाकर खड़ा कर दिया है, जिसका खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा है।



उन्होंने कहा कि मित्रों की सरकार नाम से जानी जाने वाली कांग्रेस सरकार केवल अपने मित्रों के विकास और उत्थान में लगी है। मंहगी गाड़ियां खरीद कर प्रदेश की जनता पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। वित्तिय कुप्रबंधन के कारण प्रदेश के खजाने की माली हालत दिन प्रतिदिन खस्ता होती जा रही है जबकि इसके विपरीत प्रदेश सरकार इसका ठीकरा केंद्र की भाजपा सरकार के सिर फोड़कर जनता को भ्रमित करने में तुली है। सुभाष ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार की जबावदेही तय होनी चाहिए, मुख्य मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए सरकार के मंत्री आए दिन अनर्गल बयान देकर जनता को बरगलाने का प्रयास कर रहे हैं। सुभाष ने कहा कि मुख्यमंत्री अब भाजपा नेताओं को दलगत राजनीति छोड़ प्रदेश हित की बातें करने में लगे हैं, जबकि प्रदेश की दुर्दशा के लिए कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियां साफ तौर पर जिम्मेवार हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। आउट सोर्स पर चल रही व्यवस्था अब पूरी तरह से डगमगाने लगी है। युवाओं का आक्रोश चरम सीमा पर है तथा शीघ्र फूटने वाला है, क्योंकि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शिक्षित प्रशिक्षित बेरोजगार हाथों में डिग्रिंया लेकर सड़कों की खाक छान रहे हैं। सुभाष ठाकुर ने कहा कि झूठी गारंटियां देकर सता हथियाने में कामयाब रही कांग्रेस सरकार का कभी भी सूपड़ा साफ हो सकता है।

## देशव्यापी हड़ताल में शामिल हुए एलआईसी कर्मचारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) शाखा बिलासपुर के कर्मचारियों ने केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में आयोजित देशव्यापी हड़ताल में भाग लिया। हड़ताल को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व ऑल इंडिया इंश्योरेंस एंप्लॉइज एसोसिएशन का समर्थन प्राप्त है। कर्मचारियों ने चार नई श्रम संहिताओं, बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सीमा 100 प्रतिशत किए जाने तथा सार्वजनिक क्षेत्र के विनिवेश व परिसंपत्ति मुद्रीकरण नीतियों का विरोध जताया। उनका कहना है कि इन कदमों से श्रमिक अधिकार, नौकरी की सुरक्षा व सार्वजनिक क्षेत्र की स्वायत्तता प्रभावित होगी। इसके साथ ही कर्मचारियों ने लंबित भर्तियों, बढ़ते कार्यभार, पेंशन व ग्रेच्युटी से संबंधित मांगों को भी उठाया। कर्मचारियों का कहना है कि श्रमिक हितों व एलआईसी को सार्वजनिक संस्थान के रूप में सुरक्षित रखने के उद्देश्य से यह हड़ताल की गई।

## ढाई साल की बच्ची की खोज के लिए एससी आयोग ने एसआईटी गठन की सिफारिश की

अनंत ज्ञान



**अंब।** ढाई साल की मासूम बच्ची दर्शिका के लापता होने के मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुसूचित जाति (एससी) आयोग ने विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित करने की सिफारिश की है।

वीरवार को अंब स्थित रेस्ट हाउस में आयोग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता चेयरमैन कुलदीप कुमार ने की। बैठक में दलित समाज से जुड़े लोगों की विभिन्न समस्याएं सुनी गईं। इसी दौरान नैहरी खालसा गांव की ढाई वर्षीय बच्ची दर्शिका, जो 15 नवंबर से लापता है, का मामला प्रमुखता से उठाया गया। बच्ची के माता-पिता ने आयोग को शिकायत दी कि पुलिस से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए चेयरमैन ने एसपी ऊना को तुरंत एसआईटी गठित करने और 10 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में एक अन्य मामले की भी सुनवाई हुई। इसमें पंजाब से आए एक व्यक्ति पर स्थानीय निवासी की जमीन पर कब्जा करने और उसे डराने-धमकाने का आरोप है। इस अवसर पर आयोग के सदस्य विजय डोगरा, सदस्य शालिनी, सदस्य एडवोकेट दिग्विजय मल्होत्रा, एसडीएम अंब पारस अग्रवाल, एसडीपीओ अंब अनिल पटियाल, थाना प्रभारी रूप लाल, कबीर पंथी समाज सुधार सभा के जिला संयोजक सुरेश मियां, ओवीसी आयोग के सदस्य राकेश चौधरी, अनुज धीमान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सूर्यांश गर्ग का मिलिट्री स्कूल बेलगाम में चयन

**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला दधोल के होनहार विद्यार्थी सूर्यांश गर्ग ने मिलिट्री स्कूल बेलगाम की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

सूर्यांश ने लिखित परीक्षा में 200 अंकों में से 134 अंक प्राप्त किए, जबकि इस वर्ष मेरिट 129 अंकों तक गई थी। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर सूर्यांश का चयन सुनिश्चित हुआ है। सूर्यांश गर्ग इससे पूर्व जवाहर नवोदय विद्यालय कोठीपुरा व सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा में भी चयनित हो चुके हैं। उनकी शैक्षणिक उपलब्धियां यहीं तक सीमित नहीं हैं। उन्होंने स्वर्ण जयंती छात्रवृत्ति परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम तथा प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस उपलब्धि से राजकीय प्राथमिक पाठशाला दधोल परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

## विशाल भारद्वाज ने नवाजे स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल के खिलाड़ी

अनंत ज्ञान



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के साथ अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी विशाल भारद्वाज और आयोजक। अनंत ज्ञान

**ऊना।** स्कॉलर्स यूनिफाइड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ऊना में आज का दिन ऊर्जा, उमंग व उपलब्धियों से सराबोर रहा, जब विद्यालय में आयोजित भव्य खेल पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी विशाल भारद्वाज ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंध निदेशक तथा सभी शिक्षकों ने कबड्डी स्टार विशाल भारद्वाज का भव्य स्वागत किया। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशाल भारद्वाज ने विद्यार्थियों को कठोर परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास को जीवन का आधार बनाने की सलाह देते हुए कहा कि 'खेल इंसान को सिर्फ़ मैदान में नहीं, जीवन में भी विजय दिलाते हैं।' इस दौरान वर्षभर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। वॉलीबाल और कबड्डी अंडर-17 में फॉल्कन हाउस ने परचम लहराया और उपविजेता ईगल हाउस को भी मेडल प्रदान किए गए। रस्साकशी में अंडर-14 लड़कियों में ईगल हाउस तथा कैस्ट्रल हाउस, अंडर-14 लड़कों में फॉल्कन हाउस तथा ईगल हाउस, अंडर-17 लड़कियों में फॉल्कन हाउस तथा कैस्ट्रल हाउस और अंडर-17 लड़कों में फॉल्कन हाउस तथा ईगल हाउस क्रमशः विजेता और उपविजेता स्थान पर रहे खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए गए। बैडमिंटन (एकल) अंडर-17 में कृषिव (फॉल्कन हाउस) व रुद्रांश (ईगल हाउस) को मेडल प्रदान किया गया। अंडर-14 लड़कियों की दौड़ में दिवांशी को स्वर्ण, कनिष्का रजत और नव्या को कांस्य पदक प्रदान किए गए। अंडर-14 लड़कों में रुद्रांश शर्मा को स्वर्ण ,अंश राणा को रजत और आदित्य रोहन को कांस्य पदक प्रदान किए गए। अंडर-17 लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में नव्या को स्वर्ण, साक्षी को रजत और नंदिनी को कांस्य पदक प्रदान किए गए, जबकि अंडर-17 लड़कों में कृषव को स्वर्ण, आर्यन को रजत और ध्रुव को कांस्य पदक प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य धीरज शर्मा ने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि 'विद्यालय के ये युवा खिलाड़ी हमारी ताकत और भविष्य हैं।

## डॉक्यूमेंट्री 'एक प्रहार नशे के खिलाफ' से छात्रों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** केहलूर हिमकल्प फाउंडेशन द्वारा राजकीय विद्यालय भपराल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्यूमेंट्री 'एक प्रहार नशे के खिलाफ' का प्रदर्शन किया गया। इसके माध्यम से बच्चों को नशा न करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है, बल्कि यह व्यक्ति के भविष्य को भी बर्बाद कर सकता है। उन्होंने समझाया कि नशे की शुरुआत किन परिस्थितियों में होती है और इससे बचाव के क्या उपाय अपनाए जा सकते हैं।

## साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में अरुण डोगरा 'रीतू' सम्मानित

अनंत ज्ञान



**भूपेश नड्डा, बिलासपुर।** भाषा एवं संस्कृति विभाग, बिलासपुर द्वारा बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर के बैठक कक्ष में 'साहित्यकार/कलाकार से मिलिए' कार्यक्रम के अंतर्गत मासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना से हुआ। मंच संचालन डॉ. गायत्री शर्मा ने किया तथा अध्यक्षता जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने की। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में साहित्यकार संदेश शर्मा व वरिष्ठ साहित्यकार-पत्रकार अरुण डोगरा 'रीतू' के जीवन एवं कृतित्व पर आलेख प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र के जिला प्रभारी अरुण डोगरा 'रीतू' को साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए तथा संदेश शर्मा को कला एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए डायरी, पेन, मफलर और टोपी भेंट कर सम्मानित किया गया। अरुण डोगरा रीतू का जीवन परिचय साहित्यकारा डॉक्टर शालिनी शर्मा ने पढ़ा। वहीं, साहित्यकारा संदेश शर्मा का जीवन परिचय प्रीति शर्मा मधु ने पढ़ा। द्वितीय सत्र में कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें विभिन्न साहित्यकारों ने कविता, गजल और पहाड़ी रचनाओं की प्रस्तुति देकर समां बांधा। अंत में जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने सभी साहित्यकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग भविष्य में भी साहित्य एवं कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले रचनाकारों को सम्मानित करता रहेगा।

प्रदर्शन — चार श्रम संहिताओं के खिलाफ ट्रांसपोर्टरों, चालकों और मजदूरों ने दिखाई एकजुटता

# न्यूनतम वेतन 26,000 रुपए प्रति माह किया जाए लागू




बरमाणा में प्रदर्शन करते मजदूर व चालक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** राष्ट्रव्यापी हड़ताल के आह्वान पर बरमाना स्थित बीडीटीएस परिसर में ट्रांसपोर्टरों, चालकों और मजदूरों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया।

यह हड़ताल मजदूरों के खिलाफ थोपे जा रहे चार श्रम संहिताओं के विरोध में आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रधान नीलम चंदेल, चेयरमैन व एटक के प्रदेश उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय एटक के समन्वयक सदस्य लेखराम वर्मा, गंगा सिंह ठाकुर तथा ट्रेड यूनियनिस्ट विजय शर्मा, ट्रेड यूनियनिस्ट जय कृष्ण शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्टरों, चालकों और मजदूरों ने भाग लिया। ट्रांसपोर्टरों ने हड़ताल को सफल बनाने के लिए एक दिन तक डिमांड बंद रखने का निर्णय लिया। वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर मजदूर, कर्मचारी, किसान और आम जनता विरोधी नीतियां थोपने का आरोप लगाया और कहा कि ये नीतियां श्रमिकों को बंधुआ मजदूरी और गुलामी की ओर धकेलने वाली हैं। मांगों का जिक्र करते हुए लेखराम वर्मा ने कहा कि मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताएं 7 तत्काल समाप्त की जाएं, सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन 26,000 रुपए प्रति माह लागू किया जाए, आंगनबाड़ी, आशा और मिड डे मील कर्मियों को श्रमिक का दर्जा देते हुए न्यूनतम मजदूरी, ग्रेच्युटी और पेंशन का लाभ दिया जाए, मनरेगा का बजट बढ़ाया जाए तथा 120 दिन का रोजगार सुनिश्चित किया जाए, मनरेगा व निर्माण मजदूरों का श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकरण सरल और नियमित किया जाए तथा रुके हुए आर्थिक लाभ बहाल किए जाएं, अनुबंध, आउटसोर्स, ठेका, फिक्स टर्म, कैजुअल, टेम्परेरी और मल्टी टास्क श्रमिकों को नौकरी की सुरक्षा, समान वेतन और अन्य लाभ दिए जाए। इसके अलावा उन्होंने नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन की समाप्ति, बैंक, बीमा, बीएसएनएल, पोस्टल आदि सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण बंद करने की मांग की। उन्होंने बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का निर्णय वापस लेने के साथ, एनपीएस रद्द कर पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग उठाई। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने मजदूर हितों की अनदेखी जारी रखी तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### श्रम संगठनों का जोरदार प्रदर्शन

**बिलासपुर।** राष्ट्रव्यापी आह्वान के तहत सीटू के बैनर तले विभिन्न श्रम संगठनों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। लक्ष्मी नारायण मंदिर से जिला मुख्यालय तक रैली निकालते हुए प्रदर्शनकारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान ऐटक, इंटक, बैंक कर्मचारी यूनियन, बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन, 108 आपातकालीन वाहन कर्मचारी संघ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ट्रेड यूनियन सहित कई संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि नई श्रम संहिताओं के माध्यम से श्रमिकों के अधिकार कमजोर किए जा रहे हैं। सीटू जिला अध्यक्ष लखनपाल शर्मा ने कहा कि निरस्त किए गए चार श्रम कानूनों के स्थान पर लागू नए कोड मजदूरों के अधिकारों पर सीधा प्रहार हैं। उन्होंने मांग की कि पुराने कानूनों को पुनः बहाल किया जाए और मजदूर विरोधी नीतियों को वापस लिया जाए। इस अवसर पर श्रमिकों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी उपायुक्त राहुल कुमार के माध्यम से प्रेषित किया।

## औद्योगिक क्षेत्र अंब में बुनियादी सुविधाओं की कमी

**अनंत ज्ञान, अंब।** औद्योगिक क्षेत्र अंब में बुनियादी ढांचे की गंभीर कमी को लेकर इंजीनियर रामपाल, जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पुलिया का अभाव, उचित ड्रेनेज व्यवस्था नहीं होना, सड़क कनेक्टिविटी की कमी, सीवरेज और नियमित बिजली की समस्या, तथा पानी की अपर्याप्त व्यवस्था उद्योगों को प्रभावित कर रही है। बरसात में जलभराव से आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। इंजीनियर रामपाल ने कहा कि क्षेत्र में करोड़ों का निवेश हुआ है और सैकड़ों लोगों को रोजगार मिला है, लेकिन सरकार और संबंधित विभागों की अनदेखी उद्योगों को प्रभावित कर रही है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, बिजली विभाग और जिला प्रशासन से तत्काल निरीक्षण कर समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने की मांग की। अंब इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष जसवंत सिंह, सचिव मदन लाल धीमान सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो आगामी रणनीति तय की जाएगी।

## अवैध निर्माण से संभावित समस्याओं के बारे में चेताया

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** नगर योजना कार्यालय, अंब ने वीरवार को नगर पंचायत गगरेट के सभागार में जन-जागरूकता शिविर आयोजित किया। इस शिविर की अध्यक्षता योजना अधिकारी परमेंद्र सिंह ने की। नगर योजना अम्ब के कर्मचारी शिव कुमार, राजेश कुमार और दर्शन कुमार के साथ गगरेट व अंब के अधिकारी भी उपस्थित रहे। शिविर में जनप्रतिनिधियों को हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम योजना अधिनियम, 1977 तथा अंब-गगरेट योजना क्षेत्र में लागू नियम, विनियम और विकास योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि भूमि खरीदने और निर्माण कार्य के लिए नगर योजना कार्यालय से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है। केवल विभाग द्वारा स्वीकृत और उप-विभाजित प्लॉट ही खरीदे जाने चाहिए। योजना अधिकारी ने भूसंपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम (रेरा) के प्रावधानों की जानकारी दी। अधिसूचित योजना क्षेत्र में 500 वर्ग मीटर से अधिक भूमि या 8 से अधिक अपार्टमेंट का निर्माण करने के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। 1000 वर्ग मीटर से अधिक भूमि वाले विकासात्मक कार्य डीम्ड योजना क्षेत्र माने जाएंगे। उन्होंने अवैध निर्माण से संभावित समस्याओं के बारे में चेताया और सभी से आग्रह किया कि बिना विभागीय स्वीकृति कोई निर्माण न करें, ताकि सुनियोजित और पर्यावरण-अनुकूल विकास सुनिश्चित हो सके।

# कोयल-बाशला सड़क में वाहन दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत, 2 घायल

अनंत ज्ञान



**आनी।** जिला कुल्लू के निरमंड उपमंडल में एक सड़क हादसा पेश आया है।

जानकारी के अनुसार निथर उपतहसील की कोयल-बाशला सड़क में एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि दो अन्य व्यक्ति गंभीर घायल हैं, जिनका उपचार रामपुर अस्पताल में चल रहा है। पुलिस को जानकारी के अनुसार एक कार एच पी 95-2787 कोयल-बाशला सड़क पर बुधवार देर रात दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। सुबह करीब सात-आठ बजे जब इस सड़क से दूध की गाड़ी गुजरी, तो उन्हें घटना के बारे में पता लगा और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इस घटना में जहां एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, एक घायल था, जबकि एक अन्य व्यक्ति जो कि गाड़ी में सवार था वह लापता था। काफी समय तक पुलिस ने इधर उधर व्यक्ति की तलाश की जिसके बाद उक्त व्यक्ति घटनास्थल से थोड़ा नीचे घायलावस्था में मिला जिसके बाद उसे भी उपचार के लिए अस्पताल रेफर किया गया। मृतक की पहचान मेघ जीत (38) पुत्र स्व. मनोहर दास निवासी कतौड़ डाकघर दुराह उपतहसील निथर जिला कुल्लू के रूप में हुई है। जबकि जय सिंह (53) पुत्र स्व. रूप दास निवासी कतौड़ डा. दुराह उपतहसील निथर जिला कुल्लू व प्रताप चंद (55) पुत्र स्व. चैन राम निवासी डवाश्च डा कतौड़ निथर जिला कुल्लू घायल हुए हैं जिनका उपचार रामपुर अस्पताल में चल रहा है।

> कोयल-बाशला सड़क मार्ग पर एक गाड़ी दुर्घटना का शिकार हुई है। गाड़ी सड़क से लगभग 500 मीटर गहरी खाई में गिरी है। कार में 3 लोग सवार थे, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो घायल हैं जोकि रामपुर अस्पताल में उपचाराधीन हैं। यह दुर्घटना बुधवार देर रात की है। पुलिस को घटना की सूचना सुबह मिली। दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।
>
> **मदन लाल कौशल, एसपी कुल्लू।**

# सांसद कंगना रनौत ने पहना 'कुल्वी व्हिम्स' का विशेष समकालीन कोट

अनंत ज्ञान



**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** हिमाचली परंपरा और आधुनिकता का संगम हिमालयी हस्तकला के इतिहास में वीरवार का दिन एक मील का पत्थर साबित हुआ। मंडी लोकसभा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत ने संसद भवन में कुल्लू घाटी की महिलाओं द्वारा तैयार किया गया 'हिमाचली समकालीन कोट' पहनकर उपस्थिति दर्ज कराई। यह कोट केवल एक परिधान नहीं, बल्कि हिमाचल की समृद्ध वस्त्र परंपरा और आधुनिक डिजाइन का एक बेजोड़ मेल है। इस विशेष कोट को स्थानीय देसी गद्दी ऊन से तैयार किया गया है। कुल्लू की कुशल महिला कारीगरों ने इसे पारंपरिक विधियों से काता और बुना है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता इसमें प्रयुक्त रंग हैं, जो सीधे हिमालयी परिदृश्य से प्रेरित हैं। हरा: भेड़ों के चरने वाले विस्तृत चरागाह। अखरोट रंग: बर्फीली चोटियों और रेगिस्तानी पहाड़ियों की गर्माहट। पूरी तरह से प्राकृतिक रंगों और हस्त प्रक्रियाओं से निर्मित यह वस्त्र हिमालय की आत्मा और भूगोल को अपने भीतर समेटे हुए है। 'कुल्वी व्हिम्स' संस्था के संस्थापक नगर के भृगु राज आचार्य और निशा सुब्रमण्यम ने बताया कि इस एक कोट को तैयार करने में लगभग दो महीने का समय लगा है। उन्होंने कहा कि संसद जैसे राष्ट्रीय मंच पर उनके द्वारा बनाए गए परिधान का प्रदर्शन महिला कारीगरों के लिए एक विशेष सम्मान है। यह प्रयास न केवल गद्दी ऊन को पुनर्जीवित कर रहा है, बल्कि पर्यावरण अनुकूल फैशन को भी बढ़ावा दे रहा है।

# बिजली बोर्ड कर्मियों की पेन डाउन-टूल डाउन हड़ताल

## निजीकरण के खिलाफ पेंशनर्स कर्मचारियों, अभियंताओं व उपभोक्ताओं का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एम्प्लॉइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर वीरवार को कुल्लू में बिजली बोर्ड कर्मचारियों ने पेन डाउन एवं टूल डाउन हड़ताल की। हालांकि, आम जनता को परेशानी से बचाने के लिए आपातकालीन सेवाएं सुचारु रूप से जारी रहीं।

भोजनावकाश के दौरान ढालपुर स्थित बिजली बोर्ड कार्यालय के बाहर निजीकरण के विरोध में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस प्रदर्शन में कमर्चारियों, अभियंताओं, आउटसोर्स कर्मियों, पेंशनरों तथा बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के विभिन्न संगठनों की संयुक्त कार्रवाई समिति के आह्वान पर किया गया। समिति के नेताओं ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित विद्युत (संशोधन) विधेयक, 2025 का विरोध करते हुए कहा कि इससे बिजली वितरण के निजीकरण का रास्ता खुलेगा। प्रस्तावित विधेयक में एक ही क्षेत्र में कई वितरण कंपनियों को काम करने की अनुमति देने और सरकारी बिजली बोर्ड के नेटवर्क का उपयोग निजी कंपनियों को उपलब्ध कराने का प्रावधान है। साथ ही क्रॉस सब्सिडी समाप्त करने का प्रस्ताव भी शामिल है, जिससे मध्यम और निम्न वर्ग के उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ सकता है। इस मौके पर पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष इंजीनियर प्रवेश ठाकुर सहित पेंशनर्स इंजीनियर केएल हंगल, इंजीनियर खेम ठाकुर, लीला चंद सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि निजीकरण से रोजगार के अवसरों में कमी आएगी और बोर्ड की वित्तीय स्थिति प्रभावित होगी। वर्तमान में बोर्ड के राजस्व का बड़ा हिस्सा औद्योगिक उपभोक्ताओं से आता है, जो निजी कंपनियों के पास जाने पर सरकारी कंपनी के लिए चुनौती बन सकता है। इससे कर्मचारियों की सेवा शर्तों, पेंशन भुगतान और भविष्य की सुरक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका जताई गई। संयुक्त कार्रवाई समिति ने स्मार्ट मीटरिंग योजना पर भी सवाल उठाए और कहा कि इसका वित्तीय बोझ जनता पर डाला जा रहा है। समिति ने नई भर्तियां करने, पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करने, लंबे समय से कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों के लिए स्थायी नीति बनाने तथा लंबित सेवानिवृत्ति लाभों का शीघ्र भुगतान करने की मांग की। उपभोक्ताओं ने भी निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों का समर्थन करते हुए चेतावनी दी कि यदि सरकार ने निर्णय वापस नहीं लिया तो प्रदेशभर में व्यापक आंदोलन किया जाएगा।



पेंशनर्स, कर्मचारी, अभियंता प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

# कुल्लू में युवा आपदा मित्रों के लिए ओरिएंटेशन सह किट और प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** ढालपुर स्थित मल्टीपर्पज हॉल, कुल्लू में युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत ओरिएंटेशन सह किट एवं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस योजना के तहत एनएसएस, एनवाईकेएस एवं भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के कुल 185 स्वयंसेवकों को 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किया गया, जो कि नवंबर माह में अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान मनाली में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित स्वयंसेवकों को किट एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम की मुख्यातिथि उपायुक्त, कुल्लू रहीं, जिन्होंने सभी प्रशिक्षित स्वयंसेवकों को किट एवं प्रमाण पत्र वितरित किए। अपने संबोधन में उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी आपदा के समय समुदाय एवं प्रशिक्षित स्वयंसेवक प्रथम प्रत्युत्तरकर्ता होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में बढ़ रही आपदा घटनाओं को देखते हुए युवाओं को आपदा प्रबंधन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि आगामी समय में उप-मंडल स्तर पर भी आपदा मित्रों हेतु ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि जमीनी स्तर पर आपदा तैयारी को सुदृढ़ किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान कमल किशोर भंडारी, कंपनी कमांडर, होम गार्ड एवं सिविल डिफेंस, कुल्लू द्वारा स्वयंसेवकों को प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त-सह-सीईओ, डीडीएमए कुल्लू, जिला राजस्व अधिकारी, कुल्लू तथा डीडीएमए कुल्लू के अन्य अधिकारी/कर्मचारी भी उपस्थित रहे। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कुल्लू द्वारा युवा आपदा मित्र योजना के माध्यम से प्रशिक्षित स्वयंसेवकों के सहयोग से समुदाय आधारित आपदा तैयारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

# केंद्र व प्रदेश सरकारों के खिलाफ खोला मोर्चा

## नेहरू पार्क सरवरी से लेकर डीसी कार्यालय तक किया धरना-प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और फेडरेशनों (सीटू और इंटक) के आह्वान पर कुल्लू में सैकड़ों मजदूरों ने केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला।

मजदूरों ने नेहरू पार्क सरवरी से उपायुक्त कार्यालय तक रैली निकाली। इसी कड़ी में कुल्लू में भी विभिन्न ट्रेड यूनियनों ने धरना-प्रदर्शन कर जोरदार रैली निकाली। रैली को संबोधित करते हुए मजदूर नेता प्रेम गौतम ने कहा कि नई श्रम संहिताएं मजदूर वर्ग के लंबे और कड़े संघर्षों से हासिल अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन संहिताओं का उद्देश्य बड़े नियोक्ताओं को लाभ पहुंचाना व मजदूरों को गुलामों जैसी परिस्थितियों में धकेलना है। यह हड़ताल सरकार को स्पष्ट चेतावनी है कि देश का मजदूर वर्ग अपने अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। यह प्रदर्शन कुल्लू के अलावा सैंज, बंजार और आनी में भी आयोजित किया गया। केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित चार श्रम संहिताओं का विरोध, क्योंकि यूनियन के अनुसार ये मजदूरों के संगठन बनाने और हड़ताल के अधिकार को छीन लेंगी। मनरेगा: 'विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025' में बदलाव का विरोध, जिससे रोजगार गारंटी खत्म होने का डर है। नियमितीकरण: आंगनबाड़ी, मिड-डे मील और आशा वर्करों को सरकारी कर्मचारी घोषित करने और न्यूनतम वेतन देने की मांग।

एंबुलेंस कर्मचारी: 102 और 108 एंबुलेंस कर्मचारी अपने हक के लिए 12 से 17 फरवरी 2026 तक पांच दिवसीय हड़ताल पर हैं। उनकी मांगों को भी प्रमुखता से उठाया गया। स्मार्ट मीटर: केंद्र सरकार की स्मार्ट मीटर योजना का भी कड़ा विरोध किया गया। सहभागी: निर्माण मजदूर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सीवरेज प्लांट वर्कर, मलाणा और सैंज प्रोजेक्ट के कर्मचारी, नगर परिषद सफाई कर्मचारी, रेहड़ी-फड़ी यूनियन और हिमाचल किसान सभा व जनवादी महिला समिति ने भी समर्थन दिया। प्रमुख वक्ता: सीटू राज्य महासचिव प्रेम गौतम, जिला अध्यक्ष चमन ठाकुर, इंटक जिला अध्यक्ष खेमी राम चौहान और अन्य यूनियन नेताओं ने अपने विचार रखे।



सीटू के प्रदेश महासचिव धरने को संबोधित करते हुए व भारी संख्या में पहुंचे विभिन्न यूनियनों से जुड़े सदस्य। अनंत ज्ञान

# आवासीय योजना के अंतर्गत प्रवेश के लिए चयन परीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला युवा सेवाएं एवं खेलकूद अधिकारी कविता ठाकुर ने बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण, केंद्र चंडीगढ़ (जिरकपुर) द्वारा खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र बिलासपुर में आवासीय योजना (केवल लड़कों के लिए) के तहत चयन परीक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। यह परीक्षण बॉक्सिंग और कबड्डी खेलों के लिए 19 व 20 फरवरी को एसएआई ट्रेनिंग सेंटर, बिलासपुर में होंगे। 12 से 18 वर्ष आयु वर्ग के लड़के पात्र होंगे, जिनमें 12 से 16 वर्ष के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक खिलाड़ी जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, खेल प्रमाण पत्र व तीन पासपोर्ट फोटो साथ लाएं। 19 फरवरी को प्रातः 8 बजे खेल परिधान में रिपोर्ट करना होगा। चयनित खिलाड़ियों को निशुल्क आवास, भोजन, शिक्षा, चिकित्सा, बीमा व खेल किट सहित अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। टीए/डीए देय नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए 01902-224702 पर संपर्क करें।

# नगर परिषद मनाली कार्यालय में आने वाले लोग खाली हाथ लौटने को विवश

अनंत ज्ञान

**मनाली।** नगर परिषद मनाली में विभिन्न प्रमाण पत्र बनाने के लिए आने वाले लोग इन दिनों बैरंग लौटने को विवश है।

सरकार ने पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल पूरा होने के बाद शक्तियां छीन ली हैं। वहीं, कार्यकारी अधिकारी इन दिनों छुट्टी पर है। इस वजह से पासपोर्ट, स्थाई हिमाचली प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र आदि बनाने में आ रहे लोगों को दिक्क़ते आ रही हैं। नगर परिषद में प्रमाण पत्र बनाने के लिए होने वाली बेरीफिकेशन इन दिनों नहीं हो पा रही। कार्यालय में आने वाले लोग खाली हाथ लौटने को विवश हो गए है। नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष मनोज लारजे ने कहा कि सरकार ने पंचायत चुनाव न करवाकर लोकतंत्र की हत्या की है। अब किसी को भी बेरीफिकेशन के लिए अधिकृत नहीं किया गया है। इस वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। बिना बेरीफिकेशन के कोई भी प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे है। उधर एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने कहा कि यदि कोई इस तरह का मामला आता है तो उस पर विचार किया जाएगा। फिलहाल प्रशासन के पास इस तरह का मामला नहीं पहुंचा है।यही हाल ग्राम पंचायतों का भी है। यहां भी प्रधान और उप प्रधान की शक्तियां समाप्त हो चुकी हैं। जो विकास के काम पिछले दिनों में हुए हैं उन की अदायगी नहीं हो पा रही है।

पंचायत भवनों के बिजली पानी के बिल भी जमा नहीं हो रहे हैं।ये सभी बिलों की अदायगी चेक के माध्यम से ही की जाती है लेकिन चेक में हस्ताक्षर कोन करेगा अभी तक तय नहीं है। अब पंचायतों के चुनाव कब होंगे कहा नहीं जा सकता लेकिन विकास कार्यों पर पूरण विराम लगना तय है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

## न्यूज ब्रीफ

### दिव्यांगता पुनर्वास मूल्यांकन शिविरों का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, कुल्लू द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से विभिन्न पंचायतों में दिव्यांगता पुनर्वास मूल्यांकन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सहायक आयुक्त व नोडल अधिकारी जयवंती ठाकुर ने बताया कि ये शिविर दिव्यांग व्यक्तियों की पहचान करने व उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लगाए जा रहे हैं। 23 फरवरी को ग्राम पंचायत कोठी सारी व बस्तोरी के लिए बेखली माता मंदिर हॉल में सुबह 11 बजे से तथा 24 फरवरी को ग्राम पंचायत डु धिलग व मझाट के लिए पंचायत घर डुधिलग में सुबह 10 बजे से शिविर आयोजित होगा। इन शिविरों में स्पीच थेरापिस्ट, ऑडियोलॉजिस्ट, स्पेशल एजुकेटर व पी एंड ओ तकनीशियन उपस्थित रहेंगे। शिविर के दौरान दिव्यांग व्यक्तियों की पुनर्वास संबंधी आवश्यकताओं का आकलन किया जाएगा। उन दिव्यांग व्यक्तियों की पहचान करना, जिनके पास दिव्यांगता प्रमाण पत्र या यूडीआईडी कार्ड नहीं है और उन्हें इसे बनवाने में सहायता की जाएगी। विकासात्मक विलंब वाले बच्चों की पहचान तथा 60 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे वरिष्ठ नागरिकों की पहचान की जाएगी, जिन्हें चलने-फिरने या सुनने में कठिनाई है, ताकि उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान किए जा सके। इसके साथ ही दिव्यांगता की रोकथाम और जल्द पहचान के बारे में जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रशासन ने संबंधित पंचायतों के लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक पात्र लोगों को इन शिविरों में पहुंचाना सुनिश्चित करें, ताकि जनता को इन सेवाओं का लाभ मिल सके।

### ग्रामीणों को मिली बैंकिंग योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** ग्राम पंचायत लरांकेलो में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा नाबार्ड के सहयोग से एक वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर, लरांकेलो के शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्रों के साथ-साथ गांव के स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आधुनिक बैंकिंग और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक प्रबंधक सुनील ठाकुर द्वारा की गई, जबकि सहायक प्रबंधक अजय कुमार भी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैंक अधिकारियों ने उपस्थित जनसमूह को विभिन्न प्रकार के बैंक खातों, पेंशन योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे पीएमएसबिवाई, पीएमजेजेवाई और अटल पेंशन योजना के लाभों के बारे में विस्तार से समझाया। वित्तीय साक्षरता शिविर के दौरान विशेषज्ञों ने वर्तमान समय में बढ़ते साइबर फ्रॉड के खतरों पर चिंता व्यक्त की व ग्रामीणों को इनसे बचने के प्रभावी उपाय बताए। शिविर में आए लोगों को जागरूक किया गया कि वे अपनी व्यक्तिगत बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा न करें। इसके साथ ही, सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न ऋण योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि ग्रामीण अपनी आर्थिक जरूरतों के लिए सरकारी सुविधाओं का लाभ उठा सकें। स्थानीय लोगों ने बैंक की इस पहल की सराहना की और इसे अपने वित्तीय भविष्य के लिए बेहद जानकारीपूर्ण बताया।

### 22 को होगा सूत्रधार होली संध्या का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सूत्रधार कला संगम कुल्लू की विशेष बैठक वीरवार को सूत्रधार भवन कार्यालय में संस्था के उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 22 फरवरी 2026 को देव सदन, कुल्लू में आयोजित होने वाली 28वीं सूत्रधार होली संध्या की तैयारियों और रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। संस्था के प्रचार-प्रसार प्रभारी सुंदर श्याम महंत ने बताया कि इस वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में कुल्लू जनपद में पीढ़ियों से गाए जा रहे लोकप्रचलित एवं पारंपरिक होली गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। साथ ही सुप्रसिद्ध लेखक, गायक और संगीतकार स्वर्गीय राम कुमार कपूर द्वारा रचित होलियों की मधुर प्रस्तुतियों के साथ होली से संबंधित नृत्य भी होंगे। उन्होंने कहा कि सूत्रधार होली संध्या केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का संदेश देने वाला उत्सव है। यह कार्यक्रम 22 फरवरी को सायं 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक देव सदन कुल्लू में आयोजित होगा और सभी कला प्रेमियों के लिए निशुल्क रहेगा। बैठक में उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोगेंद्र ठाकुर, प्राचार्य संगीत अकादमी पं. विद्या सागर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मनरेगा कानून में बदलाव के विरोध में दीपक प्रोजेक्ट वर्कर यूनियन का प्रदर्शन



मजदूरों से बातचीत कर आश्वासन देतीं विधायक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**काजा।** लाहौल-स्पीति के काजा में दीपक प्रोजेक्ट वर्कर यूनियन द्वारा केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा कानून में किए जा रहे बदलावों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन और हड़ताल की गई।

यूनियन सदस्यों ने विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा के समक्ष अपनी मांगें व चिंताएं विस्तारपूर्वक रखीं तथा मनरेगा से जुड़े श्रमिकों के हितों की रक्षा की मांग की। इस अवसर पर विधायक अनुराधा राणा ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा श्रमिकों के अधिकारों व आम जनता के हितों की रक्षा के लिए वे हर स्तर पर संघर्ष करने को प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस मुद्दे पर श्रमिकों की आवाज को सरकार तक मजबूती से पहुंचाया जाएगा और उनके अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होने दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था व गरीब परिवारों के जीवन-निर्वाह का आधार है। उन्होंने दोहराया कि प्रदेश सरकार मनरेगा व आमजन के हितों की लड़ाई पूरी मजबूती के साथ लड़ रही है व आगे भी श्रमिकों व गरीब वर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी।

# सत्यपाल को मिला आत्मनिर्भरता का सहारा

## मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना से टैक्सी स्वरोजगार की शुरुआत

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** जिला कुल्लू की दूरस्थ पंचायत बरशैनी के निवासी सत्यपाल के जीवन में मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना ने आत्मनिर्भरता की नई राह खोल दी है। आर्थिक कठिनाइयों व सीमित संसाधनों के बीच स्वरोजगार का सपना देख रहे सत्यपाल को हिमाचल प्रदेश सरकार ने टैक्सी खरीदने के लिए 2 लाख की सहायता राशि प्रदान की है।

मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के अंतर्गत प्राप्त इस सहायता से सत्यपाल ने आल्टो के 10 वाहन के माध्यम से टैक्सी कैब के रूप में अपना रोजगार आरंभ किया है। यह वाहन उनके लिए केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि आत्मसम्मान व सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ाया गया एक सशक्त कदम है, अब सत्यपाल न केवल स्वयं को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं, बल्कि क्षेत्र में परिवहन सुविधा सुदृढ़ कर स्थानीय स्तर पर भी योगदान दे रहे हैं। सत्यपाल भावुक स्वर में मुख्यमंत्री सुक्खू और हिमाचल प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहते हैं कि सरकार ने उनके उस सपने को पंख दिए, जिसे वे कभी पूरा होता देखने का साहस भी नहीं जुटा पाते थे।

यह पहल उन्हें यह विश्वास दिलाती है कि मेहनत और ईमानदारी कभी व्यर्थ नहीं जाती। उन्होंने कहा कि यह सहायता उन्हें मेहनत के बल पर आगे बढ़ने का नया विश्वास देती है। मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना वर्ष 2023 में प्रारंभ की गई, जिसके तहत निराश्रित बच्चों व युवाओं को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' का दर्जा देकर राज्य सरकार अभिभावक की भूमिका निभा रही है। इस योजना के माध्यम से शिक्षा, आवास, कौशल विकास एवं स्वरोजगार के लिए सहायता प्रदान की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, कुंदन लाल ने बताया कि जिला कुल्लू में वर्ष 2023 से 2025 तक इस योजना के अंतर्गत सैकड़ों बच्चों और युवाओं को लाभ पहुंचाया गया है। कुल्लू में वर्ष 2023 में 134, वर्ष 2024 में 174 तथा वर्ष 2025 में 183 लाभार्थी इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। सभी लाभार्थियों को जेब खर्च के रूप में प्रतिमाह 4,000 की सहायता राशि प्रदान की जा रही है।



मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना से टैक्सी स्वरोजगार की शुरुआत। अनंत ज्ञान

# साडा-मणिकर्ण में निजी अधिवक्ता की नियुक्ति साडा सदन के निर्णय के अनुसार होगी : सुंदर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अध्यक्ष साडा मणिकर्ण सह विधायक कुल्लू सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि साडा मणिकर्ण कार्यालय की 27 जुलाई 2021 की अधिसूचना में आंशिक संशोधन/अतिरिक्त करते हुए, साडा मणिकर्ण, सदन द्वारा हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय, शिमला व राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण, नई दिल्ली में साडा मणिकर्ण के चल रहे मामलों के लिए निजी अधिवक्ता की सेवाएं लेने के निर्णय को ध्यान में रखते हुए, साडा मणिकर्ण के लिए साडा विकास शुल्क बैरियर से प्राप्त निधियों के उपयोग के संबंध में वित्तीय मानदंड दिशा-निर्देशों का हिस्सा होंगे। इसके अंतर्गत कानूनी सेवाओं के लिए पेशेवर शुल्क का भुगतान साडा विकास शुल्क निधि से किया जाएगा। निजी अधिवक्ता की नियुक्ति साडा सदन के निर्णय के अनुसार होगी तथा मूल अधिसूचना व 19 अप्रैल 2025 अधिसूचना के माध्यम से जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अन्य प्रावधान भी यथावत लागू रहेंगे।

**आयोजन** विधायक अनुराधा राणा ने की पीएसी, एफआरए और साडा बैठकों की अध्यक्षता

# विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता पर जोर

अनंत ज्ञान

**काजा।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने एडीसी सभागार काजा में प्रोजेक्ट एडवाइजरी कमेटी, वन अधिकार अधिनियम तथा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) की अलग-अलग बैठकों की अध्यक्षता की। पीएसी बैठक में विधायक ने गत बैठक की अनुपालन रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए विकास कार्यों में तेजी, गुणवत्ता व पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि काज़ा उपमंडल में चालू वित्तीय वर्ष के दौरान लगभग 17.68 करोड़ रुपए विभिन्न विकास कार्यों पर व्यय किए जा रहे हैं। टीएडीपी, अनुच्छेद 275(1) एवं 'वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम' के अंतर्गत योजनाओं की समीक्षा व अनुमोदन किया गया। एफआरए बैठक में वन अधिकार अधिनियम-2006 के तहत लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने तथा पात्र व्यक्तियों को अधिक जागरूक कर लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए। साडा बैठक में विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों को समयबद्ध पूरा करने, क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा काजा शहर के सौंदर्यीकरण को बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। बैठकों का संचालन एसडीएम व एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना अधिकारी दिक्षित राणा ने किया। इस अवसर पर डीएसपी अजय भारद्वाज, जनजातीय सलाहकार परिषद सदस्य केसंग रापचिक व वीरभगत, पूर्व प्रधान काजाा सोनम डोलमा, परियोजना सलाहकार समिति के गैर-सरकारी सदस्य, अधिशासी अभियंता बिजली टशी छोडुप नेगी, नायब तहसीलदार अशोक कुमार, आईटीबीपी के अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



अधिकारियों से चर्चा करती हुई विधायक अनुराधा। अनंत ज्ञान

# टेलिस्कोप लाभार्थियों को किए समर्पित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** जिला लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने काजा में एडीसी कार्यालय में टेलिस्कोप लाभार्थियों को समर्पित किए। यह पहल क्षेत्र में खगोल विज्ञान, पर्यटन और शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है। विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि स्पीति जैसे स्वच्छ और ऊंचाई वाले क्षेत्र में आकाश दर्शन (स्टार गेजिंग) की अपार संभावनाएं हैं। टेलिस्कोप उपलब्ध करवाने से स्थानीय युवाओं, विद्यार्थियों व पर्यटन से जुड़े लोगों को लाभ मिलेगा तथा एस्ट्रो-टूरिज्म को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने लाभार्थियों से उपकरणों का सही उपयोग व संरक्षण सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और स्पीति की पहचान एक प्रमुख खगोल पर्यटन स्थल के रूप में मजबूत होगी। इस अवसर पर एसडीएम काजा दीक्षित राणा, एक्सीएन लोक निर्माण विभाग अभिषेक स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अमेरिका-भारत व्यापार समझौता हिमाचल के बागवानों के साथ बहुत बड़ा धोखा : अमर ठाकुर

अनंत ज्ञान




**कुल्लू।** अमेरिका-भारत व्यापार समझौता हिमाचल के बागवानों के साथ बहुत बड़ा धोखा है। यह समझौता बागवानों के हितों के लिए नहीं, बल्कि सिर्फ भारत के कुछ बड़े घरानों को फायदा देने के लिए है।

यह समझौता भारत खासकर हिमाचल के बागवानों की कमर तोड़ने वाला है। यह बात राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेस क्लब कुल्लू में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि इसके विरोध में देवभूमि पार्टी एक विशाल आंदोलन करने जा रही है और सभी बागवानों व किसानों को इस व्यापार समझौते का विरोध कर इस आंदोलन में शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को भी इसका विरोध करना चाहिए और केंद्र सरकार से बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस व्यापार समझौते से सबसे बड़ा नुकसान यह है कि हमारे फलों के दाम गिर जाएंगे, जिसे किसान विवश होकर इस काम को छोड़कर दूसरे कार्य में पलायन करेंगे व उस सेक्टर में भी फर्क पड़ेगा। इससे हमारे यहां बेरोजगार बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सेब हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी की रीढ़ है और यहां 4500 हजार करोड़ का कारोबार है और 6 लाख लोगों को यह कारोबार परोक्ष व अपरोक्ष तरीके से रोजगार दे रहा है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ वाई लेट्रल व्यापार समझौता व दूसरा समझौता एफटीए के तहत मल्टी लेट्रल समझौता हुआ है इससे भारी नुकसान प्रदेश के साथ पूरे देश को है। इसके खिलाफ सभी किसान बागवानों को एकजुट होने की जरूरत है। इस अवसर अमर चंद ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष, किसान प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी, डीआर ठाकुर जिला अध्यक्ष, राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी कुल्लू, रविंदर रवि अध्यक्ष, देवभूमि क्षत्रिय संगठन कुल्लू, तेज सिंह ठाकुर निदेशक, महामंगला फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड मौजूद रहे।

# प्रतिभा: शिमला के हर्ष जैन बॉलीवुड फिल्म में निभाएंगे मुख्य किरदार

## निर्देशक नभ कुमार राजू ने आगामी फिल्म के लिए किया सिलेक्ट

कृष्ण रघुवंशी

**अर्की।** राजधानी शिमला के उभरते युवा कलाकार हर्ष जैन के लिए बॉलीवुड से बड़ी उपलब्धि सामने आई है। बॉलीवुड के जाने-माने फिल्म निर्देशक नभ कुमार राजू ने अपनी आगामी फिल्म के लिए हर्ष जैन को मुख्य भूमिका में चयनित किया है। हर्ष जैन की इस उपलब्धि से पूरे हिमाचल प्रदेश के कला व फिल्म जगत में खुशी की लहर है। इससे पूर्व हर्ष जैन गौतम एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्मित वीडियो एल्बम 'जोगिया' में बतौर हीरो अभिनय कर अपनी प्रतिभा साबित कर चुके हैं। इस एल्बम की शूटिंग तहसील अर्की व आस-पास के इलाकों में की गई है। इसके अलावा उन्होंने अन्य हिमाचली वीडियो एलबम्स में भी अभिनय किया है। उनकी अभिनय क्षमता और स्क्रीन प्रेजेंस को देखते हुए अब उन्हें सीधे बॉलीवुड फिल्म में मुख्य भूमिका का अवसर मिला है। खास बात यह है कि इस फिल्म की पूरी शूटिंग हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला की खूबसूरत वादियों में की जाएगी।



हर्ष जैन

### नभ कुमार राजू
### सिनेमा के अनुभवी और प्रतिष्ठित नामों में शुमार

**फिल्म** के निर्देशक नभ कुमार राजू भारतीय सिनेमा के अनुभवी और प्रतिष्ठित नामों में शामिल हैं। उन्होंने 'हम तुम पे मरते हैं' (गोविंदा स्टारर), 'चोटरू आज की ताजा खबर', 'हिटलिस्ट' और 'नब्बे' जैसी चर्चित फिल्मों का निर्देशन किया है। अपने लंबे करियर में उन्होंने गोविंदा, सलमान खान, पंकज त्रिपाठी और आशुतोष राणा जैसे दिग्गज अभिनेताओं का निर्देशन किया है।

# मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के दौरे को लेकर तैयारियां जोरों पर



**अनंत ज्ञान, सराहां ।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह आगामी 14 फरवरी को सराहां आ रहे हैं, जिसको लेकर प्रशासन द्वारा जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगू राम मुसाफिर ने बताया कि मुख्यमंत्री के इस दौरे से पच्छाद वासियों को करोड़ो रुपए की सौगात मिलने वाली है, जो क्षेत्र मे विकासात्मक कार्यों को अमलीजामा पहनाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सराहां के कुश्ती ग्राउंड मे आने की अपील की है। जहां पर मुख्यमंत्री आम जनता से रू-ब-रू होंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे।

# सोलन नगर निगम की हाउसिंग कॉलोनी वार्ड-14 में सीवरेज समस्या से निजात नहीं

## खुले में बहती सीवरेज से बीमारी फैलने का रहता है खतरा

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम सोलन के वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी में लोगों को सीवरेज समस्या और सड़क की खस्ताहालत से निजात नहीं पा रही है। कॉलोनी में सड़क की खस्ताहालत के साथ सीवरेज की समस्या से स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं राहगीरों को भी हमेशा गंदगी का सामना करना पड़ता है। बावजूद इसके नगर निगम समस्या का हल नहीं कर पा रहा है। हालांकि सड़कों का रिपेयर वर्क चालू है। जबकि जगह-जगह खुले में खुले में बह रहा सीवरेज स्वास्थ्य के लिहाज से खतरा बन चुका है। लोगों का कहना है कि कॉलोनी में सीवरेज समस्या को लेकर नगर निगम और वार्ड पार्षद को को समय-समय पर अवगत करवाया जाता है, पर अभी समस्या का पूरी तरह निदान नहीं हो पाया है।

हाउसिंग कॉलोनी फेज-1 की समस्याओं को लोग निगम के अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं। वेलफेयर सोसाइटी ने सीवरेज, सड़क व पार्किंग की समस्या को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा। इसमें मुख्यता सीवरेज समस्या के समाधान को बड़ी योजना बनाने की मांग की। हाउसिंग कॉलोनी में आबादी बढ़ने से सीवरेज और सड़कों पर अत्याधिक दबाव पड़ रहा है। ऐसे में कॉलोनी के ड्रेन नालों में सीवरेज खुले में बह रही है। कॉलोनी हाउसिंग कॉलोनी फेज-1 के नालों में खुली सीवरेज छोड़ी गई है। इससे कालोनी के आसपास का पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। इसके समाधान को कॉलोनी में नई सीवरेज लाइन बिछाकर सड़कों में पेवर्स लगाने की व्यवस्था की मांग भी की है। सोसाइटी ने प्रशासन को वार्ड में खाली पड़ी जमीन पर छोटी-बड़ी पार्किंग का निर्माण की मांग की है।

अनंत ज्ञान मुद्दा



हाउसिंग कॉलोनी फेज एक में खुले में बहती सीवरेज से फैल रही गंदगी। अनंत ज्ञान

### रोड साइड पार्किंग से परेशानी

**कॉलोनी** में अकसर बाहरी वाहन घरों के गेट के सामने पार्क किए जाने से मकान मालिकों को अपने वाहन गैरेज से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। रोड साइड पार्किंग से कॉलोनी में किसी भी आपात स्थिति में एम्बुलेंस, फायर ब्रिगडे और कूड़ा वाहन निकलना मुश्किल हो गया है। कॉलोनी के कई हिस्सों में लंबे समय से सड़क किनारे निर्माण सामग्री गिरा रखी है, जबकि यहां पर कई वाहन पार्क किए जा सकते हैं। कॉलोनी बिजली बोर्ड के ठेकेदार ने बिजली नए पोल लगाने के लिए निर्माण सामग्री गिराई पर काम हो जाने के बाद बचा हुआ गटका पत्थर यहां से नहीं उठाया। इस कारण भी पार्किंग की समस्या बढ़ गई। हैरानी की बात है कि नगर निगम इस पर कार्रवाई नहीं कर पाई है।

### क्या कहते पार्षद

**वार्ड-14** के पार्षद राजीव कौड़ा ने कहा कि सीवरेज की समस्या और सड़क की मरम्मत करना उनकी प्राथमिकता है। मुख्य रास्ते में सीवरेज समस्या के हल के लिए टेंडर लग चुका है। जबकि लोअर सड़क में जल्द पेवर लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

# राजगढ़ के 3 जर्जर प्राथमिक स्कूलों का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के शिक्षा उप निदेशक (प्रारंभिक) राजीव ठाकुर ने बुधवार को राजगढ़ क्षेत्र का दौरा कर संयुक्त निरीक्षण टीम के साथ तीन प्राथमिक विद्यालयों के जर्जर भवनों का निरीक्षण किया। इस दौरान दून दरिया स्कूल के एक कक्ष, रूग बखोटा के एक कक्ष तथा शावगा स्कूल के दो कक्षों की स्थिति का मूल्यांकन किया। राजीव ठाकुर ने बताया कि संबंधित स्कूलों के कुछ कमरों की हालत काफी खराब पाई गई है। इसी कारण संयुक्त टीम द्वारा तकनीकी जांच की गई, ताकि भवनों की वर्तमान स्थिति का आकलन कर आवश्यक रिपोर्ट तैयार की जा सके। निरीक्षण के दौरान समग्र शिक्षा के कनिष्ठ अभियंता महिमानंद, लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता, शिक्षा खंड राजगढ़ के खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कृष्ण गोपाल, संबंधित विद्यालयों के प्रबंधन समिति (एमसी) के अध्यक्ष, डायट प्रवक्ता यशपाल शर्मा तथा अधीक्षक गगनदीप सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

◆ जिला शिक्षा उपनिदेशक के नेतृत्व में टीम ने लिया स्थिति का जायजा

## न्यूज ब्रीफ

### दुकान से अवैध सिलेंडर बरामद, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** बद्दी पुलिस की टीम ने सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक दुकान से अवैध सिलेंडर बरामद किए हैं। पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी देते हुए एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया के बद्दी की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि ओंकार पुत्र रामू राम, निवासी धकडू माजरा, जीएस प्लाज़ा अमरावती के समीप अपनी किराना दुकान में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडरों का भंडारण कर उन्हें वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए उपयोग कर रहा है। तलाशी के दौरान कुल 8 घरेलू गैस सिलेंडर तथा 2 वाणिज्यिक गैस सिलेंडर एवं 4 गैस निप्पल बरामद किए गए।

### कुंदन का बाग से दो पेटी अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** कुंदन का बाग क्षेत्र में पुलिस ने एक रिहायशी मकान से तालाशी के दौरान 2 पेटी देशी शराब की बरामद की है। आरोपी पकड़ीं गई शराब की पेटियों के कागजात व परमिट आदि पेश नहीं कर सका। कच्चा टैंक पुलिस चौकी की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अपने रिहायशी मकान में अवैध शराब का भंडारण कर रहा है। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दबिश दी, तो वहां से दो पेटी अवैध देसी शराब बरामद की गई।

### पंचायत प्रतिनिधियों को दी विदाई पार्टी

**अनंत ज्ञान, सराहां।** ग्राम पंचायत बाग पशोग में पंचायत प्रतिनिधियों के लिए स्टाफ द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत बाग पशोग की प्रधान राजेश्वरी शर्मा ने सभी का स्वागत किया और पिछले पांच वर्ष पंचायत के लोगों के विकास के लिए किए कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में ग्राम पंचायत बाग पशोग ने सर्वश्रेष्ट कार्य के लिए प्रदेश स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक पंचायत का नाम रोशन किया और राष्ट्रीय स्तर पर पंचायत को सम्मानित किया गया। इसमें पंचायत के सदस्य और स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। समारोह में सभी वार्ड सदस्य व पंचायत स्टाफ को सम्मानित किया गया।

### सिक्योरिटी गार्ड व सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 120 पद भरे जाएंगे

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला रोजगार अधिकारी देविंद्र कुमार ने बताया कि सिस (सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसीज) इंडिया लिमटिड आरटीए हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड तथा सिक्योरिटी सुपरवाईजर के 120 पद रोजगार कार्यालय के माध्यम से भरे जाएगें। इन पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू उपरोजगार कार्यालय संगड़ाह में 17 फरवरी, उपरोजगार कार्यालय कमरऊ में 18 फरवरी तथा जिला रोजगार कार्यालय नाहन में 19 फरवरी, 2026 को आयोजित किए जाएगें। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए आयु 19 वर्ष से 40 वर्ष तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं, रखी गई है। उन्होंने बताया कि आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकृत होना अनिवार्य है।

### बाबा हरीपुर वाले जी की स्मृति में लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में दून ऑटो रिक्शा यूनियन द्वारा श्रद्धा और भक्ति के साथ बाबा हरीपुर वाले जी की स्मृति में 12वां विशाल भंडारा आयोजित किया गया। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी दोपहर 1 बजे बाबा को भोग लगाने के पश्चात भंडारे का विधिवत शुभारंभ हुआ, जो देर शाम तक श्रद्धापूर्वक चलता रहा। आपसी भाईचारे और सेवा का संदेश इस धार्मिक आयोजन का नेतृत्व यूनियन के प्रधान तरसेम लाल चौधरी ने किया।

# 4 श्रम संहिताओं के खिलाफ ट्रेड यूनियनों की हड़ताल

## रैली निकालकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ की नारेबाजी

अनंत ज्ञान

**सोलन**

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर चार श्रम संहिताओं के खिलाफ सोलन में एक दिवसीय हड़ताल की गई। सीटू के बैनर जिलाभर की विभिन्न ट्रेड यूनियनों ने रैली निकालकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी कर अपना विरोध जताया। ट्रेड यूनियन के नेताओं ने पुराने कानूनों की बहाली और चार नई श्रम संहिताओं को वापस लेने की मांग की। हड़ताल के चलते औद्योगिक क्षेत्र बद्दी, सोलन और अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट बागा एवं बघेरी दोनों स्थानों पर मजदूरों ने काम बंद कर केंद्र की मजदूर-विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज किया।

इसके साथ ही नालागढ़ और अर्की में भी बड़े स्तर पर प्रदर्शन आयोजित किए गए, जहां हजारों मजदूरों, कर्मचारियों और किसानों ने भाग लेकर अपनी एकजुटता और आक्रोश का प्रदर्शन किया। यह व्यापक भागीदारी दर्शाती है कि चारों श्रम संहिताओं के खिलाफ मजदूर वर्ग में गहरा असंतोष व्याप्त है।

सोलन शहर में सीटू और किसान सभा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मजदूर नेता जगदीश भारद्वाज, शशि भूषण के नेतृत्व में संयुक्त प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 500 मजदूरों और किसानों ने भाग लिया।

मोहित वर्मा व जिला महासचिव सीटू सोलन ने कहा कि केंद्र द्वारा लागू की गई चार श्रम संहिताएं मजदूर वर्ग के मौलिक अधिकारों पर सीधा हमला है। इन कानूनों के माध्यम से स्थायी रोजगार को समाप्त कर ठेका प्रथा को बढ़ावा दिया जा रहा है। यदि इन श्रम संहिताओं को पूर्ण रूप से लागू किया गया तो देश का मजदूर वर्ग असुरक्षित रोजगार और शोषण की नई व्यवस्था में धकेल दिया जाएगा। सीटू ने सपरून बाईपास में सभाकर मनरेगा जैसी योजनाओं के बजट में लगातार कटौती और कार्य दिवसों में कमी ग्रामीण गरीबों की आजीविका पर सीधा हमला है।





श्रम संहिताओं के खिलाफ रैली निकालते ट्रेड यूनियन के कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

# श्री महामाया बाला सुंदरी मेला 19 मार्च से 2 अप्रैल तक होगा आयोजित : उपायुक्त

अनंत ज्ञान

**नाहन।** उत्तर भारत का प्रसिद्ध श्री महामाया बाला सुंदरी आश्विन नवरात्र मेला त्रिलोकपुर में आगामी 19 मार्च से आरंभ होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। मेले के आयोजन से जुड़े विभिन्न प्रबंधों की समीक्षा को लेकर बैठक का आयोजन उपायुक्त सिरमौर एवं आयुक्त मंदिर न्यास त्रिलोकपुर प्रियंका वर्मा की अध्यक्षता में हुआ। उपायुक्त ने कहा कि चैत्र नवरात्र मेले के दौरान यात्रियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए मंदिर न्यास प्रयासरत है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह कालाअंब से त्रिलोकपुर मुख्य मार्ग तथा त्रिलोकपुर के लिए अन्य संपर्क मार्गों की समय रहते मरम्मत करवाना सुनिश्चित करें।

मेले के आयोजन हेतु एसडीएम नाहन को मुख्य मेला अधिकारी, तहसीलदार नाहन मेला अधिकारी तथा डीएसपी नाहन कानून सुरक्षा व्यवस्था हेतु मेला पुलिस अधिकारी होंगे। उन्होंने कहा कि मेले के प्रभावी प्रबंधन को लेकर मेला क्षेत्र को चार सेक्टरों में विभाजित किया जाएगा और प्रत्येक सेक्टर में ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी नियुक्त रहेंगे।

उन्होंने बताया कि मेले के दौरान यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएंगे। मेले के दौरान कानून एवं व्यवस्था और ट्रैफिक व्यवस्था के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। इसके अतिरिक्त व्यवस्था बनाए रखने के लिए गृह रक्षा व निजी सुरक्षा एजेंसियों के सुरक्षा कर्मचारियों को अस्थाई आधार पर तैनात किया जाएगा।

# मानपुरा व नालागढ़ में दो सड़क हादसे, एक में युवती की मौत

अनंत ज्ञान

**मानपुरा।** पुलिस थाना मानपुरा के अंतर्गत बागबानियां के समीप एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें मोटरसाइकिल चालक नसरीन बानो निवासी जिला खीरी, यूपी व अंजली पाठक निवासी गांव कोडरी, जिला गोरखपुर, यूपी गंभीर रूप से घायल हो गईं। जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल नालागढ़ पहुंचाया गया। उपचार के दौरान नसरीन बानो को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि अंजली पाठक उपचाराधीन है।

**वहीं** पुलिस थाना नालागढ़ के अंतर्गत गोलजमाला स्थित पेट्रोल पंप के पास पिकअप वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल चालक जसविंद्र सिंह निवासी जिला रूपनगर (पंजाब) घायल हो गया। दोनों मामलों में पुलिस थाना मानपुरा व नालागढ़ में अज्ञात ट्रक चालक तथा पिकअप चालक के विरुद्ध मामला दर्ज करके आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है।

### खैर की तस्करी करता वाहन पकड़ा, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान। बरोटीवाला।** बरोटीवाला पुलिस ने वन रक्षक की शिकायत पर खैर तस्करी करते हुए वाहन को पकड़ा है। पुलिस ने वन विभाग की शिकायत पर मामला दर्ज करके आगामी कार्यवाही आरंभ कर दी है। जानकारी देते हुए एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया की वन रक्षक दिनेश कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। बीती रात के बटेड हरिपुर-कोटला रोड पर नाकाबंदी के दौरान हरिपुर की ओर से रहे वाहन नंबर एचपी-12जी-4355 को तलाशी के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान वाहन में खैर के लकड़ी के लॉग पाए गए।

# खराब वित्तीय स्थिति के लिए सीएम जिम्मेदार

## केंद्र को दोषी ठहराने की बजाय पहले अपने गिरेबान में झांके प्रदेश सरकार : रावत

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने हिमाचल की खराब वित्तीय स्थिति के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को जिम्मेदार ठहराया है। रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पद संभालते ही सबसे पहले राजनीतिक सलाहकारों, मीडिया सलाहकारों के साथ-साथ ओएसडी निगम एवं बोर्डों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों की लंबी फौज खड़ी कर दी, जिनके वेतन-भत्तों पर प्रदेश सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। इतना ही नहीं पूर्व भाजपा सरकार के समय निगम एवं बोर्डों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों को वेतन के रूप में केवल मात्र तीस हजार रुपए मिलते थे, जिसको बढ़ाकर अब एक लाख 11 हजार रुपए कर दिया है, जिससे वित्तीय स्थिति बिगड़ती जा रही है।

रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बिगड़ी वित्तीय स्थिति के लिए केंद्र सरकार को दोषी ठहराने की बजाय पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखें कि आपने इतनी खराब वित्तीय स्थिति के उपरांत भी अपने बहुत सारे मित्रों को राजनीतिक नियुक्तियां दी हैं। रावत ने बताया कि केंद्र सरकार हिमाचल सरकार की हर संभव सहायता कर रही है जिसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को प्रधानमंत्री की आलोचना करने की बजाय धन्यवाद करना चाहिए।



भाजपा प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत

# कांग्रेस की गलत नीतियों से डगमगाई हिमाचल की अर्थव्यवस्था: विनय गुप्ता

अनंत ज्ञान

**नाहन।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विनय गुप्ता ने हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य की बिगड़ती आर्थिक स्थिति के लिए पूरी तरह सरकार की नीतियां जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ता कर्ज, लगातार बढ़ रहा राजस्व घाटा और वित्तीय कुप्रबंधन प्रदेश को गंभीर संकट की ओर ले जा रहा है। विनय गुप्ता ने आरोप लगाया कि अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए कांग्रेस सरकार बार-बार केंद्र सरकार पर अनावश्यक और बेबुनियाद आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान में कमी कोई अचानक लिया गया निर्णय नहीं था, बल्कि यह पूर्व निर्धारित प्रक्रिया का हिस्सा था। इसके बावजूद प्रदेश सरकार ने न तो आय के नए स्रोत विकसित किए और न ही निवेश आकर्षित करने के लिए कोई ठोस नीति बनाई।

जब प्रदेश आर्थिक संकट से गुजर रहा है, तब राजनीतिक नियुक्तियों, सलाहकारों और अनावश्यक खर्चों में वृद्धि समझ से परे है। उन्होंने सरकार से मांग की कि वह जनता को गुमराह करने के बजाय अपनी आर्थिक नीतियों की गंभीर समीक्षा करे। केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए विनय गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार विकास, आधारभूत संरचना और आर्थिक सुदृढ़ीकरण पर लगातार कार्य कर रही है।

# केंद्र के प्रस्तावित विद्युत विधेयक के विरोध में उतरे बिजली बोर्ड कर्मचारी

अनंत ज्ञान

**सोलन।** संयुक्त कार्रवाई समिति बिजली बोर्ड कर्मचारी, अभियंता एवं पेंशनर ने वीरवार को सोलन सर्कल आफिस के बाहर नेशनल को-आर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एम्प्लॉइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर पूर्ण रूप से पेन डाउन एवं टूल डाउन हड़ताल की, हालांकि आपातकालीन सेवाओं को हड़ताल से बाहर रखा गया। भोजनावकाश के दौरान बिजली बोर्ड कार्यालय के बाहर निजीकरण के विरोध में जोरदार धरना-प्रदर्शन आयोजित किए गए, जिनमें सैकड़ों कर्मचारियों, अभियंता, आउटसोर्स कर्मी और बिजली बोर्ड के पेंशनरों के साथ-साथ विद्युत उपभोक्ताओं ने भी भाग लिया।

प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित विद्युत (संशोधन) विधेयक का विरोध करना है, जिसमें सीधे-सीधे बिजली बोर्ड के निजीकरण की बात कही गई है। स्थानीय संयुक्त कार्रवाई समिति लोकेश ठाकुर, ज्वाइंट कन्वीनर, जितेंद्र चंदेल (ज्वाइंट सेक्रेटरी स्टेट यूनियन) पीएल गुप्ता (महासचिव पेंशन वेलफेयर) ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार राज्य सरकारों पर बिजली कंपनियों के निजीकरण के लिए दबाव बना रही है। हाल ही में ऊर्जा मंत्रालय द्वारा विद्युत संशोधन विधेयक, 2025 का मसौदा लाया गया है, जिसे वर्तमान बजट सत्र में संसद में पेश किए जाने की संभावना है। प्रस्तावित विधेयक में एक ही क्षेत्र में अनेक वितरण कंपनियों को कार्य करने की अनुमति देने तथा सरकारी बिजली बोर्ड के नेटवर्क का उपयोग निजी कंपनियों को उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। साथ ही, मध्यम एवं निम्न वर्ग के उपभोक्ताओं को दी जा रही क्रॉस सब्सिडी समाप्त करने का प्रस्ताव है।





मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बिजली बोर्ड कर्मचारी। अनंत ज्ञान

## अनुसंधान एवं प्रसार उत्कृष्टता के लिए किसान चैंबर, मोहाली में आयोजित समारोह

# किन्नौर को सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केंद्र पुरस्कार

अनंत ज्ञान

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के अंतर्गत आने वाले कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), किन्नौर को फार्म एंड फूड द्वारा आयोजित किसान सम्मान समारोह के दौरान प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ केवीके पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार समारोह किसान चैंबर, मोहाली में आयोजित किया गया, जिसमें कृषि वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं, प्रगतिशील किसानों तथा पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। केवीके किन्नौर को जिले में प्राकृतिक खेती पद्धतियों के प्रचार-प्रसार तथा बड़े स्तर पर अपनाने में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. प्रमोद शर्मा, सह-निदेशक (अनुसंधान एवं प्रसार) एवं प्रमुख, केवीके किन्नौर ने इस उपलब्धि का श्रेय क्षेत्र की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप किसानों से सतत् जमीनी स्तर पर संवाद तथा किसान-केंद्रित प्रसार गतिविधियों को दिया।

इस अवसर पर केवीके किन्नौर के कीट विज्ञानी डॉ. बुधि राम को किसान-केंद्रित इको-हाइव तकनीक के माध्यम से देशी मधुमक्खियों के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सर्वश्रेष्ठ युवा शोधकर्ता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं केवीके किन्नौर द्वारा नामांकित किसान आशीष नेगी को जैविक फल उत्पादों के विपणन में उत्कृष्ट कार्य हेतु सर्वश्रेष्ठ किसान पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान जैविक फल उत्पादन, मूल्य संवर्धन एवं सुदृढ़ विपणन संपर्क स्थापित करने में केवीके के मार्गदर्शन के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है। इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने केवीके किन्नौर की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय की सतत्, जलवायु-सहिष्णु एवं किसान-उन्मुख कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ करता है।



केवीके किन्नौर के अधिकारी सर्वश्रेष्ठ केवीके पुरस्कार से सम्मानित होते हुए। अनंत ज्ञान

# मानसिक पीड़ित परिवार को रेस्क्यू कर शेल्टर होम भेजा गया

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** माजरा में मानवता की एक सराहनीय मिसाल पेश करते हुए 'मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था' तथा माजरा बाजार के गणमान्य व्यक्तियों के सहयोग से एक मानसिक रूप से पीड़ित परिवार को रेस्क्यू कर सुरक्षित शेल्टर होम निआश्रय भेजा गया। अरविंद कुमार (पुत्र सुमेरचंद), सुनीता देवी (पत्नी अरविंद कुमार) एवं विशाली (पुत्री अरविंद कुमार) पिछले कई वर्षों से अत्यंत दयनीय एवं नारकीय परिस्थितियों में जीवन यापन करने को मजबूर थे। उल्लेखनीय है कि संस्था पिछले कई वर्षों से इस परिवार की समय-समय पर सहायता करती आ रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए संस्था ने त्वरित पहल करते हुए माजरा के गणमान्य नागरिक विजेश गोयल, सतीश अग्रवाल, चंद्रशेखर एवं अनूप अग्रवाल सहित अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर परिवार को सुरक्षित रेस्क्यू कर निआश्रय में आश्रय दिलवाया।




# लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 559 अंक टूटा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी वीरवार को शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ।

आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के बीच वीरवार को बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स 558 अंक गिर गया, क्योंकि एआई-आधारित व्यवधानों को लेकर चिंताओं और मजबूत अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों के बाद फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम होने से निवेशकों की भावना पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 558.72 अंक या 0.66 प्रतिशत गिरकर 83,674.92 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 716.97 अंक या 0.85 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 83,516.67 के अंतर्देशीय निचले स्तर पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 146.65 अंक या 0.57



प्रतिशत गिरकर 25,807.20 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में गिरावट का नेतृत्व टेक्नोलॉजी शेयरों ने किया। इसमें टेक महिंद्रा, इंफोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर लगभग 6 प्रतिशत गिरकर प्रमुख रूप से पिछड़ गए। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एटर्नल, एचडीएफसी बैंक, इंडिगो, कोटक महिंद्रा बैंक और अदानी पोर्ट्स के शेयर भी घाटे में बंद हुए। दूसरी ओर, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, टाइटन, लार्सन एंड टूब्रो, भारती एयरटेल और टाटा स्टील लाभ कमाने वालों में शामिल थे। बीएसई मिडकैप सेलेक्ट इंडेक्स में 0.48 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि स्मॉलकैप सेलेक्ट इंडेक्स में 0.28 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। क्षेत्रीय सूचकांकों में, फोकस्ड आईटी में सबसे अधिक 5.40 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, इसके बाद आईटी में 5.29 प्रतिशत की गिरावट आई। (अनंत ज्ञान)

## चांदी 7,316 गिरकर 2.59 लाख किलो हुई, सोना 1.56 लाख पर आया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में वीरवार 12 फरवरी को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 7,316 रुपए कम होकर 2,59,133 रुपए पर आ गई है। इससे पहले बुधवार को चांदी की कीमत 2,66,449 रुपए किलो थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,672 रुपए गिरकर 1,55,650 रुपए पर आ गई है। इससे पहले बुधवार को ये 1,57,322 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। सर्राफा बाजार में 29 जनवरी को सोने ने 1,76,121 रुपए और चांदी ने 3,85,933 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल अब तक सोने की कीमत 22,455 रुपए बढ़ चुकी है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,33,195 रुपए का था, जो अब 1,56,147 रुपए हो गया है। वहीं, चांदी 28,713 रुपए महंगी हो गई है। 31 दिसंबर 2025 को एक किलो चांदी की कीमत 2,30,420 थी, जो अब 2,59,133 प्रति किलो पहुंच गई है।

## कोर्ट हिमंता को चुनाव लड़ने से रोके, एक दिन भी सीएम बने रहने लायक नहीं : अजमल

**एजेंसी, मुंबई**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के शूटिंग वीडियो को लेकर ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट प्रमुख बदरुद्दीन अजमल ने उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

अजमल ने अदालत से आग्रह किया कि सरमा को चुनाव लड़ने से रोका जाए। वह एक दिन भी अपनी कुर्सी पर बने रहने के योग्य नहीं हैं। बदरुद्दीन अजमल ने एक वीडियो जारी कर कहा कि पिछले छह महीनों से एक समुदाय के खिलाफ लगातार नफरत भरे भाषण दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले दिखाया गया कि हिमंत बिस्व सरमा मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों की ओर बंदूक तान रहे हैं। दरअसल, विवाद 7 फरवरी को शेयर किए गए एक वीडियो को लेकर है। इसमें मुख्यमंत्री दो मुस्लिम लोगों की ओर राइफल ताने हुए दिखाई दे रहे थे। यह वीडिओ एक दिन बाद हटा लिया गया। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को दिसपुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया कि असम बीजेपी के आधिकारिक एक्स हैंडल से शेयर किया गया वीडियो भड़काऊ और सांप्रदायिक है। कांग्रेस का दावा है कि वीडियो पर लिखे कुछ लाइन भी लिख थे। जैसे 'विदेशियों से मुक्त असम, कोई रहम नहीं', 'तुम पाकिस्तान क्यों नहीं चले गए?' शिकायत में कहा गया कि ऐसे शब्द राज्य के बंगाली मूल के मुसलमानों को निशाना बनाते हैं, जिन्हें अक्सर 'मिया' या 'बांग्लादेशी' कहकर संबोधित किया जाता है। कांग्रेस नेताओं सिबामोनी बोरा और दिगंता बाउमन ने पुलिस से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। सीपीआई(एम) नेताओं ने भी मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। सीएम के भेदभावपूर्ण बयान व वीडियो के खिलाफ निर्देश देने की मांग की। सीनियर वकील निजाम पाशा ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के सामने तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। चीफ जस्टिस ने कहा कि 'समस्या यह है कि चुनाव आते ही उसका एक हिस्सा सुप्रीम कोर्ट में लड़ा जाता है। हम डेट देंगे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### देसी पिस्टल व कारतूस सहित दो काबू किए



**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट जिला पुलिस द्वारा जिले को क्राइम मुक्त रखने के लिए चलाए विशेष अभियान के तहत पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने एक देसी पिस्तौल व कारतूस के साथ दो युवकों को काबू किया है। इसे संबंधित जिला पुलिस मुखी एस. दलजिंदर सिंह ढिल्लों द्वारा जारी प्रेस रिलीज द्वारा बताया कि जिला पुलिस द्वारा पूरे जिले भर में अपनी सरगर्मियां तेज कर रखी हैं, ताकि कोई भी गैर सामाजिक तत्व अपनी घटिया सोच से अशांति फैलाने की कोशिश तक न कर सके। इसी के चलते पठानकोट पुलिस द्वारा चलाए जबरदस्त अभियान के दौरान दो युवकों को काबू करके उनके पास से एक देसी पिस्तौल तथा एक कारतूस बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कृष पुत्र दविंदर सिंह निवासी मोहल्ला गांधी नगर पठानकोट व कृष्णा कपूर पुत्र सतीश कपूर निवासी पटेल नगर पठानकोट के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### दीर्घकालिक बचत प्लान: प्रू स्मार्टकिड 360 लॉन्च

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक नया दीर्घकालिक बचत प्लान आईसीआईसीआई प्रू स्मार्टकिड 360 लॉन्च किया है। यह योजना माता-पिता को अपने बच्चे की भविष्य की आर्थिक जरूरतों की योजना बनाने में मदद करेगी व इसमें गारंटीड लाभ शामिल हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य उत्पाद अधिकारी विकास गुप्ता ने कहा, 'आईसीआईसीआई प्रू स्मार्टकिड 360 को इस सोच के साथ तैयार किया गया है कि माता-पिता अपने बच्चे का भविष्य आर्थिक रूप से सुरक्षित कर सकें। मनीबैक लाभ के अलावा पॉलिसी अवधि पूरी होने पर एकमुश्त गारंटीड मैच्योरिटी राशि भी मिलती है, जो बच्चे के वयस्क जीवन की शुरुआत में सहारा बन सकती है।' आईसीआईसीआई प्रू स्मार्टकिड 360 के तहत स्कूलिंग, उच्च शिक्षा या युवावस्था की जरूरतों जैसे तय पड़ावों पर मनीबैक या पहले से तय भुगतान की सुविधा मिलती है। खास बात यह है कि ग्राहक भुगतान राशि को स्थिर या हर साल बढ़ने वाली राशि के रूप में चुन सकते हैं। उन्होंने कहा, 'इस उत्पाद की एक अहम विशेषता इनबिल्ट प्रीमियम माफी व लाभों की निरंतरता है। यदि बीमित व्यक्ति की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाती है, तो आगे के सभी प्रीमियम माफ कर दिए जाते हैं, जीवन कवर की राशि नामित व्यक्ति को दी जाती है और चुने गए अन्य लाभ जारी रहते हैं, ताकि बच्चे के लक्ष्य प्रभावित न हों।' उन्होंने कहा, 'मुख्य लाभों के साथ-साथ आईसीआईसीआई प्रू स्मार्टकिड 360 में फैमिली इनकम बेनिफिट जैसी वैकल्पिक सुविधाएं भी हैं, जो बीमित व्यक्ति की असामयिक मृत्यु की स्थिति में परिवार को नियमित आय का सहारा देते हैं।'

### सड़क हादसे में एचकेआरएन कर्मचारी की मौत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जिले के गांव जाखौली में एक कार ड्राइवर ने करीब 40 वर्षीय व्यक्ति को टक्कर मार दी। हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई। वह पब्लिक हेल्थ में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कर्मचारी था। रात के समय कैथल से अपने गांव किठाना जा रहा था। इस संबंध में मृतक के भतीजे ने तितरम थाना में शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। चहल पट्टी किठाना के अजय ने तितरम थाना में दी शिकायत में बताया कि वह कारपेंटर का काम करता है व उसका चाचा राजेश पब्लिक हेल्थ में एचकेआरएन में नौकरी करता था। 11 फरवरी को सुबह के समय उसका चाचा रोजाना की तरह मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने कार्यालय में गया हुआ था, जब रात के समय वह घर वापस आ रहा था और गांव जाखौली से निकला तो गांव पार करते ही जल घर के पास कैथल साईड से असन्ध की तरफ जा रहे एक कार ड्राइवर ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में उसका चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। वे तुरंत मोके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची व उसे अस्पताल में लेकर गए, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसके चाचा को मृत घोषित कर दिया। शिकायतकर्ता ने आरोपी कार ड्राइवर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। तितरम थाना के जांच अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि इस संबंध में पुलिस के पास शिकायत आई है। पुलिस ने आरोपी कार ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## वंदे मातरम पर सरकार का आदेश आजादी पर हमला : मदनी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने वंदे मातरम के सभी छंद गाने का विरोध किया है। संगठन ने कहा कि सरकार का ये आदेश हमारी धार्मिक आजादी पर हमला है।

संगठन ने सरकार के आदेश को एकतरफा और मनमाना बताया।



जमीयत के प्रेसिडेंट मौलाना अरशद मदनी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुसलमान किसी को भी वंदे मातरम गाने या बजाने से नहीं रोकते, लेकिन गाने के कुछ छंद मातृभूमि को एक देवता के रूप में दिखाते हैं। ये हमारी मान्यताओं के खिलाफ हैं। केंद्र सरकार ने वीरवार को एक आदेश जारी कर राष्ट्रगीत वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन गण मन की तरह ही सम्मान देना अनिवार्य कर दिया है। आदेश के मुताबिक राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकेंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे। केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

गृह मंत्रालय ने आदेश में कहा है कि अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम' बजाया जाएगा। इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। यह आदेश 28 जनवरी को जारी हुआ, लेकिन मीडिया में इसकी जानकारी 11 फरवरी को आई। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, आदेश में साफ लिखा है कि अगर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' साथ में गाए या बजाए जाएं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा। इस दौरान गाने या सुनने वालों को सावधान मुद्रा में खड़ा रहना होगा। हालांकि, आदेश में यह भी कहा गया है कि किन-किन मौकों पर राष्ट्रगीत गाया जा सकता है, इसकी पूरी लिस्ट देना संभव नहीं है। यह पहली बार है जब राष्ट्रगीत के गायन को लेकर डिटेल में प्रोटोकॉल जारी किए गए हैं। केंद्र इस समय वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम मना रहा है। नई गाइडलाइन के अनुसार, तिरंगा फहराने, किसी कार्यक्रमों में राष्ट्रपति के आगमन, राष्ट्र के नाम उनके भाषणों व संबोधनों से पहले और बाद में, और राज्यपालों के आगमन और भाषणों से पहले और बाद में सहित कई आधिकारिक अवसरों पर वंदे मातरम बजाना अनिवार्य होगा। (अनंत ज्ञान)

### दल खालसा ने सिख पहचान के खिलाफ बताया

**सिख** संगठन दल खालसा ने वंदे मातरम अनिवार्य किए जाने के फैसले पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने इसे सिख पहचान व धार्मिक भावनाओं के खिलाफ बताया है। दल खालसा के नेता कंवरपाल सिंह बिट्टू ने बयान जारी करते हुए कहा- यह फैसला भारतीयता के नाम पर हिंदुत्व विचारधारा को सिख समुदाय पर थोपने का प्रयास है। सिख होने के नाते हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। यह निर्णय सिख समुदाय की भावनाओं और उनकी धार्मिक पहचान के विपरीत है।

## अमेरिका में बड़ा फैसला : भारतीय छात्रा जाह्नवी के परिवार को मिलेंगे 262 करोड़

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अमेरिका के सिएटल शहर में भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की दर्दनाक मौत के मामले में प्रशासन ने एक बड़ा फैसला लिया है।

सिएटल शहर प्रशासन जाह्नवी के परिवार को मुआवजे के तौर पर 2.9 करोड़ डॉलर (करीब 262 करोड़ रुपए) देने पर सहमत हो गया है। 23 वर्षीय जाह्नवी की पिछले साल एक तेज रफ्तार पुलिस गश्ती वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। इसके बाद भारत समेत पूरी दुनिया में भारी आक्रोश देखा गया था। यह हादसा 23 जनवरी 2023 को हुआ था। आंध्र प्रदेश की रहने वाली जाह्नवी कंडुला नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी (सिएटल कैंपस) में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रही थीं। वह सड़क पार कर रही थीं, जब पुलिस अधिकारी केविन डेव ने उन्हें टक्कर मार दी। रिपोर्ट के मुताबिक, जिस इलाके में गति सीमा 40 किमी प्रति घंटा (25 एमपीएस) थी, वहां केविन डेव अपनी गाड़ी 119 किमी प्रति घंटा (74 एमपीएस) की रफ्तार से चला रहे थे। बताया गया कि वह 'ड्रग ओवरडोज' की एक कॉल पर जा रहे थे। ह्नवी की मौत के बाद मामला तब और गरमा गया जब एक अन्य पुलिस अधिकारी, डैनियल ऑडरर का बॉडीकैम फुटेज सामने आया। इस वीडियो में ऑडरर को हंसते हुए और यह कहते हुए सुना गया कि जाह्नवी की जान की सीमित कीमत थी और शहर को बस एक चेक लिख देना चाहिए। इस असंवेदनशील टिप्पणी के सामने आने के बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए। भारतीय राजनयिकों ने भी मामले की जांच की मांग की थी। बाद में ऑडरर को नौकरी से निकाल दिया गया था, हालांकि उन्होंने अपनी बर्खास्तगी के खिलाफ मुकदमा दायर किया गंभीर लापरवाही के बावजूद, गाड़ी चलाने वाले अधिकारी केविन डेव पर कोई आपराधिक मुकदमा नहीं चलाया गया। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिकी सांसद बोलीं- ट्रंप की वजह से भारत में क्वाड समिट नहीं हो पाया

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** डेमोक्रेट पार्टी की अमेरिकी सांसद सिडनी कमलेगर डोव ने राष्ट्रपति ट्रंप के भारत पर लगाए गए टैरिफ की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर दोनों देशों के बीच वर्षों में बना भरोसा नुकसान पहुंचाया गया है। उनके मुताबिक यह फैसला बेवजह था और इससे रिश्तों में दरार आई। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रंप प्रशासन ने भारत के साथ ट्रेड डील में 1 साल से ज्यादा समय लगा दिया। इससे 2025 में होने वाला दिल्ली क्वाड समिट नहीं हो पाया। क्वाड में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। कमलेगर डोव ने पहले भी ट्रंप की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा था कि वीजा शुल्क, टैरिफ और राजनीतिक तनाव के कारण अमेरिका अपनी एक अहम साझेदारी को कमजोर कर रहा है। ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया था। बाद में एक नए व्यापार समझौते के तहत 25 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया। (अनंत ज्ञान)

## अस्पताल में भर्ती झूला हादसा पीड़ितों से मिले मुख्यमंत्री सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गत दिनों हुए सूरजकुंड झूला हादसे के बाद वीरवार को मेला परिसर में पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सुप्रीम अस्पताल में भर्ती तीन घायलों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने पीड़ितों को आश्वस्त किया कि सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि हादसा दुर्भाग्यपूर्ण था और सरकार इसके प्रति बेहद गंभीर है। उन्होंने घायलों को आश्वस्त किया कि उनके इलाज का पूरा खर्च हरियाणा सरकार वहन करेगी। हादसे में शहीद होने वाले इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद के प्रति भी संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार उनके परिवार को सरकारी नौकरी और आर्थिक मदद देगी। साथ ही भविष्य में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को रोकने के लिए 'झूला सेफ्टी पॉलिसी' बनाएगी, जिसका उद्देश्य झूलों और मनोरंजन साधनों को सुरक्षित बनाना होगा। इससे आमजन की सुरक्षा और अधिक सुनिश्चित की जा सकेगी। इस दौरान हरियाणा के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली, आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता, एमडी हरियाणा टूरिज्म पार्थ गुप्ता, डीसी आयुष सिन्हा, सीएमओ जयंत अहूजा मौजूद रहे।

## कबड्डी में हरियाणा ने देहरादून को 35-02 से हराया

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** खेल विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं खेल बोर्ड के तत्वावधान में सेक्टर-42 स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के बास्केटबॉल हॉल में अखिल भारतीय सिविल सेवा कबड्डी प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला) 2025-26 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के आज के दिन महिला एवं पुरुष वर्ग में रोमांचक लीग मुकाबले खेले गए।

प्रतिभागी टीमों ने उत्कृष्ट कौशल, ताकत व समन्वय का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता के उच्च स्तर को प्रदर्शित किया। महिला वर्ग के परिणाम हरियाणा सचिवालय ने आरएसबी देहरादून को 35-02 से पराजित किया। राजस्थान सचिवालय ने मध्य प्रदेश सचिवालय को 34-25 से हराया। महाराष्ट्र सरकार ने कर्नाटक सचिवालय को 31-03 से पराजित किया। राजस्थान सचिवालय ने आरएसबी मुंबई को 39-35 से हराया। बिहार सचिवालय ने हरियाणा सचिवालय को 59-35 से पराजित किया। महाराष्ट्र सरकार ने एनसीटी दिल्ली को 28-15 से हराया। बिहार सचिवालय ने गुजरात सचिवालय को 21-01 से पराजित किया। पुरुष वर्ग के मुकाबलों में सीएस दिल्ली ने हरियाणा सचिवालय को 41-30 से हराया। आरएसबी हैदराबाद ने कर्नाटक सचिवालय को 42-34 से पराजित किया। आरएसबी कोलकाता ने गोवा को 33-18 से हराया। आरएसबी मुंबई ने आरएसबी कानपुर को 14-09 से पराजित किया। आरएसबी चेन्नई ने आरएसबी देहरादून को 25-13 से हराया। बिहार सचिवालय ने उत्तराखंड सचिवालय को 55-35 से पराजित किया। उत्तर प्रदेश सचिवालय ने चंडीगढ़ सचिवालय को 42-38 से हराया। छत्तीसगढ़ सचिवालय ने पुडुचेरी सचिवालय को 44-12 से पराजित किया। आरएसबी हैदराबाद ने आरएसबी चंडीगढ़ को 26-08 से हराया। उत्तराखंड सचिवालय ने मध्य प्रदेश सचिवालय को 40-18 से पराजित किया। प्रतियोगिता देशभर से आए सिविल सेवा टीमों के बीच उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन कर रही है। खिलाड़ियों के उत्साहपूर्ण खेल से मुकाबलों का रोमांच लगातार बढ़ता जा रहा है।

## पंचकूला गोल्फ लीग : ग्रुप-ए में रोमांच चरम पर दो टीमें 1729 अंकों के साथ संयुक्त शीर्ष पर

**अनंत ज्ञान**



**पंचकूला।** पंचकूला गोल्फ लीग सीजन-2 के नौवें दिन ग्रुप-ए में मुकाबला बेहद रोमांचक व कांटे का बना रहा। पांच मैचों के बाद क्लब्स ऑन फ्लेम्स और ग्रीन वॉरियर्स 1,729-1,729 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर काबिज हैं, जिससे क्वालिफिकेशन की दौड़ और भी दिलचस्प हो गई है। उनके ठीक पीछे शिवालिक स्विंगर्स 1,712 अंकों के साथ मजबूत स्थिति में बने हुए हैं और शीर्ष स्थान पर पहुंचने की दौड़ में पूरी तरह शामिल हैं। मिड-टेबल में भी कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है, जहां एडीएस फाल्कंस (1,697) और हाइलैंड किंग्स (1,695) के बीच केवल दो अंकों का अंतर है। नीचे की ओर भी मुकाबला खुला हुआ है।

जीबी लीजेंड्स (1,668) और टी टाइटंस (1,662) अभी भी प्रतिस्पर्धा में बने हुए हैं, जबकि स्नीकिन गोल्फर्स (1,638) आने वाले राउंड्स में वापसी की उम्मीद के साथ मैदान में उतरेंगे। दिन के सबसे प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में से एक में जीबी लीजेंड्स व स्नीकिन गोल्फर्स के बीच मैच बोनस अंकों सहित बराबरी पर छूटा, जो ग्रुप-ए में बेहद मामूली अंतर को दर्शाता है। व्यक्तिगत प्रदर्शन की बात करें, तो कर्नल रोहित बख्शी (हाइलैंड किंग्स) व कर्नल देव राज सिंह (शिवालिक स्विंगर्स) ने 34-34 अंकों के साथ स्कोरिंग चार्ट में संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके पीछे रणजीत सिद्धू (क्लब्स ऑन फ्लेम्स), गुरशरण ग्रेवाल और मिवान सिंह (जीबी लीजेंड्स), तथा कर्नल आरपीएस पॉल (स्नीकिन गोल्फर्स) ने 33-33 अंक जुटाकर शानदार प्रदर्शन किया। ग्रुप-ए में अंकों का अंतर बेहद कम होने के कारण आगामी मुकाबले लीग की दिशा तय करने में निर्णायक साबित हो सकते हैं।

**राहत** 2012 की जगह साल 2024 को आधार मानकर महंगाई के आंकड़े जारी किए

# जनवरी में 2.75% रही खुदरा महंगाई दर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आम आदमी के लिए नए साल की शुरुआत में राहत भरी खबर आई है। जनवरी 2026 में खुदरा महंगाई दर 2.75% दर्ज की गई है।



यह आंकड़े इसलिए खास हैं क्योंकि सरकार ने महंगाई मापने का पैमाना यानी 'बेस ईयर' बदल दिया है। अब 2012 की जगह साल 2024 को आधार मानकर महंगाई के आंकड़े जारी किए गए हैं। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में बड़ा बदलाव किया है। सरकार का कहना है कि पिछले एक दशक में लोगों के खर्च करने का तरीका पूरी तरह बदल गया है, इसलिए पुराने पैमाने को अपडेट करना जरूरी था। नए इंडेक्स का ढांचा 'घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2023-24' पर आधारित है। महंगाई की गणना जिस 'सामान की टोकरी' के आधार पर होती है, उसमें बड़े बदलाव किए गए हैं। वीसीआर, वीसीडी/डीवीडी प्लेयर, रेडियो, टेप रिकॉर्डर, पुराने कपड़े और कैसेट्स को बाहर कर दिया गया है, क्योंकि अब इनका इस्तेमाल न के बराबर होता है। अब महंगाई की लिस्ट में ऑनलाइन मीडिया और स्ट्रीमिंग सर्विस (ओटीटी), पेन ड्राइव, एक्सटर्नल हार्ड डिस्क, बेबीसिटर (आया), एक्सरसाइज इक्विपमेंट और ग्रामीण आवास को जोड़ा गया है। यह बदलाव डिजिटल होती दुनिया और बदलती लाइफस्टाइल को दिखाता है।

शहरों के मुकाबले गांवों में थोड़ी कम महंगाई नए आंकड़ों के मुताबिक, महंगाई अभी काबू में नजर आ रही है। कुल महंगाई: 2.75%, ग्रामीण महंगाई: 2.73%, शहरी महंगाई: 2.77%, खाद्य महंगाई: खाने-पीने की चीजों की महंगाई दर राष्ट्रीय स्तर पर 2.13% रही। हाउसिंग: आवास से जुड़ी महंगाई 2.05% दर्ज की गई। बेस ईयर बदलने का मतलब सिर्फ तकनीकी बदलाव नहीं है। इसमें अलग-अलग कैटेगरी के 'वेटेज' (महत्व) को बदला गया है। जानकारों का मानना है कि नए बेस ईयर (2024) से नीति निर्माताओं और आरबीआई को ज्यादा सटीक डेटा मिलेगा, जिससे भविष्य में आर्थिक फैसले लेने में आसानी होगी। (अनंत ज्ञान)

## रेट्रोस्पेक्टिव पर्यावरण मंजूरी पर सुप्रीम कोर्ट ने जयराम की याचिका सुनने से किया इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश की रेट्रोस्पेक्टिव पर्यावरण मंजूरी की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया।

याचिका में परियोजनाओं को पिछली तारीख से दी जाने वाली पर्यावरणीय मंजूरी को चुनौती दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने याचिका पर टिप्पणी करते हुए कहा कि पहले से दिए गए फैसले की समीक्षा रिट याचिका के जरिए कैसे मांगी जा सकती है। मुख्य नयायाधीश ने जयराम रमेश की ओर से पेश वकील से कहा कि पहले फैसला आया, फिर बड़ी पीठ ने रिव्यू में उसे पलट दिया। अब आप अप्रत्यक्ष रूप से फिर से रिव्यू याचिका दाखिल कर रहे हैं। इसके बाद जयराम रमेश के वकील ने याचिका वापिस लेने की अनुमति मांगी। (अनंत ज्ञान)

## पिछले 5 सालों में पंजाब में पानी बचाने के लिए किए गए 63,000 कार्य : राज भूषण

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** पिछले पांच वर्षों के दौरान केंद्र सरकार द्वारा जल शक्ति अभियान के तहत शुरू किए गए 'कैच द रेन' अभियान के अंतर्गत पंजाब में जल संरक्षण से संबंधित लगभग 63,000 कार्य किए गए हैं।

यह जानकारी केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प विभाग ने राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू के एक प्रश्न के जवाब में दी। प्रश्न में पंजाब में पानी बचाने के लिए उठाए गए कदमों, पानी जमा करने के लिए बनाए गई संरचनाओं की संख्या और राज्य अधिकारियों को दी गई आर्थिक मदद की जानकारी मांगी गई थी। राज्यसभा में सांसद सतनाम सिंह संधू द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने बताया कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा वर्ष 2019 में पूरे देश, जिसमें पंजाब भी



शामिल है, उसमें समयबद्ध मिशन मोड जल संरक्षण अभियान के रूप में जल शक्ति अभियान शुरू किए जाने के बाद से 'जल शक्ति अभियान: कैच द रेन' के तहत पंजाब में 62,996 जल संबंधी कार्य किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 6 सितंबर 2024 को केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई 'जल संचय जन भागीदारी' (जेएसजेबी) पहल का उद्देश्य कम लागत और संतृप्ति मोड में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर के निर्माण के लिए सामुदायिक भागीदारी और जन-सक्रियता को तेज करना है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, 'जल संचय जन भागीदारी' का मुख्य उद्देश्य 'पानी की हर बूंद को' सामूहिक प्रयासों से बचाना है। इसके लिए 'संपूर्ण समाज' व 'संपूर्ण सरकार' के दृष्टिकोण को अपनाया गया है। 27 जनवरी तक पंजाब में जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी 1.0 और 2.0) पहल के तहत कुल 10,655 आर्टिफिशियल रिचार्ज और स्टोरेज स्ट्रक्चर पूरे किए जा चुके हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पंजाब में जल शक्ति अभियान-कैच द रेन कैंपेन के तहत पिछले पांच सालों में 7,362 वॉटर कंज़र्वेशन और रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के काम किए गए, जबकि पंजाब में 19,477 पारंपरिक वॉटर बॉडीज को रेनोवेट किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के जल शक्ति अभियान: कैच द रेन कैंपेन के तहत पिछले पांच सालों में पंजाब में पानी के रीयूज़ और रिचार्ज स्ट्रक्चर से जुड़े 4,151 काम किए गए हैं, जबकि पांच सालों में पंजाब में वाटरशेड डेवलपमेंट से जुड़े 32,006 काम किए गए हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ने जीता पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस ने गत विजेता दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना को कांटे के संघर्ष में सडनडेथ में 8-7 से पराजित कर 12वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट में महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। विजेता टीम की खिलाडी यशस्वी ने प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड प्राप्त किया। श्याम लाल कॉलेज के मैदान पर खेले गए फाइनल में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस (आईजीआईपीईएसएस) और दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना के बीच निर्धारित समय में मुकाबला 2-2 से बराबरी पर रहा था। इसके बाद टाईब्रेकर में भी दोनों टीमों ने पांच-पांच गोल कर दिए और स्कोर 7-7 हो गया। तब सडनडेथ में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस ने बाज़ी मार 8-7 से मैच और खिताब जीत लिया। विजेता टीम के लिए पिंकी, सुकन्या और बिंदु ने दो- दो गोल किए। आँचल, और सोमवती ने एक-एक गोल किया। पराजित टीम के लिए मनीता ने तीन, विधि ने दो और सोनिका व कंचन ने एक-एक गोल किया। (अनंत ज्ञान)

### खेलो इंडिया शीत खेलों का दूसरा चरण गुलमर्ग में 23 से होगा शुरू



**एजेंसी, नई दिल्ली।** खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का दूसरा चरण 23 से 26 फरवरी तक गुलमर्ग में खेला जायेगा जिसमें करीब 400 खिलाड़ी भाग लेंगे। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। पहला चरण 20 से 26 जनवरी के बीच लद्दाख में खेला गया था। मांडविया ने एक विज्ञप्ति में कहा,' गुलमर्ग चरण शीतकालीन ओलंपिक के ठीक बाद हो रहा है। खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के आयोजन के लिये यह बिल्कुल सही समय है । लेह में पहला चरण काफी कामयाब रहा था जिसमें फिगर स्केटिंग को शामिल किया गया था।' गुलमर्ग में चार पदक खेलों स्की पर्वतारोहण, अल्पाइन स्कीइंग, नोर्डिक स्कीइंग (क्रॉसकंट्री) और स्नोबोर्डिंग की स्पर्धायें होंगी। पिछली बार भारतीय सेना ने सर्वाधिक 18 पदक जीते थे जबकि हिमाचल प्रदेश दूसरे, लद्दाख, महाराष्ट्र और तमिलनाडु तीसरे स्थान पर रहे थे। (अनंत ज्ञान)

### एएफसी अंडर-17 एशियन कप में भारत ग्रुप डी में ऑस्टेलिया के साथ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एएफसी अंडर-17 एशियन कप 2026 के लिए वीरवार को मलेशिया के कुआलालंपुर स्थित एएफसी हाउस में आयोजित ड्रॉ में भारत को ग्रुप डी में रखा गया है। भारतीय टीम इस ग्रुप में उज्बेकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और उत्तर कोरिया जैसी मजबूत टीमों से भिड़ेगी। टूर्नामेंट का 21वां संस्करण 5 मई से 24 मई 2026 तक सऊदी अरब में खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें चार-चार टीमों के चार ग्रुप में बांटा गया है। भारत ने नवंबर 2025 में खेले गए क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रुप डी में ईरान, लेबनान, फिलिस्तीन और चीनी ताइपे को पीछे छोड़ते हुए टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया था। यह 10वीं बार है जब भारत अंडर-17 एशियन कप के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा है। ग्रुप ए में सऊदी अरब, ताजिकिस्तान, थाईलैंड, म्यांमार। ग्रुप बी में जापान, इंडोनेशिया, चीन, कतर। ग्रुप सी में दक्षिण कोरिया, यमन, वियतनाम, यूएई और ग्रुप डी में उज्बेकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, भारत, उत्तर कोरिया। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वार्टरफाइनल में पहुंचेंगी और साथ ही फीफा अंडर-17 वर्ल्ड कप कतर 2026 के लिए भी क्वालीफाई करेंगी। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत यूलीया से नहीं हटती नजर

**यूक्रेन** की हाई जंपर युलीया लेवचेंको अपनी खूबसूरती की वजह से हमेशा चर्चा में रही हैं। युलीया को खेल में सबसे बड़ी पहचान 2017 में लंदन में हुई विश्व चैंपियनशिप में मिली थी, जब उन्होंने सिल्वर मेड जीता था। उनके आकर्षक रूप और एथलेटिक क्षमता ने उनकी फैन फॉलोइंग लाखों में है।




# श्रीलंका की दूसरी सबसे बड़ी जीत

## टी-20 विश्व कप में ओमान को 105 रन से रौंदा, रथनायके ने 28 गेंद में बनाए 60 रन

**एजेंसी, कोलंबो**

आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के ग्रुप बी मुकाबले में वीरवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका ने ओमान को 105 रन से करारी शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 225 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और फिर अनुशासित गेंदबाजी के दम पर ओमान को 120/9 पर रोक दिया। ओमान के कप्तान जतिंदर सिंह ने टॉस जीतकर श्रीलंका को बल्लेबाजी का न्योता दिया, लेकिन मेजबान टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। पवन रथनायके (28 गेंद में 60 रन), कुसल मेंडिस (45 गेंद में 61 रन) और कप्तान दासुन शनाका (20 गेंद में 50 रन) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

श्रीलंका की पारी की शुरुआत तेज रही, हालांकि जय ओदेद्रा ने कमिल मिशारा (8) को आउट कर ओमान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद पथुम निसांका (13) भी पावरप्ले के बाद आउट हो गए। स्कोर 58/2 होने के बाद रथनायके और मेंडिस ने पारी को संभाला और रन गति तेज की। रथनायके ने स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक जड़ा।वह 60 रन बनाकर जितेन रमणांडी की गेंद पर बोल्ड हुए। मेंडिस ने संयमित अंदाज में खेलते हुए 61 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली और टीम को बड़े स्कोर की ओर अग्रसर किया। आखिरी ओवरों में कप्तान दासुन शनाका ने विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने सिर्फ 20 गेंदों में पांच छक्के और दो चौकों की मदद से 50 रन ठोके, जो टी20 अंतरराष्ट्रीय में किसी भी श्रीलंकाई बल्लेबाज का सबसे तेज अर्धशतक है। कमिंदु मेंडिस ने भी अंतिम ओवरों में तीन छक्के जड़कर स्कोर 225/5 तक पहुंचा दिया।

वहीं, 225 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। आमिर कलीम (6) और कप्तान जतिंदर सिंह (1) पहले दो ओवरों में ही पवेलियन लौट गए। इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। मोहम्मद नदीम ने 56 गेंदों में नाबाद 53 रन की जुझारू पारी खेली, जबकि वसीम अली ने 20 गेंदों में 27 रन बनाए, लेकिन उन्हें अन्य बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला।

श्रीलंका के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए ओमान को कभी संभलने का मौका नहीं दिया। दुष्मंथा चमीरा ने दो ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि महीश तीक्ष्णा (2/11) और दुनिथ वेलालागे ने भी अहम सफलताएं हासिल कीं। रन आउट और कैचों ने भी ओमान की मुश्किलें बढ़ाईं। अंततः ओमान की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 120 रन ही बना सकी। (अनंत ज्ञान)




| संक्षिप्त स्कोर | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | श्रीलंका 225/5 (20 ओवर में) कुसल मेंडिस 61 | पवन रथनायके 60 दासुन शनाका 50 जितेन रमणांडी 2/41। | ओमान 120/9 (20 ओवर में ) मोहम्मद नदीम 53* | वसीम अली 27 महीश तीक्ष्णा 2/11 दुष्मंथा चमीरा 2/19। |

# बार्सिलोना एससी के खिलाफ मैच में लियोनेल मेसी चोटिल

**एजेंसी, मियामी**




मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) क्लब इंटर मियामी को अपने स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी की चोट के कारण बड़ा झटका लगा है। क्लब ने बुधवार को जानकारी दी कि मेसी बाएं हैमस्ट्रिंग में मांसपेशियों में खिंचाव (मसल स्ट्रेन) के चलते प्रशिक्षण सत्र में हिस्सा नहीं ले सके।

◆ बाएं हैमस्ट्रिंग में मांसपेशियों में खिंचाव

◆ प्रशिक्षण सत्र में भी नहीं ले सके हिस्सा

उनकी इसी चोट के कारण टीम का प्री-सीजन फिनाले मुकाबला भी स्थगित कर दिया गया है। क्लब के अनुसार, दो बार के मौजूदा लीग मोस्ट वॉल्यूबल प्लेयर मेसी को यह चोट पिछले सप्ताह इक्वाडोर में बार्सिलोना स्पोर्टिंग क्लब के खिलाफ खेले गए प्री-सीजन मैच के दौरान लगी थी। उस मुकाबले में मेसी ने गोल भी किया था, लेकिन दूसरे हाफ में उन्हें मैदान से बाहर बुला लिया गया था। इसके बाद उनके मेडिकल परीक्षण कराए गए, जिनमें बाएं हैमस्ट्रिंग में मांसपेशियों में खिंचाव की पुष्टि हुई।

इंटर मियामी ने आधिकारिक बयान में कहा, 'मेसी की ट्रेनिंग में वापसी उनके क्लिनिकल व फंक्शनल सुधार पर निर्भर करेगी, जिसका आकलन आने वाले दिनों में किया जाएगा।'

क्लब ने स्पष्ट किया कि मेसी की चोट के चलते इंटर मियामी और इक्वाडोर के क्लब इंडिपेंडिएंते डेल वाए के बीच शुक्रवार को प्यूर्टो रिको के जुआन रामोन लोब्रीएल स्टेडियम में खेला जाने वाला मैत्री मैच अब 26 फरवरी तक के लिए टाल दियागया है। गौरतलब है कि इंटर मियामी को अपना एमएलएस अभियान 21 फरवरी से शुरू करना है। ऐसे में मेसी की फिटनेस टीम के लिए बड़ी चिंता का विषय बन गई है। (अनंत ज्ञान)

# रियल सोसिएदाद ने एथलेटिक बिलबाओ को 1-0 से दी मात

**एजेंसी, मैड्रिड**



स्पेन के प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट कोपा डेल रे के सेमीफाइनल के पहले चरण में रियल सोसिएदाद ने एथलेटिक बिलबाओ को 1-0 से हराकर अहम बढ़त हासिल कर ली। बुधवार को सैन मामेस स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में बेनात तुरिएंतस ने 62वें मिनट में नजदीकी दूरी से गोल दागकर टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ सोसिएदाद ने डर्बी मुकाबले में बढ़त बनाई और मार्च में होने वाले दूसरे चरण से पहले मजबूत स्थिति हासिल कर ली है।

रियल सोसिएदाद लगातार तीसरी बार कोपा डेल रे के सेमीफाइनल में पहुंची है और 2019-20 में खिताब जीतने के बाद पहली बार फाइनल में जगह बनाने की कोशिश कर रही है। क्लब ने अब तक तीन बार यह ट्रॉफी जीती है। वहीं, एथलेटिक बिलबाओ पिछले सात सीजन में छठी बार सेमीफाइनल में पहुंचा है। बिलबाओ ने 2024 में मल्लोर्का को हराकर खिताब जीता था, जबकि 2020-21 में बार्सिलोना और 2019-20 में रियल सोसिएदाद से फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के साथ बिलबाओ का सोसिएदाद के खिलाफ जीत का सूखा चार मैचों तक पहुंच गया है। बिलबाओ ने इससे पहले दोनों टीमों की पिछली दो भिड़ंतों में जीत दर्ज की थी। कोपा डेल रे इतिहास में एथलेटिक बिलबाओ 24 खिताबों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि बार्सिलोना 32 खिताबों के साथ शीर्ष पर है।

# भारत का 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस में क्लीन स्वीप

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नई दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में एशियन राइफल-पिस्टल चैंपियनशिप 2026 के फाइनल में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने अपने अनुभव का शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतिम शॉट में 10.7 का सटीक निशाना लगाया और नीरज कुमार को पछाड़कर 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत ने इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया, जिसमें अखिल श्योराण ने कांस्य पदक जीता।

◆ नीरज कुमार ने 50 मीटर राइफल में जीता स्वर्ण

नीरज कुमार के लिए यह पहला व्यक्तिगत अंतरराष्ट्रीय पदक है। वह 35वें और अंतिम शॉट से पहले 0.2 अंकों की बढ़त पर थे। उन्होंने पहले निशाना साधते हुए 10.3 का स्कोर किया, जिससे ऐश्वर्य को स्वर्ण जीतने के लिए 10.6 की आवश्यकता थी। विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता ऐश्वर्य ने दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 10.7 का शॉट लगाया और नीरज को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। ऐश्वर्य का कुल स्कोर 362.0 रहा, जबकि नीरज 361.8 अंकों के साथ रजत पदक पर रहे। अखिल श्योराण ने 343.5 के स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

जूनियर पुरुष वर्ग के फाइनल में आद्रियान कर्माकर ने चैंपियनशिप का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीतते हुए 353.2 का स्कोर बनाया, जो कजाखस्तान के रजत पदक विजेता दिमित्री किम से 4.7 अंक अधिक था। भारत के मनवेंद्र सिंह शेखावत ने 338.6 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। (अनंत ज्ञान)

# अंपायर के फैसले का विरोध करने पर नबी पर लगा जुर्माना



**एजेंसी, नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के अनुभवी ऑलराउंडर मोहम्मद नबी पर अंपायर के फैसले का विरोध करने के चलते मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह कार्रवाई दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को खेले गए मुकाबले के दौरान हुई घटना के बाद की गई। यह घटना अफगानिस्तान की पारी के 14वें ओवर में हुई, जब नबी ने दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी के कलाई बैंड (व्रिस्ट बैंड) को लेकर अंपायरों से लंबी बहस की। अंपायर के फैसले पर आपत्ति जताने के कारण उन्होंने आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 का उल्लंघन किया। आईसीसी ने गुरुवार को जारी बयान में बताया कि नबी ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और अमीरात आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी के डेविड गिल्बर्ट द्वारा प्रस्तावित सजा को मान लिया है। इसके चलते औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं पड़ी। पिछले 24 महीनों में यह उनका पहला अपराध था, इसलिए उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। (अनंत ज्ञान)

# बीसीसीआई अधिकारियों से मुलाकात करेंगे बीसीबी प्रमुख

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम 'बुलबुल' 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले भारत-पाकिस्तान टी20 वर्ल्ड कप मुकाबले के दौरान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों से मुलाकात कर सकते हैं। उन्होंने संकेत दिया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की पहल पर आयोजित यह बैठक दोनों बोर्डों के बीच हालिया तनाव को कम करने की दिशा में अहम कदम साबित हो सकती है। बांग्लादेश के प्रमुख अखबार प्रोथम अलो से बातचीत में अमीनुल इस्लाम ने बताया कि इस हाई-प्रोफाइल मैच के लिए उन्हें आईसीसी की ओर से आमंत्रण मिला है। उन्होंने कहा, 'आईसीसी ने फैसला किया है कि एशिया के पांच प्रमुख क्रिकेट देश-भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान-के प्रतिनिधि 15 फरवरी को भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान एक साथ मौजूद रहें, मैच देखें और आपस में बातचीत करें।' जब उनसे पूछा गया कि क्या यह बैठक बीसीसीआई के साथ रिश्ते सुधारने का मौका हो सकती है, तो उन्होंने कहा, 'आप इसे उसी तरह समझ सकते हैं।' अमीनुल इस्लाम ने कहा कि भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए बीसीबी एक औपचारिक समझौता (एमओयू) करना चाहता है। हम लाइन-बाय-लाइन एक समझौता करेंगे ताकि किसी तरह की अनिश्चितता न रहे। आईसीसी के साथ इस संबंध में चर्चा लगभग अंतिम चरण में है। (अनंत ज्ञान)

# पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 2027 वर्ल्ड कप खेलने को तैयार

## बोले-देश के लिए एक और आईसीसी ट्रॉफी जीतना मेरा लक्ष्य

**एजेंसी, नई दिल्ली**




भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने अपने वनडे भविष्य को लेकर जारी अटकलों पर विराम लगा दिया है। 2027 के वनडे वर्ल्ड कप में अपनी भागीदारी को लेकर रोहित ने बड़ा बयान दिया है। टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके रोहित अब केवल वनडे फॉर्मेट में ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हैं। 2027 में जब वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में शुरू होगा, तब रोहित 40 साल के होंगे। हालांकि, रोहित ने साफ किया है कि उनका लक्ष्य अभी भी टीम के साथ वर्ल्ड कप ट्रॉफी उठाना है और वह इसके लिए खुद को फिट रखने के लिए कड़ी मेहनत करने को तैयार हैं।

एक आईसीसी इवेंट के दौरान रोहित ने कहा,'मैं निश्चित रूप से वहां जाना चाहता हूं और अपने देश के लिए वर्ल्ड कप जीतना चाहता हूं। रोहित ने अपनी इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि मुझे 50 ओवर वाले मैच की वर्ल्ड कप ट्रॉफी चाहिए, इसलिए मैं अपनी शक्ति और क्षमता के अनुसार कड़ी मेहनत करने और उसे हासिल करने की पूरी कोशिश करूंगा।' 38 साल के रोहित ने 2024 में भारत के टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया था। वहीं, पिछले साल मई में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया था। (अनंत ज्ञान)

# अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने पीएसएल से वापस लिए नाम

**एजेंसी, काबुल।** अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने पीएसएल के 11वें चरण से पहले हुई खिलाड़ियों की नीलामी से अपने नाम वापस ले लिए। पीएसएल में यह नीलामी पहली बार कराई गई थी। एक फ्रेंचाइजी के मालिक ने शुरू में पुष्टि की थी कि मुजीबुर रहमान, सेद्दीकुल्लाह अटल, मुहम्मद नबी, वकार सलामखेल, फजल हक फारूकी जैसे खिलाड़ियों ने बुधवार को लाहौर में हुई नीलामी के लिए पंजीकरण कराया था, लेकिन पेशावर जाल्मी द्वारा अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज से सीधा करार करने पर हुए विरोध के बाद उन्होंने अपने नाम वापस ले लिए।

हालांकि पीएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलमान नसीर ने कहा कि अफगानिस्तान के कुछ खिलाड़ी नीलामी 'रोल' में थे लेकिन किसी फ्रेंचाइजी ने उन्हें नहीं चुना। नसीर ने दावा किया, 'नीलामी में कुछ अफगानिस्तानी खिलाड़ी थे लेकिन किसी भी फ्रेंचाइजी ने उन्हें नहीं खरीदा।' नसीर ने कहा कि दोनों देशों के बीच खराब रिश्तों का असर नीलामी पर दिखा। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच खराब रिश्तों की वजह से जाल्मी के गुरबाज को शामिल करने से काफी आलोचना हुई। गुरबाज ने पीएसएल से हटने का फैसला किया। इसलिए अन्य खिलाड़ियों ने भी हटने का फैसला किया।' पिछले साल जब पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों को निशाना बनाने के बहाने अफगानिस्तान के कुछ खास इलाकों में हवाई हमले किए थे, तब से दोनों देशों के बीच रिश्ते खराब हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# भारतीय घुड़सवारी महासंघ को आयकर विभाग ने भेजा 4 .62 करोड़ का नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आयकर विभाग ने आयकर अधिनियम 1961 की धारा 156 के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) को पहली बार 4.62 करोड़ रुपए का मांग नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि इस खेल महासंघ को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 4,62,18,102 रुपए की राशि भुगतान करनी होगी।

◆ बैंक में 30 दिन के भीतर जमा करनी होगी राशि

नोटिस की एक प्रति पीटीआई के पास भी है, जिसमें कहा गया है कि निर्धारित की गई राशि नोटिस मिलने के 30 दिनों के भीतर किसी अधिकृत बैंक में जमा करनी होगी। ईएफआई के चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा महासंघ के पदाधिकारियों को लिखे गए पत्र के अनुसार, कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करना और उन्हें आयकर विभाग के समक्ष पेश करना जरूरी था। इस मामले के संबंध में एक अंतिम संचय प्रमाण पत्र भी तैयार किया गया है, लेकिन ईएफआई के महासचिव कर्नल जयवीर सिंह ने पीटीआई को बताया कि ईएफआई कार्यकारी समिति ने दस्तावेज तैयार करने में देरी की जिससे उसे इस स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा, 'कार्यकारी समिति के सभी सदस्यों द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित यह संचय प्रमाण पत्र आयकर विभाग के पास जमा करना जरूरी था। इस दस्तावेज़ को प्रस्तुत न करने के कारण यह पत्र जारी किया गया है। आयकर नियमों के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार महासंघ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।' 'संचय प्रमाणपत्र' से तात्पर्य आम तौर पर उस दस्तावेज़ से है जिसे कोई संगठन चालू वर्ष में कर लगाए बिना भविष्य में उपयोग के लिए आय अलग रखने के लिए दाखिल करता है।

कर्नल जगत सिंह के नेतृत्व वाले महासंघ ने अधिनियम की धारा 11 से संबंधित प्रावधानों के तहत केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड से अनुमोदन हासिल नहीं किया था, जो कुछ विदेशी लेन देन से जुड़े मामलों में जरूरी होता है। ईएफआई अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी निकाय से संबद्ध होने के कारण राष्ट्रीय खेल महासंघ के रूप में संबद्धता शुल्क, भागीदारी राशि और संबंधित अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के लिए विदेशों में धन भेजता है। नोटिस में कहा गया है कि निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान न करने पर प्रत्येक माह एक प्रतिशत की दर से साधारण ब्याज लगेगा। (अनंत ज्ञान)

**टी-20 वर्ल्ड कप** टी-20 विश्व कप टूर्नामेंट में अपने दूसरे ही मैच में हासिल की शानदार जीत

# इटली ने नेपाल को 10 विकेट से दी करारी शिकस्त

**एजेंसी, मुंबई**

इटली ने टी-20 विश्व कप पदार्पण में अपने दूसरे ही मैच में शानदार प्रदर्शन किया और ग्रुप सी मैच में नेपाल को 44 गेंद रहते 10 विकेट से रौंदकर आईसीसी टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की।

इटली के स्पिनरों ने अनुशासित गेंदबाजी करते हुए नेपाल की पूरी टीम को 19.3 ओवर में महज 123 रन पर समेट दिया। इसके बाद उसने एंथोनी मोस्का (नाबाद 62 रन) और जस्टिन मोस्का (नाबाद 60 रन) के बीच अटूट साझेदारी से 12.4 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर शानदार जीत हासिल की।







मोस्का बंधुओं में से बड़े भाई एंथोनी ने 32 गेंद की नाबाद पारी में छह छक्के और तीन चौके जड़े जबकि छोटे भाई जस्टिन ने 44 गेंद की नाबाद पारी के दौरान तीन छक्के और पांच चौके जमाए। यह इटली के लिए टी-20 विश्व कप इतिहास का दूसरा ही मैच था। पिछले मैच में उसे कोलकाता में स्कॉटलैंड से 73 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मुकाबले में नेपाल को जीत का दावेदार माना जा रहा था जिसने इसी स्थल पर इंग्लैंड को कड़ी चुनौती दी थी। लेकिन उनका कोई भी बल्लेबाज इटली की सटीक स्पिन गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के सामने नहीं टिक सका। नेपाल ने अपने सर्वश्रेष्ठ स्पिनर संदीप लामिचाने को इस्तेमाल में भी बहुत बाद में किया। इंडियन प्रीमियर लीग सहित कई टी20 टूर्नामेंट खेल चुके लामिचाने को तब गेंदबाजी के लिए लगाया गया जब इटली के सलामी बल्लेबाज 58 रन बना चुके थे। इटली के सलामी बल्लेबाजों ने प्रति ओवर करीब 10 रन बनाए और नेपाल किसी भी मौके का फायदा नहीं उठा सका जिससे वानखेड़े स्टेडियम में मौजूद बड़ी संख्या में उसके प्रशंसकों को काफी निराशा हुई।

इटली के लिए बेन मानेंटी ने नौ रन दकर दो, जबकि कृशन कालुगामागे ने 18 रन देकर तीन विकेट झटके। सटीक लाइन एवं लेंथ के साथ इटली के क्षेत्ररक्षकों ने भी शानदार प्रदर्शन किया जिससे नेपाल के खिलाड़ी दबाव में रहे। नेपाल के लिए आरिफ शेख ने सर्वाधिक 27 रन और कप्तान रोहित पौडेल ने 23 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)